खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 21°C
न्यूनतम : 10°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 20 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 187 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 2 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कौशल विभाग से सीधी सरकारी नौकरी नहीं: कपिल देव अग्रवाल पेज 2



जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को भी हराया, ग्रुप स्टेज के चारों मैच जीते खेल टाइम्स



एआई : जीवनसाथी या रचनात्मकता का शत्रु सम्पादकीय



ईरान पर इसी हफ्ते हमला करेगा अमेरिका! पेज 12

## दूसरा रोज़ा

### रोज़ा ईमान की कसावट



रोजा ईमान की कसावट है। रोजा सदाकत की तरावट और दुनियावी ख्वाहिशों पर रुकावट है। दिल अल्लाह के जिक्र की ख्वाहिश कर रहा है, तो रोजा इस ख्वाहिश को रवानी देता है और ईमान को नेकी की खाद और पाकीजगी का पानी देता है, लेकिन रोजा रखने पर दिल दुनिया की ख्वाहिश करता है, तो रोजा इस पर रुकावट पैदा करता है। मुकद्दस रमजान में अल्लाह का फरमान है, कुरआन पाक के मानने वालों रोजा तुम पर फर्ज है।

# चेन्नई में 15 अरब डॉलर के AI हब का ऐलान

## भारत में बदलाव की रफ्तार अद्भुत, एआई समिट में बोले गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने भारत की तेजी से बदलती तस्वीर पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत लौटना हमेशा खास होता है, क्योंकि हर दौरे में उन्हें देश में हो रहे बदलाव की रफ्तार और भी तेज नजर आती है।

पिचाई ने कहा कि देशभर में टेक्नोलॉजी और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर परिवर्तन हो रहा है, जो भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दे रहा है। अपने छात्र जीवन की यादें साझा करते हुए उन्होंने बताया कि जब वे आईआईटी खड़गपुर में पढ़ाई के



दौरान विशाखापत्तनम से होकर गुजरते थे, तब वह एक साधारण तटीय शहर था। आज वही शहर वैश्विक एआई हब के रूप में उभर रहा है। पिचाई ने घोषणा करते हुए कहा कि गूगल वहां 15 अरब डॉलर के निवेश के तहत एक फुल-स्टैक -**शेष पृष्ठ दो पर**

### अगले सात साल में 10 लाख करोड़ का निवेश करेंगे: मुकेश अंबानी



**नई दिल्ली।** एआई इंपैक्ट समिट में भारत के अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी ने भी बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि एआई का सबसे अच्छा दौर आना अभी बाकी है। एआई कई क्षेत्रों में नए दौर की शुरुआत कर सकता है। उन्होंने कहा कि दुनिया इस बात पर बहस कर रही है कि क्या एआई के कारण ताकत कुछ लोगों के हाथों में सिमट जाएगी। या एआई सभी के लिए मौके और सबके लिए आसान अवसर का माध्यम बनेगा। उन्होंने मौजूदा दौर में कृत्रिम बुद्धिमता के असर को रेखांकित करते हुए कहा कि आज एआई को लेकर दुनिया दोराहे पर खड़ी है।

### इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भाषण नहीं देंगे बिल गेट्स



**नई दिल्ली।** 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में वैश्विक तकनीकी हस्तियों की भागीदारी के बीच माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने अपना निर्धारित मुख्य भाषण रद्द कर दिया है। गेट्स फाउंडेशन ने एक्स पर जानकारी दी है कि समिट में उनके स्थान पर फाउंडेशन के अफ्रीका और भारत कार्यालयों के अध्यक्ष अंकुर वोरा सम्मेलन में प्रतिनिधित्व करेंगे और संबोधन देंगे। यह निर्णय ऐसे समय में आया है जब हाल में जारी दस्तावेजों में दिवंगत अमेरिकी वित्तीय कारोबारी जेफ्री एपस्टीन से गेट्स के कथित जुड़े होने के संबंध में ईमेल संवाद उजागर हुआ है।

# डीपफेक रोकने के लिए एआई कंटेंट पर लेबल लगे: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के भारत मंडपम में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के चौथे दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फार्मूला दिया। पीएम ने कहा कि जैसे खाने के पैकेट पर न्यूट्रिशन लेबल होता है, वैसे ही डिजिटल कंटेंट पर भी ऑथेंटिसिटी लेबल होना चाहिए, ताकि फर्क पता चल सके।

समिट को गुरुवार को नरेंद्र मोदी और मुकेश अंबानी के अलावा गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सैम ऑल्टमैन जैसे लीडर्स ने संबोधित किया। 16 फरवरी से शुरू समिट 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें आज 110 से ज्यादा देश, 20 से



■ **एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में प्रधानमंत्री ने एआई के सुरक्षित इस्तेमाल का नया फॉर्मूला दिया**

ज्यादा देशों के प्रमुख और करीब 100 सीईओ और फाउंडर्स शामिल हुए हैं।




# फ्री खाना मिलेगा, तो लोग काम क्यों करेंगे: सुप्रीम कोर्ट

## अदालत ने कहा: मुफ्त बिजली-पानी देने से काम करने की आदत खत्म हो जाएगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फ्रीबीज कल्चर (मुफ्त की रेवड़ियां) पर कहा कि अगर सरकार लोगों को सुबह से शाम तक फ्री खाना, गैस और बिजली देती रहेगी, तो लोग काम क्यों करेंगे। ऐसे तो काम करने की आदत खत्म हो जाएगी। सरकार को रोजगार देने पर फोकस करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाई है।

दरअसल, राज्य सरकार ने कुछ समुदायों के लिए बिजली टैरिफ में सब्सिडी स्कीम की घोषणा की थी। कोर्ट ने कहा कि गरीबों की मदद करना समझ में आता है, लेकिन बिना फर्क किए सबको मुफ्त सुविधा देना सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इसमें कंज्यूमर्स की फाइनेंशियल हालत की परवाह किए बिना सभी को फ्री बिजली देने का प्रस्ताव था। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि देश के ज्यादातर राज्य राजस्व घाटे में हैं और फिर भी वे विकास को नजरअंदाज करते हुए मुफ्त की घोषणाएं कर रहे हैं। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि आपको लोगों के लिए रोजगार के रास्ते बनाने चाहिए, ताकि वे कमा सकें और अपनी इज्जत और आत्म सम्मान बनाए रख सकें। जब उन्हें एक ही जगह से सब कुछ मुफ्त मिल जाएगा, तो लोग काम क्यों करेंगे। क्या हम ऐसा ही देश बनाना चाहते हैं? अचानक चुनाव के आसपास स्कीम क्यों अनाउंस की जाती हैं? अब समय आ गया है कि सभी पॉलिटिकल पार्टियां, नेता फिर से सोचें। अगर हम इस तरह से उदारता दिखाते रहे, तो हम देश के डेवलपमेंट में रुकावट डालेंगे। एक बैलेंस होना चाहिए। ऐसा कब तक चलेगा। हम भारत में कैसी संस्कृति विकसित कर रहे हैं, यह समझ में आता है कि कल्याणकारी योजना के तहत आप उन लोगों को राहत दें, जो बिजली का बिल नहीं चुका सकते। जो लोग भुगतान करने में सक्षम हैं और जो नहीं हैं, उनके बीच कोई फर्क किए बिना मुफ्त सुविधा देना क्या तुष्टीकरण की नीति नहीं है। सुप्रीम कोर्ट तमिलनाडु पावर डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कंपनी ने 2024 के विद्युत संशोधन नियमों के नियम 23 को चुनौती दी है। इसमें उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना सभी को मुफ्त बिजली देने का प्रस्ताव है। राज्य सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को हर दो-महीने में लगभग 100 यूनिट तक मुफ्त बिजली देती है, बिना किसी शर्त के यानी उपभोक्ता चाहे कितना भी खर्च करे, पहली 100 यूनिट के लिए बिल नहीं देना होता। कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने यह भी पूछा कि बिजली दरों की घोषणा के बाद तमिलनाडु की कंपनी ने अचानक मुफ्त बिजली देने का फैसला क्यों किया।

**फ्रीबीज कल्चर को लेकर शीर्ष अदालत ने कहा लोगों को रोजगार दें सरकारें**



## पांच मई से सीएए मामले में अंतिम सुनवाई होगी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली 200 से ज्यादा याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई 5 मई से शुरू होगी।

बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय दिया जाएगा। अदालत ने बताया कि सुनवाई 12 मई तक पूरी कर ली जाएगी इनमें इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की याचिका भी शामिल है।

■ **याचिकाकर्ताओं को अपनी दलील रखने के लिए डेढ़ दिन और केंद्र सरकार को एक दिन का समय मिलेगा**

# उत्तराखंड हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उच्च न्यायालय को त्वरित खाली कराया गया**

**जांच पड़ताल में कुछ भी नहीं मिला संदिग्ध**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के विभिन्न अदालतों में आरडीएक्स रखे होने के धमकी भरे मेल पिछले तीन-चार दिन से लगातार मिल रहे हैं। गुरुवार को इसी तरह का एक मेल उत्तराखंड हाईकोर्ट भी पहुंचा, जिसमें कोर्ट परिसर को खाली करने अल्टीमेटम दिया गया था, साथ ही दोपहर के समय विस्फोट किए जाने की धमकी दी गई। इस धमकी के कारण गुरुवार को पूर्वान्ह में कोर्ट का कामकाज रोकना पड़ा।

बता दें कि गुरुवार की पूर्वान्ह में इस मेल की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारी-कर्मचारी समेत बम निरोधक दस्ते समेत डॉग स्क्वाड आदि के साथ मौके पर पहुंचे, जिसके बाद कोर्ट रूम खाली कराए गए और हाईकोर्ट के सभी प्रमुख गेटों पर पुलिस बल तैनात कर हाईकोर्ट में प्रवेश कर रहे लोगों की गहन तलाशी ली गई। इस दौरान हाईकोर्ट के अधिवक्ता बार सभागार के बाहर व मंदिर के सामने प्रांगण में जमा रहे। डॉग स्क्वाड व बम निरोधक दस्ते ने सभी कोर्ट सहित रजिस्ट्री ऑफिस व अन्य अनुभागों का गहन छानबीन की लेकिन छानबीन में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। वहीं, हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने इस धमकी के बाद हाईकोर्ट परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने पैवेलियन होटल से गेट नंबर 7 तक सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों को हटाने को कहा, ताकि आपातकालीन स्थिति में सड़क में आवागमन सामान्य हो, उनके साथ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत, महासचिव सौरभ अधिकारी तथा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार सहित अन्य अधिवक्ता भी शामिल थे। हाईकोर्ट में बलास्ट किये जाने का धमकी भरा ई-मेल प्राप्त होने के बाद हाईकोर्ट में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है।



### आईजी दिखीं एक्टिव मोड में

**नैनीताल।** आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने बताया कि हाईकोर्ट में धमकी भरा ई-मेल प्राप्त होने के बाद बम निरोधक दस्ते व डॉग स्क्वाड द्वारा की गई गहन छानबीन ने कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

हाईकोर्ट में स्थानीय पुलिस के साथ ही एसटीएस तथा पीएसी तैनात की गई है। अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के धमकी भरे मेल पिछले कई दिनों से नैनीताल जिले के अलावा अल्मोड़ा, बागेश्वर तथा पिथौरागढ़, चंपावत, उत्तरकाशी, देहरादून व हरिद्वार में भी आए हैं। बताया कि सभी ईमेल पर विधित कार्यवाही चल रही है और एसटीएफ की टीम आईपी एड्रेस ट्रेस करने के लिए केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित किए हुए है, जिसमें अब तक मिले तथ्यों में ये मेल विदेशों से भी आई हैं, जिनका गहनता से परीक्षण किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली सहित 22 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को देशभर में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की घोषणा कर दी है। चुनाव आयोग के सचिव पवन दीवान ने उत्तराखंड, दिल्ली समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) को लेटर लिखकर एसआईआर से जुड़ी तैयारी का काम जल्द से जल्द पूरा करने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने लेटर में बताया कि दिल्ली, कर्नाटक सहित शेष 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों मेंएसआईआर प्रक्रिया अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। लेटर में आगे कहा गया है कि चुनाव आयोग ने पिछले साल 24 जून को आदेश दिया था कि पूरे देश मे एसआईआर किया जाएगा।

### कुलदीप सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई समेत सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है। उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता ने कुलदीप सिंह सेंगर समेत दोषियों की सजा बढ़ाने की मांग करते हुए अर्जी दाखिल की थी। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव हिरासत में मौत मामले में एक सख्त कदम उठाया है। कोर्ट ने इस मामले में कुलदीप सिंह सेंगर और सीबीआई सहित सभी दोषियों को नोटिस जारी किया है।

# कांग्रेस का दावा: राहुल गांधी को मिली गोली मारने की धमकी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने गुरुवार को यह दावा किया। उन्होंने धमकी वाला वीडियो भी सोशल मीडिया एक्स पर शेयर किया है।

पवन खेड़ा ने लिखा कि पूरा आरएसएस-भाजपा तंत्र एक गोडसे फैक्ट्री है। तथाकथित करणी सेना द्वारा राहुल गांधी और '25 सांसदों' के खिलाफ दी गई धमकी कोई अलग-थलग पड़ी घटना नहीं है। यह एक सुनियोजित और कपटपूर्ण साजिश का हिस्सा है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि कट्टरपंथ ऐसे ही काम करता है। वे पहले एक झूठ बनाते हैं, पॉलिटिकल अथॉरिटी उसे आगे बढ़ाती हैं और तब तक फैलाती हैं, जब तक उनके फालोअर्स के मन में नफरत और हिंसा नहीं भर जाती। तब भी गोडसे बनाया गया था। आज फिर एक और गोडसे को तैयार किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद कोटा पुलिस ने आरोपी राज आमेरा को पकड़ लिया है। न्यूज एजेंसी के रिपोर्टर ने राजा आमेरा से बात की। उसने कहा कि मुझे वीडियो की जानकारी नहीं है। विपक्ष ने फेक आईडी बनाकर वीडियो बनाया है। मैं सनातन से जुड़ा हुआ हूं। देश को हिंदू राष्ट्र बनाना चाहता हूं। पुलिस के पकड़ने पर आमेरा ने हाथ जोड़कर कहा कि मुझे वीडियो के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वीडियो में खुद को करणी सेना का बताते हुए शख्स ने संसद में ओम बिरला के चैंबर में हुई घटना का जिक्र किया। शख्स की पहचान राज आमेरा के रूप में हुई है। वह कोटा के उद्योग नगर का है। करणी सेना का संभागीय प्रवक्ता है। करीब 3 दिन पहले ही प्रवक्ता बनाया गया है। राज आमेरा ने कहा कि ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष के 25 सांसदों ने जो बदतमीजी की है। वह बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस सब के पीछे राहुल गांधी जिम्मेदार हैं। मैं चेतावनी देता हूं अगर दोबारा ऐसी घटना हुई तो उन 25 सांसदो के घर में तोड़फोड़ करेंगे और राहुल गांधी सुन लें उनके घर में घुसकर गोली मारेंगे। इसका जिम्मेदार प्रशासन होगा। मेरी मांग है कि उन 25 सांसदों पर कार्रवाई हो। मोदी सरकार में मंत्री किरेन रिजिजू को जो बयान सामने आया, उसे सुनने के बाद हम लोग काफी गुस्से में हैं। मेरी इस धमकी के बाद अगर मुझे जेल हो जाए, तो मुझे कोई दिक्कत नहीं है। पवन खेड़ा ने धमकी वाला वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि पहले किरेन रिजिजु ने झूठ बोला। उन्होंने देश को गुमराह किया कि कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा में ओम बिरला का अपमान किया। फिर भाजपा सांसदों ने यह दोहराना शुरू किया कि राहुल गांधी भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं।



■ **पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने करणी सेना के कार्यकर्ता का वीडियो शेयर किया**

■ **आरोपी कोटा राजस्थान से पकड़ा गया**

# गगनयान मिशन के ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन टेस्ट सफल

**नई दिल्ली।** भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान के लिए ड्रोग पैराशूट का क्वालिफिकेशन लेवल लोड टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा हुआ।

क्वालिफिकेशन लेवल टेस्ट में अधिकतम उड़ान भार से ज्यादा लोड डालकर पैराशूट की मजबूती और सुरक्षा मार्जिन की जांच की गई। इस टेस्ट के बाद पक्का हुआ कि भारत मजबूत और बड़ी क्षमता वाले रिबन पैराशूट को डिजाइन और बनाने में पूरी तरह सक्षम है। साथ ही पैराशूट असली मिशन जैसी परिस्थितियों में भी सुरक्षित और ठीक तरह से काम करेगा। गगनयान मिशन में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाने के लिए ड्रोग पैराशूट बहुत जरूरी है। जब कैप्सूल पृथ्वी के वातावरण में लौटता है, तो यही पैराशूट उसकी तेज गति को कम करने में मदद करता है। यह टेस्ट बुधवार (18 फरवरी) को चंडीगढ़ स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक्स रिसर्च लेबोरेटरी (टीबीआरएल) की रेल ट्रैक राकेट स्लेड सुविधा में किया गया।

■ **डीआरडीओ ने ज्यादा लोड डालकर किया चेक, ये एस्ट्रोनाट्स की धरती पर वापसी में जरूरी**

## एक नजर

### हादसे में बाइक सवार दंपति घायल

**नगीना।** थाना नगीना देहात क्षेत्र के राजपुरा गांव के पास दोपहर एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बिजनौर रेफर किया गया है। घायलों की पहचान थाना मेरठ के शिवखेड़ा निवासी अनुज (30 वर्ष) पुत्र गंगाराम व मूल रूप से थाना अफजलगढ़ के ग्राम अनवरपुर चंडलिया निवासी पूजा (20 वर्ष) पुत्री नरसिंह के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार पति-पत्नि सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने बताया कि दोनों घायलों को अत्यंत गंभीर अवस्था में लाया गया था। प्राथमिक उपचार के दौरान उनके शरीर में गंभीर चोटें पाई गईं। बेहतर उपचार के लिए उन्हें तत्काल जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया गया।

### बहुजन समाज पार्टी की बैठक



**बिजनौर।** आज बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र 22 बिजनौर की एक बैठक हुई। बैठक में डीपी सिंह मुख्य मंडल प्रभारी एवं रोहिताश सिंह जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में विधानसभा बिजनौर को दो जोन में बाटकर 10-10 बूथों का एक सेक्टर बनाकर 426 बूथों को 43 सेक्टर में बांटा गया। जॉन वाइस दो कार्यवाही रजिस्टर दिए गए। पहले जॉन में 226 बूथ व 24 सेक्टर तथा दूसरे जोन में 200 बूथ व 19 सेक्टर रखें गए। पहले जॉन में विधानसभा प्रभारी कविराज सिंह व विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कुमार तथा विधानसभा कोषाध्यक्ष मौहम्मद अली व मोहन सैनी को जिम्मेदारी सौंपी गई। दूसरे जोन में विधानसभा प्रभारी समर सिंह एड. व विधानसभा महासचिव अरविंद कुमार तथा विधानसभा सचिव वीर सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई। संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सेक्टर कमेटी व बूथ कमेटी को दोबारा गठित करने व मजबूत पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिए गए। मिशनरी कार्यकर्ताओं को ही इस कार्य में लगाया जाएगा। जॉन वाइज साप्ताहिक कार्यक्रम बनाकर क्षेत्र में बैठक करके महापुरुषों के मिशन मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए कैडर देंगे तथा बूथ व सेक्टर के पदाधिकारियों को मेंबर बनाकर पार्टी के जनाधार को बढ़ाएंगे। 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी को हर हाल में सत्ता में लाने का संकल्प लिया गया। बैठक में विजेंद्र कश्यप जिला संयोजक भाईचारा कमेटी, संजीव कुमार सैनी जिला महासचिव, ब्रह्मपाल सिंह पूर्व मंडल प्रभारी, समर सिंह एड. व कविराज सिंह विधानसभा प्रभारी एवं प्रमोद कुमार विधानसभा अध्यक्ष, मोहन सैनी, विपिन कुमार, मोनू कुमार, अमर सिंह आदि उपस्थित रहे ।

### गौशाला व विदुर कैफे का उद्घाटन



**अफजलगढ़।** सीडीओ रणविजय सिंह तथा डिप्टी कमिश्नर (एनआरएलएम) वीरेंद्र कुमार यादव ने स्थानीय ब्लॉक क्षेत्र में कालागढ़ मार्ग स्थित अगवानपुर गौशाला का फीता काट कर उद्घाटन किया। गौशाला के उद्घाटन पर खण्ड विकास अधिकारी मनवीर सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह, ग्राम प्रधान कैलाश चंद व ग्राम सचिव इरफान अहमद मंसूरी मौजूद रहे। उसके बाद ब्लॉक कार्यालय कासमपुर गढ़ी पहुंच कर ब्लॉक परिसर में महक समूह द्वारा संचालित विदुर कैफे का उद्घाटन किया। इस मौके पर समूह की अध्यक्ष नेहा पाल, नितेश पाल, रेनू पाल व दीपा देवी आदि मौजूद थी। उसके बाद दोनों अधिकारियों ने खंड विकास कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया तथा संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारी मनवीर सिंह तथा ब्लॉक प्रमुख प्रदीप कुमार उर्फ बबली आदि समस्त ग्राम सचिव मौजूद थे।

### सरकार जनता का कर रही उत्तीड़न



**कालागढ़।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को सावन का अंधा बताते हुए कहा कि भाजपा महेन्द्र भट्ट ऐसे अंधे हैं। जो सत्ता के सुख में हर वक्त हरा-हरा ही नजर आता है। कांग्रेस की सफल रैली पर गलत टीका टिप्पणी करने वाले भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट पर निशाना साधते हुए धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि देहरादून का हर व्यक्ति जानता है कि कांग्रेस की रैली ऐतिहासिक रही है। भाजपा में कुछ नेता ऐसे है झूठ बोलने में अपना पहला नंबर बनाने में लगे हुए हैं। धीरेंद्र प्रताप ने आगे बताया कि सत्ता में रहकर महेंद्र भट्ट सत्ता के नशे में चूर हो गए हैं और उन्हें यह दिखाई नहीं देता कि धीरे-धीरे भाजपा से जनता का मोहभंग होने लगा है। भजापा का दम निकलने के कगार पर है और अब जनता धीरे-धीरे सत्ता परिवर्तन की ओर है। भाजपा अब चंद दिनों की मेहमान है। जनता से किए वादे पूरे नहीं हुए। महंगाई चरम सीमा पर है। गरीब मर-मर कर जी रहा है। लोग महंगाई, बेरोजगारी महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों, सड़कों की खस्ता हालत सरकार चलाने में सरकार की पूर्ण सफलता जैसे कई सवालों से तंग आ चुके है। विकास का पहिया तो जाम हो चुका है। इसीलिए जनता भाजपा से निजात भी पाना चाहती है। भाजपा ने धर्म का जोला ओढ़ रखा। विकास के नाम पर विराम लगा दिया है। विकास के नाम फर्जीवाडा हो रहा है। कुछ लोग गरीब के पेट पर लात मारकर अपना पेट भरने में लगे हुए है। ज्यादा दिनों का सपना देखने वाली सरकार सत्ता से बाहर का रास्ता देखने के कगार पर है। जल्दी ही भाजपा का पतन होगा।

# स्योहारा में ट्रक चालक की हत्या

## गन्ना मिल के पक्का प्लाट में गन्ना उतारने को लेकर खूनी संघर्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** कस्बे की गन्ना मिल के पक्का प्लाट में गन्ना उतारने और टोकन लेने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक खूनी संघर्ष में बदल गया। विवाद के दौरान एक ट्रक चालक ने दूसरे चालक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मिल परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। मृतक की पहचान सलमान (26 वर्ष) पुत्र नसरूला निवासी मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि गन्ना उतारने के लिए ट्रकों की लंबी कतार लगी हुई थी। इसी दौरान टोकन पहले लेने को लेकर दो चालकों के बीच कहासुनी हो ई जो देखते-ही-देखते बढ़कर मारपीट में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान एक चालक ने अचानक धारदार हथियार निकालकर सलमान पर कई वार कर दिए। हमला इतना अचानक था कि आसपास मौजूद लोग संभल नहीं पाए और सलमान गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। साथी चालकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। वारदात के बाद मिल परिसर में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। एहतियातन पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ट्रक चालकों में आक्रोश और भय का माहौल है।

## साहनपुर में शराब पीने के बाद व्यक्ति की हालत बिगड़ी, मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** साहनपुर पेट्रोल पंप के पास रहने वाले प्रभात की मौत शराब का सेवन करने से हो गई । मृतक प्रभात के भाई राकेश कुमार पुत्र छोटेलाल ग्राम उमरपुर मीरा, थाना कोतवाली शहर बिजनौर के द्वारा मृतक का पोस्टमार्टम की मांग की गई है, जिससे मौत के सही कारण का पता चल सके।

थाना प्रभारी नजीबाबाद राहुल कुमार को तहरीर देकर बताया गया कि मेरा भाई प्रभात पुत्र छोटेलाल ग्राम उमरपुर मीरा थाना कोतवाली शहर बिजनौर अपनी पत्नी कल्पना के साथ साहनपुर पैट्रोल पम्प के पास मकान में रहता था। आरोप यह है कि पारिवारिक क्लेश के चलते प्रभात की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के भाई द्वारा तहरी देकर मृतक प्रभात के शव का पोस्टमार्टम करने की मांग की गई है। आरोप यह है कि मृतक प्रभात के अंतिम संस्कार के लिए बिना परिवार वालों के शमशान ले जाया और चिता में आग दे दी गई समय पर पहुंचकर परिवार वालों ने चिता की आग को बुझाया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

मृतक की पत्नी कल्पना स्वास्थ्य विभाग में आशा के पद पर कार्य करती है। उसका कहना है कि कल बुधवार शाम 6:30 बजे प्रभात शराब पीने के बाद अपने घर पहुंचा और अपनी हालत सही न बताते हुए कहने लगा कि मुझे बचा लो प्रभात को इलाज के लिए नजीबाबाद के लाइफ लाइन हॉस्पिटल भेजा गया। जहां से डॉक्टर ने उन्हें हालत गंभीर देखते हुए बिजनौर के लिए रैफर कर दिया। रास्ते में इलाज को ले जाते हुए प्रभात की मौत हो गई।

## शिव पुराण समापन के बाद पांच निर्धन कन्याओं का विवाह कराया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** गादला स्थित प्राचीन कुटी आश्रम पर चल रही नौ दिवसीय शिवपुराण कथा का विधि विधान के साथ समापन किया गया। इसके उपरांत दीपा दृष्टि फेडरेशन की ओर से हिंदू रीति रिवाज से गरीब परिवारों की पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया गया।

दीपा दृष्टि फेडरेशन रेहड़ के तत्वावधान में गादला स्थित प्राचीन कुटी आश्रम में 10 फरवरी से वृंदावन से आए कथावाचक आचार्य आकाश कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12:30 से सायं चार बजे तक शिव पुराण कथा सुनाई जा रही थी। आश्रम में प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु शिव पुराण कथा का श्रवण कर रहे थे। आज दोपहर लगभग 12 बजे शिव पुराण कथा का विश्राम दिवस हुआ। इसके पश्चात दीपा दृष्टि फेडरेशन रेहड़ की ओर से ग्राम शिवपुरी उर्फ सौंपरी, ग्राम हिदायतपुर चौहड़वाला और ग्राम गोवर्धनपुर उर्फ नाबका के गरीब परिवारों की पांच कन्याओं का सामूहिक विवाह पंडित कौशल कुमार शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हिंदू रीति रिवाज से कराया गया। इस दौरान गादला कुटी आश्रम के महंत शंभूदास महाराज, वृंदावन से आए कथावाचक आचार्य आकाश कृष्ण शास्त्री महाराज, दीपा दृष्टि फेडरेशन के अध्यक्ष शुभम कुमार वर्मा, आरएसएस के जिला प्रचारक प्रवीण कुमार, जिला कार्यवाह विपिन, पुष्पेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

# विवेक स्पोर्टस लीग 2026 का शुभारंभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विवेक विश्वविद्यालय की वार्षिक खेल प्रतियोगिता विवेक स्पोर्टस लीग-2026 का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, प्रति कुलाधिपति इं. दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल, कुलपति प्रो. एनके गुप्ता, कुलसचिव डॉ. हितेश शर्मा खेल संयोजक डा. संजय कुमार त्यागी और खेल अधिकारी डॉ. मुकुल कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

आज विवेक स्पोर्टस लीग 2026 के प्रारम्भिक मुकाबलों में शतरंज, बेडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो और क्रिकेट के मैच आयोजित किये गये। शतरंज प्रतियोगिता आयुर्वेदा कॉलिज के हॉल में शुरू हुई जबकि बेडमिंटन के मैच फार्मेसी बेडमिंटन कोर्ट पर खेले गये। अन्य सभी खेल प्रतियोगिताएं विवेक स्पोर्टस ग्राउण्ड नार्थ कैम्पस पर आयोजित किये गये। आज कबड्डी मुकाबलों में ध्यानचंद हाउस ने मनु भाखर हाउस पर, राठोर हाउस ने सिंधु हाउस तथा मिल्खा हाउस ने ध्यानचंद हाउस पर जीत दर्ज की। मिल्खा हाउस अधिकतम अंकों के साथ अपने पूल में पहले स्थान पर रहा। वालीबॉल मुकाबलों में मनु हाउस ने ध्यानचंद हाउस पर, मिल्खा हाउस ने बिन्द्रा हाउस पर जीत दर्ज की। क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में मिल्खा हाउस ने सिंधु हाउस पर सात विकेट से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे क्रिकेट सेमीफाइनल में बिन्द्रा और मनु भाखर के मध्य कांटे का मुकाबला हुआ, जिसमें मनु भाखर ने जीत दर्ज करते हुए फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया।

इन सभी खेलों के फाइनल मुकाबले 21 फरवरी को होने है। कल एथलीट की सभी प्रतियोगिताएं होनी है। जिसमें रेस, रिले रेस, लम्बी कूद, शॉटपूट, डिस्क थ्रो और टग ऑफ वार की प्रतियोगिताएं होगी। खेल आयोजन समिति में डा. विशाल कुमार, डा. अनिल पटेल, इं. प्रखर अग्रवाल, प्रियांशु शहरावत, प्रांशु कुमार, आशीष शर्मा ने खेलों को व्यवस्थित ढंग से पूरा करायेगे।

आयोजन को सफल बनाने में विश्वजीत सिंह, डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. दिप्ती डिमरी, डॉ. रंगनाथन, अभय प्रताप सिंह, विपुल अग्रवाल, सौरभ कुमार, मेहजबीन, तृप्ति सिंह, निधि सिंह, प्रदीप कुमार शर्मा, नदीम आदि का योगदान रहा।

# मुशायरे में शायरों ने लूटी वाहवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** मुंबई के मालाड पत्रकार विकास फाउंडेशन यूपी बिजनौर के वेलफेयर ट्रस्ट और आइडियल वेलफेयर ट्रस्ट मुशायरा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मुशायरा का आगाज समाजसेवी जाबिर सैठ ने किया।

मालाड विधानसभा के कांग्रेस पार्टी के विधायक असलम शेख ने फीता काट कर मुशायरा का आगाज यूसुफ पठान के नाते पाक से हुआ। क्या खबर थी आएगा इक रोज ऐसा वक्त भी मेरी गोयाई तेरा मुंह देखती रह जाएंगी। शायरों ने एक से बढ़कर एक शेर सुनाए। इस मौके पर पत्रकारों, समाजसे. वियों, पत्रकार मुजाहिद फारूकी को समाजसेवी जाबिर सैठ ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कांग्रेस नेता शबनम शेख पठान, युसुफ राणा, चांदनी खान, सय्यद अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे। मुशायरा देर रात तक चला। शायरों ने खूब वाहवाही बटोरी।

कांग्रेस विधायक असलम शेख ने कहा है कि उर्दू की मिठास मौहब्बत की मिठास है। हम सबको मौहब्बत व इंसानियत भाईचारे का पैगाम देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मालाड मालोनी की गरीब जनता के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर वक्त खड़ा हूं। किसी को भी घबराने की जरूरत नहीं है। यहां पर सरकार असलम शेख की है। समाजसेवी जाबिर सैठ ने कहा कि मुशायरा होते रहना चाहिए। मुशायरा से उर्दू जिंदा रहती है। उन्होंने कहा जब भी मुशायरा कराने की मेरी जरूरत पड़ेगी में हर वक्त तैयार रहूंगा। हर किसी के लिए मेरे घर के दरवाजे हर वक्त खुलें है। जाबिर सेठ ने कहा कि सभी धर्मों के लोगों को आपसी भाईचारा कायम रखना चाहिए। एक दूसरे की मदद करें। यही इंसानियत है।

## एक नजर

### हादसे में बुजुर्ग की मौत



**अफजलगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला निवासी मौहम्मद जाहिर (70 वर्ष) पुत्र मौहम्मद ताहिर अपने साथी अब्दुल सत्तार (50 वर्ष) पुत्र अब्दुल समद के साथ स्कूटी द्वारा कहरीपुर जंगल अपने खेत पर जा रहे थे कि वादीगढ़-कहरीपुर मार्ग पर छतरीपट्टा के समीप पांच बड़ों पर लापरवाही से तीव्र गति से आ रही कार यूपी 20सीयू 7964 ने टक्कर मार दी तथा चालक कार छोड़कर फरार हो गया। दोनों स्कूटी सवार रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही वादीगढ़ चौकी पुलिस ने बेहोशी की हालत में दोनों घायलों को पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने गंभीर स्थिति देखते हुए मौहम्मद जाहिर को हायर सेंटर रैफर कर दिया। इलाज के लिए बिजनौर जाते हुए उन्होंने दम तोड़ दिया। मौहम्मद जाहिर की मौत की खबर सुनते हि परि. जनों सहित ग्राम में कोहराम मच गया। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### तमंचा लहराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**हल्दौर/झालू।** कस्बा झालू के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह के दौरान तमंचा लहराने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है। मामला करीब दो वर्ष पुराना बताया जा रहा है, जिसका वीडियो हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर वायरल हुआ था। जानकारी के अनुसार कस्बा झालू के एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित शादी समारोह के दौरान एक युवक द्वारा तमंचा लहराने का वीडियो सामने आया था। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू की। पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर आबाद निवासी धर्मेंद्र उर्फ फरीद तथा थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव गाजीपुर निवासी अनुज को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक तमंचा बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उनका चालान कर दिया है। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक आयोजनों में इस प्रकार के कृत्य कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती हैं और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध कब्जे का विवाद खत्म



**नजीबाबाद।** हरिद्वार रोड मौहल्ला रम्पुरा वाल्मीकि मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर काफी दिनों से विवाद चल रहा था। इसको लेकर वाल्मीकि समाज के लोगों द्वारा जमीन को कब्जा मुक्त करने के लिए एसडीएम नजीबाबाद शैलेंद्र कुमार और जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर को शिकायत की गई थी। उच्च अधिकारियों के आदेश पर आज 19 फरवरी को अवैध कब्जे की जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों में कानूगो नजीबाबाद अशोक कुमार और लेखपाल आशीष चौधरी मौजूद रहे। पिछले दस दिन से एक प्रकरण वाल्मीकि मंदिर परिसर की जमीन पर कब्जा कर अवैध मिट की दुकान चलाई जा रही थी। भारतीय हिन्दू परिषद अखंड भारत सनातन आर्मी से प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप ने बताया की कहीं भी मंदिर परिसर की जमीन पर कोई मीट मांस की दुकान नहीं चलाई जायेगी। जिलाध्यक्ष अरविंद सालवान कपिल सिसौदिया, अरुण सिसौदिया, सुधांशु, प्रेम चंद, नरेंद्र उर्फ जागीरा, वीरेंद्र सिसौदिया, रजत ढींगरा, कुलदीप, नकुल सिसौदिया उर्फ गोलू, हैप्पी, अनुज, बाबू कैसले एवं भारी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

### महापंचायत में पहुंचने की अपील



**झालू।** नूरपुर क्षेत्र के सैदपुर भट्टे पर 21 फरवरी को किसानों की एक बड़ी महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। महापंचायत को चौ. राकेश टिकैत, राष्ट्रीय प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन संबोधित करेंगे। महापंचायत की तैयारियों को लेकर संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान लगातार क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर रहे हैं। इसी क्रम में आज गांव रामपुर नौआबाद में सोहित छिल्लर के आवास पर ग्रामवासियों के साथ बैठक कर अधिक से अधिक संख्या में महापंचायत में पहुंचने की अपील की गई। बैठक में किसानों के समक्ष अमेरिका से संभावित व्यापारिक समझौते, भारतीय कृषि और पशुधन पर उसके प्रभाव, पशु संरक्षण तथा किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि सरकार की नीतियों से देश के पशुधन और किसानों के हित प्रभावित होते हैं तो किसान एकजुट होकर आवाज बुलंद करेंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान, रजनीश अहलावत, पूर्व जिला सचिव सोहित छिल्लर, विनीत, संजीव कुमार, ग्राम अध्यक्ष अरविंद कुमार, अमीनुद्दीन, मोनू चिकारा, भदेव सिंह, मोनू छिल्लर, रोहित छिल्लर, नखेन्द्र, देशपाल सिंह, हरिराम सिंह, तेजपाल, विशाल, रामेश सिंह, शौबाहर, प्रीतम, नितिन, अक्षय राही, ब्रह्मपाल सिंह, कमल सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित रहे। किसानों ने महापंचायत को सफल बनाने का संकल्प लेते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्याओं और राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर एक मजबूत और संगठित संदेश दिया जाएगा।

## भारत स्थापित करना चाहता है समतामूलक समुद्री व्यवस्था: राजनाथ

**विशाखापत्तनम।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को विशाखापत्तनम में बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभ्यास मिलन 2026 का उद्घाटन किया और कहा है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय कानून और नौवहन की स्वतंत्रता पर आधारित एक समतामूलक समुद्री व्यवस्था स्थापित करना चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुद्री चुनौतियों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को मिलकर काम करना होगा। पारंपरिक खतरों के साथ-साथ उभरती चुनौतियां भी मौजूद हैं। समुद्री डकैती, समुद्री आतंकवाद, अवैध मछली पकड़ना, तस्करी, साइबर जोखिम और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान जैसी समस्याएं गंभीर हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**चेन्नई में....** एआई हब स्थापित कर रहा है। इसमें बड़े पैमाने पर कंप्यूट इंफ्रास्ट्रक्चर और एक नया सबसी केबल गेटवे शामिल होगा। इस पहल से रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और देश में एआई क्षमताओं का विस्तार होगा। समिट को संबोधित करते हुए पिचाई ने कहा कि डिजिटल खाई को एआई खाई में बदलने नहीं दिया जा सकता। इसके लिए कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी में निवेश जरूरी है। उन्होंने बताया कि गूगल अमेरिका और भारत के बीच चार नए सबसी फाइबर आप्टिक सिस्टम विकसित कर रहा है। यह पहल हाल ही में घोषित 'अमेरिका-इंडिया कनेक्ट' कार्यक्रम का हिस्सा है। पिचाई ने स्वीकार किया कि एआई कार्यक्षेत्र में बड़े बदलाव लाएगा। कुछ नौकरियां ऑटोमेट होंगी, कुछ भूमिकाएं बदलेंगी और कई नई करियर संभावनाएं जन्म लेंगी। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि 20 साल पहले प्रोफेशनल यू-ट्यूब क्रिएटर जैसी कोई अवधारणा नहीं थी, जबकि आज दुनिया भर में लाखों लोग इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। भारत 16 से 20 फरवरी तक इस समिट की मेजबानी कर रहा है। यह आयोजन 'लोग, धरती और तरक्की'- इन तीन प्रमुख सूत्रों पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 का उद्घाटन किया। इस समिट में कई देशों और वैश्विक संस्थानों की भागीदारी रही, जो भारत की बहुपक्षीय सहयोग की नीति और एआई के जरिये वैश्विक चुनौतियों का समाधान खोजने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# सच से बहुत डरते हैं मोदी और भाजपा दोनों: कांग्रेस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा है कि मोदी तथा भारतीय जनता पार्टी सच से बहुत डरते हैं इसलिए उनकी पोल खोलते कई एआई वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटा दिए गए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी एआई पर बहुत बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन असल में वह कृत्रिम बुद्धिमत्ता से थरथर कांपते हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पिछले 6 हफ्तों में कांग्रेस के एआई से बने 9 वीडियो देश के प्रधानमंत्री उनके नेतृत्व वाली केंद्र और भाजपा शासित राज्य सरकारों ने डिलीट करवाए हैं। मैं साफ कर दूं कि ये सभी वीडियो कानून के तहत बने थे, जिनमें एआई डिस्क्लेमर थे। सभी वीडियो के पूरी अवधि में एआई सृजित लिखा था-जो दिखाता है कि हमने किसी को गुमराह करने की कोशिश नहीं की, लेकिन भाजपा और खुद प्रधानमंत्री मोदी सच से इतना डरते हैं कि वो सच के 'नाट्य रूपांतरण' से भी खौफ खाते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे मोदी ने जनरल नरवणे और सेना को यह कहकर जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया- जो उचित समझो, वही करो। कैसे उन्होंने राष्ट्र हित की अनदेखी करते हुए, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे मोदी, एप्स्टीन की सलाह पर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प को खुश करने में जुट गए और उन्होंने फिर कैसे अमेरिका के इशारे पर रूस से तेल खरीदना बंद किया। उन्होंने कहा कि इस वीडियो में दिखाया गया है कि कैसे श्री मोदी ने अमेरिका के किसानों को फायदा पहुंचाया और भारत के किसानों के हक की बलि चढ़ा दी और कैसे उन्होंने उद्योगपति अडानी पर अमेरिका में कसते कानूनी शिकंजे से बौखलाकर ट्रम्प के आगे सरेंडर किया। उनका कहना था कि वीडियो में यह भी दिखाया गया है कि कैसे मोदी तीन महिला सां. सदों से डरकर, सदन छोड़कर भाग गए।

## राहुल गांधी को करणी सेना की कथित धमकी पर भड़कीं कांग्रेस

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को करणी सेना के एक कथित कार्यकर्ता द्वारा गोली मारने की धमकी दिए जाने के बाद राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस ने इस मामले को गंभीर सुरक्षा चूक बताते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा और संघ परिवार के संगठनों ने जो माहौल बनाया है उसमें गांधी को संसद में बोलने तक नहीं दिया जा रहा है। विपक्ष के नेता का सम्मान नहीं किया जा रहा है। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि करणी सेना के एक कार्यकर्ता ने गांधी और 25 सांसदों को मार डालने की धमकी दी है लेकिन इस पर अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि यह अराजकता का स्पष्ट मामला है। उन्होंने आगे कहा कि हम जानते हैं कि अपने विपक्ष के नेता की रक्षा कैसे करनी है। राहुल गांधी भी जानते हैं कि अपनी रक्षा कैसे करनी है, उन्हें अपनी जान की कोई परवाह नहीं है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी इस मामले पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

मुकद्दस रमजान माह की मुबारकबाद



दूसरा रोजा वक्त इफ्तार 20 फरवरी शाम 6:13

तीसरा रोजा वक्त सहरी 21 फरवरी सुबह 5:26

# अफजलगढ़ में जंगली हाथी ने बुजुर्ग को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सुबह सवेरे शौच के लिए जंगल गए बुजुर्ग को जंगली हाथी ने पटक कर मार डाला। घटना को लेकर परिजन सहित ग्रामीणों में खौफ छा गया।

गंभीर बात यह है कि सरकार के द्वारा खुले में शौच की प्रथा बंद करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे है, इसके बावजूद गुलदारों व जंगली हाथियों के आतंक को नजर अंदाज कर ग्रामीण खुले में शौच कर रहे है। अगर मृतक खुले में शौच के लिए जंगल की तरफ न जाता, तो शायद उसकी जान बच सकती थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना रेहड़ के अमानगढ़ वन क्षेत्र की सीमा से सटे ग्राम छजमलवाला (रानी नांगल), पोस्ट कल्लूवाला निवासी जसवन्त सिंह (80 वर्ष) पुत्र गुरदेव सिंह आज सुबह लगभग छह बजे घर



## शौच के लिए जंगल में गया था मृतक

के पास ही खुले में शौच के लिए निकले थे। इस बीच मृतक के घर के पास ही खेत में खड़े अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया वन क्षेत्र के जंगली हाथी ने हमला कर उन्हें पटक कर मार डाला। बुजुर्ग जसवंत सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। मृतक बहुत ही गरीब व्यक्ति था। वह घर में अपनी विधवा पुत्री के साथ रहता था। घटना को लेकर परिजनों व ग्राम में कोहराम मच गया और क्षेत्र में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही अमानगढ़ की वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर व थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा ने घटनास्थल पर पहुंच कर मुआयना किया। शव को पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

दूसरी तरफ भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ अधिकारियों से मुलाकात कर मृतक जसवंत सिंह के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। वहां मौजूद वन क्षेत्राधिकारी ने विभाग से हर संभव उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

# पांच रोजा शबीना शुरू

## पिछले 39 वर्षों से सिलसिला जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मुकद्दस रमजान के महीने में चाहशीरी स्थित बुल्ला के चौराहे पर अंजुमन खादिमुल यातामा वल्द मदारिस इस्लामिया (यतीम खाना) में पिछले 39 वर्षों से पांच रोजा शबीना तरावीह का सिलसिला पूरे एहतराम और अकीदत के साथ जारी है।

शबीना तरावीह की देखरेख वरिष्ठ सभासद जुल्फुकार बेग उर्फ बैबी द्वारा की जा रही है। शबीना तरावीह में कारी जैनुल आरीफीन द्वारा खूबसूरत अंदाज में कुरान-ए-पाक सुनाया जा रहा है। जबकि कारी अखलाक मुकम्मल तवज्जों के साथ कुरान सुन रहे हैं।

तरावीह के दौरान शहर सहित आसपास के इलाकों से हजारों अकीदतमंद पहुंच कर कुरान सुनने और नमाज-ए-तरावीह अदा करने का सवाब हासिल कर रहे हैं।

आयोजन स्थल पर मुकम्मल



इंतजाम किए गए हैं, ताकि नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। रमजान के इस पाक महीने में हो रही शबीना तरावीह इलाके में खास रूहानी माहौल पैदा कर रही है। तरावीह में नौजवानों की तादाद काफी ज्यादा है।

मुकद्दस रमजान की बधाई
डॉ. मनोज वर्मा
वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद गाजी
पूर्व विधायक
बढ़ापुर व अफजलगढ़ विधानसभा क्षेत्र



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
जावेद रहमान शम्सी
मुरादाबाद मण्डल अध्यक्ष/ प्रभारी-पश्चिमी उ. प्र. उद्योग व्यापार मण्डल, मुरादाबाद
इंडियन बुक डिपो व स्पोर्ट्स, धामपुर



# बढ़ापुर में पेट्रोल डाल कर जिंदा जलाने का प्रयास

## पीड़ित की बाइक में लगा दी आग

**बढ़ापुर।** दो युवकों पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास करने व बाइक जलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाई की मांग की गई है। क्षेत्र के ग्राम गोप. िवाला निवासी मौहम्मद शहजाद अंसारी पुत्र जमीर अंसारी ने बताया कि वह इस समय स्योहारा के मौहल्ला हत्ता में रह रहा है। थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि बीती देर शाम को वह अपनी बाइक से गोप. िवाला जा रहा था। बढ़ापुर से ही दो युवक बाइक से उसका पीछे करने लगे और टांडा रोड पर पहुंचने पर दोनों युवकों ने बाइक रोक ली। उसके हाथ पांव बांधकर जमीन पर गिराकर पीटा और पेट्रोल डालकर जिंदा जलाने का प्रयास किया। उसकी बाइक में आग लगा दी। प्रभारी निरीक्षक सर्वेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष की लखनऊ में सरेआम बेइज्जती

## अटैची चोर होने के आरोप में हटाए जाने का इशारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कहावत है कि रोजा बख्शवाने गए थे और गले नमाज पड़ गई। ऐसा ही कुछ सपा के चर्चित पूर्व जिलाध्यक्ष के साथ लखनऊ में हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सपा के एक पूर्व जिलाध्यक्ष नजीबाबाद के पार्टी नेता को जिलाध्यक्ष बनवाने के लिए प्रयास कर रहे है। वह लगातार लखनऊ व दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर अपनी बात रख रहे है। कल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से पार्टी के दर्जनों नेताओं व जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों ने पार्टी कार्यालय में मुलाकात की थी। इस दौरान सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव काफी प्रसन्न थे और सभी की बातें सुन रहे थे। उन्होंने पार्टी नेताओं के साथ फोटो भी खींचवाए थे।

इस बीच नजीबाबाद के सपा नेता को जिलाध्यक्ष बनवाने के लिए पैरोकारी कर रहे पूर्व जिलाध्यक्ष ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के सामने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वह काफी प्रभावशाली है। उन्होंने अपनी हैसियत का हवाला राष्ट्रीय अध्यक्ष को दिया। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हाथ में अटैची का इशारा करते हुए कहा कि आपको क्यों हटाया गया था। उन्होंने कहा कि आप पर क्या आरोप लगाए जा रहे थे, जिसकी वजह से हटाया गया था। इसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष जवाब नहीं दे पाए और सन्न रह गए। वहां मौजूद जनपद के पार्टी नेताओं सहित अन्य क्षेत्रों से आए नेताओं ने यह सुन कर चर्चाएं शुरू कर दी।

गौरतलब है कि जब वह जिलाध्यक्ष थे, तो विरोधी उन पर अटैची चोर होने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाए जाने की मांग करते थे। जिसकी वजह से पार्टी अध्यक्ष ने उन्हें हटा दिया था।

# चेयरमैन इंजी. मुअज्जम की व्यवस्था बेहद शानदार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद नगर पालिका के तजुर्बेकार व मिलनसार चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने रमजान के मुकद्द माह एवं होली पर्व के मद्देनजर सभी व्यवस्थाए दुरुस्त रखने के निर्देश दिए है। पालिका के द्वारा हर त्यौहारों पर शानदार व्यवस्था की जाती है और आम दिनों में भी व्यवस्था दुरुस्त रखी जाती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद नगर पालिका के चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने स्टाफ को सख्त निर्देश दिए है कि नागरिकों की सुविधाओं के साथ-साथ जल आपूर्ति, पथ प्रकाश एवं सफाई व्यवस्था बेहद दुरुस्त रखी जाए। उन्होंने आम दिनों के साथ-साथ सभी त्यौहारों व राष्ट्रीय पर्वो के दौरान विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। उनके निर्देश पर नजीबाबाद नगर पालिका का पूरा स्टाफ मुस्तैद है।



## रमजान व होली के मद्देनजर दिए सख्त निर्देश

रमजान के मौके पर इबादतगाहों के आसपास सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। नगर के मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर भी सफाई व्यवस्था बेहद दुरुस्त है।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. साईम राजा
मैनेजर
मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट, किरतपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
अब्दुल मन्नान
चेयरमैन
नगर पालिका
किरतपुर



रमजान माह की शुभकामनाएं
चौधरी रवि कुमार सिंह
चेयरमैन
नगर पालिका, धामपुर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी अब्दुल कादिर
वरिष्ठ समाजसेवी
नहटौर



रमजान माह की बधाई
मूलचन्द चौहान
पूर्व मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
नजीबुल हसन
युवा सपा नेता
मुस्लिम चौधरियान
स्योहारा





मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौहम्मद जैद रशीद
युवा समाजसेवी, नहटौर
अनस इकरार
चेयरपर्सन नगर पालिका, नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
एम.आर पाशा
राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर
लोकसभा चुनाव 2024



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
वहाब कुरैशी
उत्तरी सहकारी समिति के वाइस चेयरमैन
नहटौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मनोज पारस
सपा विधायक
नगीना
विधानसभा क्षेत्र



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मौ. आसिफ शान
चेयरमैन
नगर पंचायत, मण्डावर



मुकद्दस रमजान माह की दिल की गहराईयों से सभी रोजेदारों को मुबारकबाद




अजमल उमर एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
पूर्व प्रत्याशी चेयरमैन पद- भाजपा
नगर पंचायत, मण्डावर



रमजान माह की शुभकामनाएं
रामअवतार सैनी
सपा विधायक
नूरपुर विधानसभा क्षेत्र
जनपद-बिजनौर



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष
समाजवादी पार्टी
जनपद-बिजनौर
पूर्व चेयरमैन, झालू



मुकद्दस रमजान की बधाई
विवेक सेन
सदस्य जिला पंचायत
जिला योजना समिति बिजनौर
मुरादाबाद मंडल महासचिव
आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य-आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी-धामपुर विधानसभा-20






मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
हाजी मौ. इलियास
पूर्व लोकसभा प्रभारी
बसपा, मुरादाबाद
निवास-स्योहारा



# धामपुर में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी आज से

## वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी के भविष्य पर होगा मंथन, श्रीलंका, नॉर्वे, चीन सहित कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सौभाग्यवती बाई दानी महिला डिग्री कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से 20 व 21 फरवरी को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का मुख्य विषय 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिंदी का भविष्य: संभावनाएं और चुनौतियां' रखा गया है। इस संगोष्ठी में देश-विदेश से हिंदी भाषा, साहित्य और संस्कृति से जुड़े विद्वान अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।



प्राचार्य डा. पूनम चौहान, प्रो. अल्पना सिंह के अनुसार इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में श्रीलंका, नॉर्वे और चीन के प्रतिनिधि विशेष रूप से वक्तव्य देंगे। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, नीदरलैंड, कोलंबिया और कनाडा से भी शिक्षाविद एवं शोधार्थी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हिंदी की स्थिति, उसके प्रसार, भविष्य की संभावनाओं तथा वर्तमान समय में सामने आ रही चुनौतियों पर गहन विमर्श करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन 20 फरवरी को किया जाएगा। पहले दिन विभिन्न तकनीकी सत्रों में हिंदी के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप, अनुवाद, मीडिया, शिक्षा, तकनीकी माध्यमों में हिंदी की भूमिका जैसे विषयों पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। दूसरे दिन भी विचार-विमर्श, परिचर्चा और समापन सत्र आयोजित होंगे। महाविद्यालय प्रशासन की मैनेजर रेनू गोयल, डा. विमल सिंह, डा. अर्चना सिंह आदि ने बताया कि इस संगोष्ठी के माध्यम से छात्रों और शोधार्थियों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। साथ ही हिंदी भाषा को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में ठोस सुझाव और रणनीतियां सामने आएंगी। आयोजन समिति द्वारा सभी शोधार्थियों एवं हिंदी प्रेमियों से कार्यक्रम में सहभागिता करने की अपील की गई है।

# पीली डैम में प्रवासी जलीय पक्षी

## फरवरी तक रहेगा डेरा, बढ़ती गर्मी से प्रवास पर असर संभव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अमानगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में स्थित पीली डैम में इन दिनों प्रवासी जलीय पक्षियों की अच्छी मौजूदगी दर्ज की जा रही है। हालिया अवलोकन में नॉर्दर्न पिनटेल, बार-हेडेड गूज, मल्लार्ड, रेड-क्रेस्टेड पोचार्ड, ग्रेट कॉर्मोरेंट, ब्लैक स्टॉर्क, सुर्खाब और गल प्रजाति के पक्षी देखे गए हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, ये प्रवासी पक्षी आमतौर पर फरवरी माह तक पीली डैम क्षेत्र में रुकते हैं। शांत वातावरण, स्थिर जल और पर्याप्त भोजन की उपलब्धता इस क्षेत्र को उनके अस्थायी प्रवास के लिए उपयुक्त बनाती है। हालांकि, यदि इस वर्ष तापमान सामान्य से अधिक बढ़ता है, तो उनके प्रवास की अवधि और संख्या में कमी आ सकती है।

अपने अस्थायी प्रवास के दौरान, ये जलीय पक्षी मुख्य रूप से जलीय पौधों, बीजों, शैवाल, छोटे कीटों, मछलियों और अन्य जलीय जीवों को अपना आहार बनाते हैं। ग्रेट कॉर्मोरेंट और ब्लैक स्टॉर्क जैसी प्रजातियाँ विशेष रूप से मछलियों पर निर्भर करती हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि अधिकांश प्रवासी जलपक्षी इस क्षेत्र में प्रजनन नहीं करते हैं। वे अपने मूल प्रजनन क्षेत्रों में ही अंडे देते हैं। पीली डैम में वे केवल विश्राम, भोजन और ऊर्जा संचय के लिए रुकते हैं, ताकि मौसम अनुकूल होने पर अपने मूल क्षेत्रों में सुरक्षित लौट सकें।

पीली डैम में प्रवासी पक्षियों की उपस्थिति क्षेत्र के स्वस्थ जलीय-पर्यावास का एक महत्वपूर्ण संकेत है। बढ़ती गर्मी और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए, जल स्रोतों का संरक्षण और मानवीय गति. विधियों पर नियंत्रण बनाए रखना आवश्यक है। यह सुनिश्चित करेगा कि ये विदेशी मेहमान आने वाले वर्षों में भी इस क्षेत्र का दौरा करते रहें।

# छत्रपति शिवाजी महाराज एवं श्री गुरुजी की जयंती मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सर संघचालक माधवराव सदाशिव राव गोलवलकर 'श्री गुरुजी' एवं वीर शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा की वंदना से हुआ। इसके पश्चात समस्त आचार्य-आचारिकाओं ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर आचार्य श्री टिकेंद्र ने श्री गुरुजी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका बचपन का नाम माधव था। वे बचपन से ही मेधावी छात्र थे तथा छात्र जीवन में ही निर्धन एवं गरीब छात्रों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करते थे। इसी कारण उन्हें विद्यार्थी 'गुरुजी' कहकर संबोधित करने लगे, जो आगे चलकर उनकी पहचान बन गया। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समर्पित कर राष्ट्र एकता को सुदृढ़ करने में लगाया।

## महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर किया नमन

वहीं आचार्य संजू कुमार ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे साहसी, निर्भीक एवं कुशल शासक थे। गुरु समर्थ रामदास की परीक्षा में शेरनी का दूध लाकर उन्होंने अद्भुत साहस का परिचय दिया। उन्होंने हिंदू पदपादशाही की स्थापना कर स्वराज्य की नींव रखी।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरपाल सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहिए और राष्ट्र सेवा के मार्ग पर चलना चाहिए।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु एवं भगिनियों का सराहनीय सहयोग रहा।

# आयुष्मान कार्ड बनाना प्राथमिक उद्देश्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा हेतु एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयुष्मान नोडल अधिकारी डॉ. आर. पी. विश्वकर्मा (एसीएमओ जिला बिजनौर) एवं सीएचसी अधीक्षक डॉ. विशाल दिवाकर ने सभी सीएचओ, आशा संगिनी एवं आशा कार्यकर्ताओं के साथ विस्तृत चर्चा की।



## एक माह में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

बैठक में बताया गया कि ब्लॉक क्षेत्र में कुल लगभग 1,89,000 पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने थे, जिनमें से अब तक करीब 1,00,000 कार्ड ही बन पाए हैं, जबकि लगभग 90,000 कार्ड अभी भी बनना शेष हैं। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लाभार्थियों से संपर्क करें और सुनिश्चित करें कि एक माह के भीतर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिन क्षेत्रों में कार्य की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाएगी, वहां विभागीय कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी संबंधित कर्मियों को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन बनाए गए आयुष्मान कार्डों की रिपोर्ट शाम 4 बजे तक ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। आगामी बुधवार को पुन: बैठक कर कार्यों की समीक्षा की जाएगी। अधीक्षक डॉ. विशाल दिवाकर ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी पात्र लाभार्थी अपनी आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाएं। यदि किसी को किसी प्रकार की समस्या होती है तो आशा के माध्यम से नजदीकी आयुष्मान आरोग्य मंदिर/हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी कार्ड बनवाया जा सकता है। लाभार्थी स्वयं भी इंटरनेट सेवा केंद्र (सीएससी) के माध्यम से अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। उन्होंने सलाह दी कि अधिक जानक. ारी के लिए लाभार्थी सीएचसी नगीना में तैनात आयुष्मान मित्र गरुण या पीएचसी कोतवाली पर ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर हर्षित बिश्नोई से संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर सभी चिकित्सा अधिकारी, आयुष्मान मित्र, एआरओ अमन बंसल, फार्मासिस्ट प्यारे लाल, अनमोल, डॉ. माज सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### बाइक की टक्कर से दम्पति घायल

**नहटौर।** गांव बढियोवाला निवासी धर्मपाल सिंह अपनी पत्नी रामो देवी के साथ साइकिल से नहटौर की ओर आ रहा था। धामपुर मार्ग पर गांव कश्मीरी पशु पैठ के सामने एक बाइक सवार ने साइकिल में टक्कर मार दी और फरार हो गया, जिसमे साईकिल सवार दम्पति घायल हो गए। रामू देवी को नीजि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### सड़क हादसे में दो युवक घायल

**हल्दौर।** गांव बल्दिया निवासी महिपाल नूरपुर की ओर से अपने घर लौट रहे थे। वहीं अमरोहा जनपद के महदीमाफी गांव निवासी दीपक कुमार बिजनौर से अपने घर की ओर जा रहे थे। वहां से गुजर रहे राहगीरों के अनुसार दोनों वाहन अचानक आमने-सामने आ गए, जिससे तेज भिड़ंत हो गई और दोनों चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दीपक कुमार की हालत नाजुक देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि दूसरे घायल का उपचार स्थानीय स्तर पर जारी है।

### व्यापारियों को रजिस्ट्रेशन की जानकारी दी

**नजीबाबाद।** जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन स्थित नवाब नजीबुद्दौला मार्केट का दौरा कर सभी व्यापारियों से अपना जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराने व जिन व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन है, उनसे अपने प्रतिष्ठानों के बाहर बोर्ड पर रजिस्ट्रेशन नम्बर लिखने की बात कही। इस मौके पर नवाब नजीबुद्दौला शाखा के अध्यक्ष मोनू टाटा ने जीएसटी अधिकारियों से वार्ता कर उनके सामने व्यापारियों की जीएसटी से संबंधित समस्याएं रखी। मौ. राशिद, राजेन्द्र, शानू, ताजीम, भूरे आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### फाइनेंशियल लिटरेसी अवेयरनेस कार्यशाला

**नजीबाबाद।** एनआईजीसी के प्रबंधन विभाग द्वारा नोलीज ग्रोथ फाउंडेशन के तत्वावधान में फाइनेंशियल लिटरेसी अवेयरनेस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रबंधन विभागाध्यक्ष डॉ. उज्जवल कुमार टांक ने किया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. नीलावती द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर किया गया। नोलीज ग्रोथ फाउंडेशन की ओर से वित्त विशेषज्ञ आलोक कुमार द्वारा फाइनेंशियल फ्रॉड एवं उससे बचने के उपायों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

### बाल सदन में विदाई समारोह

**नजीबाबाद।** बाल सदन मोंटेसरी स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा सात के छात्र-छात्राओं ने कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं को विदाई स्वरूप फोटो लगे गिफ्ट भेंट करके उन्हें कॉलेज में प्रवेश लेने व उत्तरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मैडम अंजना, रीना अग्रवाल, पूजा शर्मा, दुर्गा भारद्वाज, कंचन शर्मा, प्रतिभा राजप. ूत, अंशु शर्मा, आकांक्षा अग्रवाल, अंशु, भावना, शिवानी रावत, रोशनी, शहाना, जमर, दीपा, नेहा, रिंकी, शोभा, मोहित आदि उपस्थित रहे।

### पत्रकार मधुसूदन आनंद का निधन

**नजीबाबाद।** पत्रकार मधुसूदन आनंद का गत रात्रि दिल्ली में निधन हो गया, जिससे उनके परिजनों तथा मित्रों व पत्रकारिता जगत में शोक व्याप्त हो गया। बहुआयामी प्रतिभा के धनी मधुसूदन आनंद के लेखन और चिंतन में गहराई थी। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में दिखावे को कभी कोई महत्व नहीं दिया।

### गुलदार ने बछड़े को बनाया निवाला

**बढ़ापुर।** ग्राम बासोंवाला निवासी बुद्ध सिंह का मकान ग्राम के बाहर छोर पर स्थित है। वहीं पर उन्होंने पशुपालन के लिए छप्परनुमा पशुशाला बना रखी है। कल रात्रि गुलदार पशुशाला में घुस आया और बछड़े पर हमला कर मार डाला। सुबह होने पर जब स्वजन पशुशाला पहुंचे, तो बछड़ा मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। आबादी में गुलदार के आने से ग्रामीणों में डर बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गुलदार कुछ समय से पास की नदी के आसपास घूमता दिखाई दे रहा था। अब ग्राम में गुलदार की दस्तक से ग्रामीणों में और ज्यादा डर बना हुआ है।

### खाद्य सुरक्षा विभाग कर रहा उगाही

**कालागढ़।** होली पर्व के मद्देनजर क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग सतर्क नहीं हो पाया है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अतिरिक्त प्रभार एवं औषधि प्रशासन से सम्पर्क किया गया, लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया कि होली के दौरान बाजारों में बिकने वाली मिठाइयों, खोया, पनीर, नमकीन, रंगीन पेय पदार्थों और अन्य खाद्य सामग्रियों में मिलावट रोकने के लिए विशेष टीमें गठित की जाती थी। विभाग की टीमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों में औचक निरीक्षण एवं छापेमारी करती थी। संदिग्ध खाद्य सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजती थी। यदि मौके पर ही खराब या मिलावटी सामग्री पाई जाती तो उसे तत्काल नष्ट कराया जाता है और संबंधित विक्रेता के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाती है। लेकिन खाद सुरक्षा विभाग अब ऐसा नहीं कर रहा है। सूत्रों की माने तो विभाग ने बाजार में उगाही के लिए दलाल छोड़ रखे है जों बाजार से उगाही कर विभागों कों पहुंचाते है। यही कारण है जनता को खुली ओर खराब चीजे बाजार में मिल रही है। खाद सुरक्षा विभाग समय समय पर कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। वहीं व्यापारियों से जनता ने अपील की है कि वे केवल मानक के अनुरूप और गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री ही बेचें। वहीं आम नागरिकों से भी आग्रह किया गया है कि वे सही दुकानों से ही सामान खरीदें, बिल अवश्य लें।

# छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली

**बढ़ापुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर हिंदू संगठन के लोगों ने कस्बे में शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा का शुभारंभ कस्बा निवासी अदिति गुप्ता ने छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर तिलक लगाकर किया। इस दौरान डीजे की धमक पर श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा शिव चुन्नी वाला मंदिर के रामलीला मैदान से शुरू होकर फकीर चंद आर्य इंटर कालेज, टांडा साहूवाला मार्ग, सब्जी मंडी चौराहा, मौहल्ला नौमी, पुलिस चौकी, श्री बड़ा शिव मंदिर से होते हुए रामलीला मैदान में पहुंच कर सम्पन हुई। शोभायात्रा में श्रीराम सेना संगठन के जिलाध्यक्ष राजू पाल, बबीता गुप्ता, शोभा पंडित, वंशिका शर्मा, सुरेन्द्र कर्णवाल, नितिन प्रजापति, सोनू शर्मा, लाल सिंह कश्यप, विरेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में छत्रपति शिवाजी एवं श्री गुरुजी की जयंती पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामलीला बाग में छत्रपति शिवाजी जयन्ती एवं परम पूजनीय श्री गुरु जी की जयंती का कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के पवित्र प्रांगण में मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पार्चन एवं वंदना उपरांत प्रगतिशील विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने किया। कार्यक्रम व परीक्षा प्रमुख वरिष्ठ आचार्य सुधीर ने अपने उद्बोधन में उनके जीवन परिचय, महानता का वर्णन किया।

कार्यक्रम की शोभा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानाचार्य महेश सिंह ने

## जीवन परिचय और महानता का वर्णन

इस अवसर पर शिवनेरी दुर्ग में जन्मे मराठा साम्राज्य के संस्थापक शिवाजी महाराज के साहस, कुशल नेतृत्व एवं उनके अनमोल विचारों व स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सरसंघचालक परम पूजनीय गुरु (माधव सदाशिवराव गोलवलकर) के राष्ट् जीवन, मूल मंत्र, उनके व्यक्तित्व एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों से भैया - बहिनों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# कैशलेश चिकित्सा सुविधा, शिक्षणेत्तर कर्मी आंदोलनरत

## विरोध में काली पट्टी बांध किया परीक्षा कार्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को शिक्षकों की भांति कैशलैस चिकित्सा सुविधा से वंचित किए जाने के विरोध में प्रदेश संगठन के आह्वान पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बांह पर काली पट्टी बांध कर परीक्षा कार्य किया है।



माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी संगठन प्रदेश सरकार से राजकीय कर्मचारियों की भांति कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का शासनादेश जारी करने की मांग को लेकर आंदोलनरत थे। प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक, शिक्षामित्र, रसोइयां सहित माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों को इस कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने का शासनादेश जारी कर दिया, लेकिन माध्यमिक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को इस सुविधा से वंचित कर दिया गया है। प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने प्रदेश संगठन के आह्वान पर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अपने साथ हुई नाइंसाफी से अवगत कराया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सहित शिक्षा निदेशक को मांगपत्र देकर अपने साथ हुए भेदभाव से अवगत कराकर प्रदेश के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कैशलैस चिकित्सा सुविधा देने की राजाज्ञा जारी करने की मांग की है। प्रदेश संगठन के आह्वान पर जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा की अपील पर जनपद के दर्जनों माध्यमिक विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने कैशलैस चिकित्सा सुविधा की मांग को लेकर सरकार के विरोध में बांह पर काली पट्टी बांध कर कार्य किया। इन विद्यालयों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने भी इस आंदोलन में काली पट्टी बांध कर अपना समर्थन दिया। जिलाध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने बताया बिजनौर जनपद सहित समूचे प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा के दौरान शिक्षणेत्तर व आउटसोर्सिंग कर्मचारी बांह पर काली पट्टी बांध कर कार्य करते हुए अपना विरोध प्रकट करते रहेंगे। इसके अलावा शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ की ओर से जनपद के विधायक व विधान परिषद सदस्य को मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र सौपकर सरकार से हस्तक्षेप कर शिक्षकों की भांति कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की मांग करेंगे। संगठन के कार्यकारी जिलाध्यक्ष अंशुल शर्मा, जिला मंत्री अंशुल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भीमसेन हल्दिया, अनुराग भारद्वाज, जिला कोषाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार ने जनपद के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से सरकार की कर्मचारी विरोधी नीति के विरोध एकजुट होकर आवाज उठाने व परीक्षा के दौरान काली पट्टी बांध कर कार्य करने की अपील की है।

# ताले तोड़कर नगदी और आभूषण चोरी

**नांगल सोती।** बंद मकान के ताले तोड़कर चोरों ने हजारों की नगदी सहित सोने चांदी के आभूषण चुरा लिए। इसके संबंध में सूचना मिलते ही परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच में जुटी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार तिसोतरा निवासी मनोज कुमार के अनुसार दो दिन बाद 21 फरवरी को उनके बेटे की शादी होनी है। जिसकी तैयारी के लिए उनका पूरा परिवार बुधवार दिन से ही बरकातपुर चौराहा स्थित अपने दूसरे मकान पर थे। इस दौरान ही देर रात उनके तिसोतरा स्थित पुराने मकान के ताले तोड़कर चोरों ने घर में रखी लगभग 40 हजार की नगदी और सोने, चांदी के आभूषण चुरा लिए। चोरी के संबंध में मनोज के भाई ने उसे देर रात सूचना दी, जिससे मनोज के परिवार में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद मनोज ने पुलिस को इस बाबत सूचना दी।

घर स्वामी ने पुलिस को तहरीर सौंप कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच में जुटी है।

# रमजान में इबादत, भाईचारे और खिदमत की रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** पवित्र माह रमजान मुबारक का मुकद्दस महीना शुरू होते ही नगर में इबादत, रोजा और इंसानियत का माहौल और अधिक गहरा दिखाई देने लगा है। मस्जिदों में नमाजियों की रौनक बढ़ गई है। वहीं घर-घर में रोजा, तरावीह और इफ्तार की तैयारियां भी पूरे उत्साह के साथ शुरू हो गई हैं। बाजारों में खजला-फेनी, सेवई, खजूर और फलों की दुकानों पर चहल-पहल बढ़ गई है जिससे रमजान की रूहानी फिजा साफ महसूस की जा रही है। रमजान को सब्र, नेकी और जरूरतमंदों की मदद का महीना बताते हुए नगर के गणमान्य लोगों ने आपसी भाईचारे और अमन-चैन की दुआ की।



वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एन.डी. हाशमी ने रमजान की आमद पर सभी रोजेदारों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह महीना आत्मसंयम के साथ स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखने का संदेश देता है। उन्होंने रोजेदारों को संतुलित आहार लेने, पानी की कमी से बचने और नियमित दिनचर्या अपनाने की सलाह दी।

हाजी मौहम्मद इलियास चौधरी ने कहा कि रमजान रहमत और बरकत का महीना है, जिसमें गरीबों और बेसहारा लोगों की मदद करना सबसे बड़ी इबादत मानी गई है। उन्होंने सक्षम लोगों से जरूरतमंद परिवारों का सहारा बनने और जकात व सदका के माध्यम से सहयोग करने की अपील की।

इफ्तेखार चौधरी ने बताया कि रमजान समाज में मोहब्बत, भाईचारे और एकता का पैगाम देता है। उन्होंने युवाओं से मस्जिदों से जुड़ने, तरावीह में भाग लेने और नेक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया।

अदनान अंसारी ने रमजान को आत्मशुद्धि और आत्ममंथन का अवसर बताते हुए कहा कि इस महीने में हर मुसलमान को अपने व्यवहार, बोलचाल और कर्मों को बेहतर बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि रमजान की असली रूह को हासिल किया जा सके।

आमिर चौधरी ने कहा कि रोजा केवल भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं बल्कि बुराइयों से दूर रहने, सब्र अपनाने और अच्छे आचरण की सीख देता है।

उन्होंने सभी लोगों से अमन और भाईचारे के साथ रमजान मनाने की अपील की।

नजीबुल हसन ने कहा कि रमजान सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने युवाओं से रोजेदारों के लिए इफ्तार की व्यवस्था, मस्जिदों की सेवा और सामाजिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग करने का संदेश दिया ताकि समाज में एक सकारात्मक माहौल बने।

समाजसेवी अहसान जमील ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह महीना दुआओं की कबूलियत का होता है और हर इंसान को अल्लाह की इबादत के साथ मानव सेवा को भी अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने नगर में अमन-शांति तरक्की और खुशहाली की दुआ की।

डॉ. दानिश कमाल ने रोजेदारों को सेहत का ध्यान रखने साफ-सफाई अपनाने और भीड़भाड़ में सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि रमजान आध्यात्मिक उन्नति के साथ सामाजिक जागरूकता का भी संदेश देता है।

सभी गणमान्य लोगों ने नगर एवं क्षेत्रवासियों को रमजान मुबारक की शुभकामनाएं देते हुए दुआ की कि यह मुकद्दस महीना सभी के जीवन में अमन, बरकत, खुशहाली और आपसी भाईचारे की रोशनी लेकर आए।

## सार्वजनिक सूचना

मेरा भाई कपिल कुमार उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र मथुरा सिंह निवासी ग्राम मुकर्रमपुर, थाना नहटौर, जिला बिजनौर जो करीब 3 वर्षों से मानसिक संतुलन बिगड़ने के कारण मुझसे लड़ाई कर बिना किसी को बताये गायब हो गया था, जिसका कोई संबंध या वास्ता मेरे अथवा मेरे परिवार से नहीं है। यदि कोई व्यक्ति कपिल कुमार से कोई लेन-देन अथवा व्यवहार करता है, तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरा या मेरे परिवार का कपिल कुमार से किसी भी कृत्य के लिए कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

**विपिन कुमार पुत्र मथुरा सिंह, निवासी ग्राम मुकर्रमपुर, थाना नहटौर, जिला बिजनौर।**

# स्वच्छ जलस्रोत की सौगात

## धामपुर शुगर मिल की पहल से ग्राम हर्रा में तालाब का लोकार्पण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल द्वारा सामाजिक दायित्व के अंतर्गत ग्राम हर्रा अहमदपुर जलाल में तालाब की सफाई, सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कर उसका लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा ने फीता काटकर एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच तालाब पर शिलापट का अनावरण कर किया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता, ग्राम प्रधान अनीता देवी, जैतरा के ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, गज्जूपुरा के प्रधान इंद्रवीर सिंह तथा चौधरी अरुण प्रताप सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा का धामपुर शुगर मिल प्रबंधन की ओर से पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। प्राथमिक विद्यालय हर्रा अहमदपुर जलाल के बच्चों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की।

धामपुर शुगर मिल द्वारा आयोजित मोबाइल हेल्थ कैंप का उद्घाटन भी उप जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक दवाइयां और चश्मे वितरित किए गए। इसके पश्चात पंडित सुनील शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कर तालाब का विधिवत लोकार्पण संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान आदित्य वीर सिंह, ग्राम प्रधान इंद्रवीर सिंह एवं चौधरी अरुण प्रताप सिंह ने धामपुर शुगर मिल प्रबंधन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे जनहितकारी कार्यों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उप जिलाधिकारी स्मृति मिश्रा ने ग्रामीणों से तालाब की नियमित साफ-सफाई बनाए रखने की अपील की और इस पहल को पर्यावरण संरक्षण तथा जल संरक्षण की दिशा में सराहनीय कदम बताया।

धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बताया कि शुगर मिल समूह के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल की प्रेरणा से मिल प्रबंधन द्वारा अपने कार्यक्षेत्र के गांवों में तालाबों का जीर्णोद्धार, वृक्षारोपण, सोलर लाइट एवं हैंडपंप की स्थापना जैसे कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक दो गांवों में तालाबों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराया जा चुका है, 200 सोलर लाइट और 15 हैंडपंप लगाए गए हैं। इसके साथ ही पिछले चार वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित रूप से नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं, जिनमें इस वर्ष अब तक लगभग 18,500 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां एवं चश्मे वितरित किए गए हैं।

इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या ममता देवी एवं शिक्षकों के सहयोग से बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। धामपुर शुगर मिल की ओर से विद्यालय के विद्यार्थियों को कॉपियां, किताबें, पेंसिल, रबर, कटर एवं रंगों की किट वितरित की गईं। विद्यालय के उपयोग हेतु दरी एवं ट्यूबलाइट भी भेंट की गईं।

कार्यक्रम में ग्राम हर्रा के रविपाल सिंह, राजवीर सिंह, मास्टर वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, प्रधान पति ओमपाल सिंह, सौरभ चौहान, जतिन चौधरी, बृजपाल सिंह, सुमित, रणवीर सहरावत, शमशाद हुसैन, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रमजान मुबारक का महीना इंसानियत व हमदर्दी का पैगाम : मुफ्ती अरशद

### झूठ, नफरत और अन्याय से दूर रहने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** जमीयत उलेमा ए हिंद बिजनौर के जिला जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती मौहम्मद अरशद कासमी ने कहा है कि रमजान मुबारक का महीना अल्लाह की तरफ से रहमतों व बरकतों से भरा हुआ मुबारक महीना है। यह महीना इबादत, आत्म-सुधार व इंसानियत का पूरा संदेश लेकर आता है। यह इंसान को अपने रब से जोड़ता है और साथ ही उसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास भी दिलाता है।

रोजा सिर्फ भूखा-प्यासा रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह सब्र, आत्म-संयम और तकवा (ईश्वर-भय व सजगता) की शिक्षा देता है। जब इंसान अपनी बुनियादी जरूरतों को कुछ समय के लिए रोक देता है, तो उसे भूख और प्यास की तकलीफ का एहसास होता है। यही एहसास उसे गरीबों, मजलूमों और जरूरतमंद लोगों के करीब ले जाता है। रमजान हमें सिखाता है कि इबादत और इंसानियत एक दूसरे से अलग नहीं है। अल्लाह की इबादत दिल को साफ करती है और इंसानों की सेवा उस इबादत को पूरा करती है। इसी वजह से इस महीने में जकात, सदका और फित्रा जैसे काम समाज में बराबरी और हमदर्दी का माहौल बनाते हैं। इसी मुकद्दस महीने में कुरआन शरीफ नाजिल हुआ, जो पूरी इंसानियत के लिए हिदायत, अमन और भाईचारे का संदेश देता है। इसका उद्देश्य है कि इंसान अपने अंदर अच्छाई पैदा करे और दूसरों के लिए आसानी का जरिया बने।

रमजान का असली मकसद यह है कि हम अपने चरित्र को बेहतर बनाएं, झूठ, नफरत और अन्याय से दूर रहें, और हर इंसान चाहे वह किसी भी धर्म या समुदाय से हो उसके साथ भलाई और हमदर्दी का व्यवहार करें। आज जब दुनिया में तनाव और दूनियां बढ़ रही हैं, रमजान हमें मौहब्बत, सब्र और आपसी सम्मान का रास्ता दिखाता है। इस पवित्र महीने में हम संकल्प लें कि अपनी इबादतों को सच्चाई और निष्ठा के साथ अदा करेंगे और इंसानियत की सेवा को अपना नैतिक और धार्मिक कर्तव्य समझेंगे, ताकि समाज में अमन, भाईचारा और एकता को मजबूती मिल सके।

## एक नजर

### संजीव शर्मा 'बिजनौर रत्न' से सम्मानित



**नांगल सोती।** बिजनौरी महासभा हरिद्वार द्वारा एक सराहनीय पहल के तहत निर्बल परिवार की कन्या का विवाह संपन्न कराने वाले समाजसेवी संजीव कुमार शर्मा को 'बिजनौर रत्न' सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में उपस्थित गणमान्य लोगों ने उनके सामाजिक योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की। महासभा के संयोजक विपिन शर्मा ने कहा कि संजीव कुमार शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्र में रहकर जिस प्रकार एक जरूरतमंद परिवार की कन्या का विवाह कर सामाजिक दायित्व निभाया है, वह समाज के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्य समाज में नई चेतना और जागरूकता का संचार करते हैं। बिजनौरी महासभा हरिद्वार के संयोजक प्रमोद गिरि एवं मनोज शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में जब लोग व्यक्तिगत स्वार्थ में व्यस्त रहते हैं, ऐसे में संजीव कुमार शर्मा जैसे समाजसेवी मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। उनका यह प्रयास सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने संजीव कुमार शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी इसी प्रकार समाजहित में कार्य करते रहने की अपेक्षा जताई। इस मौके पर ओमकार आजाद, मनोज शर्मा, मनोज गिरि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### बी.टैक का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम टैक्निकल यूनिर्वसिटी लखनऊ द्वारा बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस) विषम सेमेस्टर के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नालॉजी का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.टैक प्रथम सेमेस्टर के छात्र अनुज कुमार ने 75.11 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, तृतीय सेमेस्टर की छात्रा दिव्यांशी सेठ ने 79.30 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पंचम सेमेस्टर की छात्रा अंशिका रानी ने 81.55 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान एंव सप्तम सेमेस्टर की छात्रा रश्मि रानी ने 89.33 प्रतिषत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, डीन एकेडिमिक राजीव कुमार एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जलभराव से जनजीवन बेहाल ग्रामीणों का सड़क पर प्रदर्शन



### समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बुढ़नपुर ब्लॉक के बहादुरपुर गांव में जलभराव और गंदगी की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं।

गांव की सड़कों पर जमा गंदे पानी और कीचड़ के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। स्कूली बच्चों को रोजाना गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। वहीं बुजुर्गों के फिसलकर गिरने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। नाराज ग्रामीणों ने गंदे पानी में खड़े होकर विरोध प्रदर्शन किया और जल्द जल निकासी व सड़क सुधार की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में बीना देवी, क्रांति देवी, शारदा देवी, चंद्रावती देवी, नन्ही, कुसुम देवी, हरि सिंह, अनिल कुमार, पुष्पराज सिंह सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम प्रधान ने बताया कि उपलब्ध बजट के अनुसार गांव में चरणबद्ध तरीके से नाली व सड़क निर्माण कराया जा रहा है। शेष स्थानों की समस्याओं को भी जल्द दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

# थाना परिसर में अमन कमेटी की बैठक

## होली, रमजान व ईद आपसी भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** आगामी होली रमजान और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना परिसर में अमन कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भाग लेकर आपसी भाईचारे एवं शांति बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

बैठक में शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी, मौलाना अरशद हक्की, डॉ. यज्ञदत्त गौड़ एडवोकेट, अमित वर्मा, राजवीर त्यागी, राजपाल प्रजापति, मास्टर विजय पाल सिंह, डॉ. विनीत देवड़ा, वसीम प्रधान, इंतजार अहमद, प्रधान सलीम अहमद, केशव त्यागी सहित अन्य सम्मानित नागरिक मौजूद रहे। सभी उपस्थित लोगों ने त्योहारों के दौरान आपसी सहयोग और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। थाना प्रभारी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेशों से बचें। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा नगर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं।

शहर इमाम मौलाना कामिल कासमी ने कहा कि नगर में मुस्लिम समाज की बड़ी आबादी होने के बावजूद हिंदू समाज के त्योहारों का पूरा सम्मान किया जाता है। होली के अवसर पर रंग खेलने के दौरान भी लोगों को एक-दूसरे का ध्यान रखने और सहयोग करने की नसीहत दी जाती है ताकि त्योहार खुशियों के साथ मनाया जा सके। मौलाना अरशद हक्की ने कहा कि नगर हमारी साझा विरासत है और गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि चाहे ईद हो या होली सभी धर्मों का सम्मान करते हुए प्रेम और भाईचारे के साथ त्योहार मनाना ही हमारी पहचान है।

डॉ. विनीत देवड़ा ने कहा कि स्योहारा नगर में लोग एक परिवार की तरह रहते हैं, जहां छोटा-बड़ा सभी एक-दूसरे का सम्मान करते हैं और त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। वहीं अमित कुमार वर्मा ने भी कहा कि नगर में सभी समुदाय मिलजुल कर त्योहार मनाते हैं और यही आपसी एकता नगर की सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में मौजूद अन्य वक्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भी आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि त्योहार सामाजिक समरसता को मजबूत करने का अवसर होते हैं और सभी को मिलकर इन्हें खुशी व शांति के साथ मनाना चाहिए। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा नगरवासियों से भी शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। साथ ही अमन कमेटी की बैठक में आए कई लोगों ने पुलिस प्रशासन से यह शिकायत भी की कि बैठक की सूचना नगर के सभी गणमान्य नागरिकों तक समय से नहीं पहुंच पाती है, जिसके कारण कई लोग बैठक में शामिल नहीं हो पाते। इस पर प्रशासन से भविष्य में व्यापक सूचना व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की गई।

### मगरमच्छ रेस्क्यू कर गंगा नदी में छोड़ा



**नांगल सोती।** रायपुर खास के निकट तालाब में पिछले कुछ दिन से मगरमच्छ देखा जा रहा था। बृहस्पतिवार की सुबह लगभग सात- आठ फिट लंबा मगरमच्छ तालाब से निकलकर आबादी के समीप आ गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर वानिकी विभाग के दरोगा विकास कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने मगरमच्छ को पड़कर गंगा नदी में छोड़ दिया।

### मॉर्निंग स्टार स्कूल में वार्षिकोत्सव

**नजीबाबाद।** मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल भागूवाला में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल का वार्षिक उत्सव व स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन पूजन के साथ किया गया। जिसमें पंडित कक्कूदत्त शर्मा ने वैदिक मंत्रोचारण के साथ सभी को आहुतियां प्रदान कराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी संस्कृति की पहचान है। ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेलकूद का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान होता है। सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य विक्रम सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में पढ़ाई कर सही दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने नैतिक व्यवहार को अच्छा बनाना चाहिए और सभी का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक नौबहार सिंह एवं संचालन सोहराब हैदर जैदी ने किया। प्रधानाचार्य भवनाथ सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# काशीरामपुर में कैंसर से 25 से अधिक मौतें

### प्रशासन की टीम जांच को पहुंची, पानी के लिए नमूने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मंडावली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर के बढ़ते मामलों और 25 से अधिक मौतों की खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया है। नजीबाबाद तहसील प्रशासन की एक टीम ने ग्राम का दौरा किया और पीड़ितों के परिजनों से मुलाकात की।

यह कार्रवाई सोमवार को एक स्थानीय अखबार में प्रकाशित हुई एक खबर के बाद हुई, जिसमें ग्राम में कैंसर से 25 लोगों की मौत और छह अन्य के पीड़ित होने का उल्लेख किया गया था। इसके बाद प्रशासन ने जांच के लिए एक टीम गठित की थी। बुधवार को एडीओ कृषि विकास कुमार, हल्का लेखपाल अजब सिंह सैनी और सचिव महेश कुमार ग्राम सचिवालय पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को बुलाकर कैंसर पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटाई। ग्रामीणों ने ग्राम में कैंसर से लगातार हो रही मौतों की पुष्टि की। लेखपाल अजब सिंह सैनी ने कैंसर से पीड़ित छह परिवारों के घरों का दौरा कर विस्तृत जानकारी हासिल की। निगम से लैब टेक्नीशियन विशाल कुमार ने जांच के लिए छह सरकारी हैंडपंपों से पानी के नमूने भी लिए। इन नमूनों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

ग्रामीण चंद्रशेखर, प्रदीप शर्मा, मगरूर अहमद और निसार सहित अन्य ग्रामीणों ने जांच टीम के सामने अपनी चिंताएं व्यक्त कीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस जांच से कैंसर के कारणों का जल्द पता चलेगा और बचाव के उपाय किए जा सकेंगे।

## मोहित बेनीवाल का जन्मदिन मनाया



**चांदपुर।** मौहल्ला गोकुलनगर निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल चौधरी (शीरे वालों) ने एमएलसी/प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कपिल चौधरी के सैकड़ों समर्थकों ने मोहित बेनीवाल की लम्बी आयु और लम्बे राजनीतिक सफर की कामना की। इस मौके पर अर्पित गोयल, वीरेन्द्र राजपूत, सुमित अग्रवाल, सौरभ चौधरी, अंकित गुप्ता, बीडीसी गौरव लाम्वा, मन्जित सिंह, अजयपाल सिंह, विपिन बंसल, मौ. राशिद, मौ. आसकीन आदि मौजूद रहे।

### आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा



**स्योहारा।** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. राजेंद्र विश्वकर्मा ने स्योहारा के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठक कर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य की समीक्षा की। उन्होंने सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही को निर्देश देते हुए कहा कि ब्लॉक के सभी शेष पात्र लाभार्थियों के कार्ड शीघ्र बनाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया जाए अन्यथा लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी। बताया गया कि ब्लॉक स्योहारा में 82,248 लक्ष्य के सापेक्ष 50,532 आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जबकि 31,716 कार्ड शेष हैं। 25 नवंबर 2025 से चल रहा विशेष अभियान अप्रैल 2026 तक जारी रहेगा। आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर मरैहल्ला-वार सूची भी उपलब्ध कराई गई है। योजना के अंतर्गत पात्र परिवार अंत्योदय राशन कार्ड धारक, श्रम कार्ड धारक, आशा-आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक कार्ड बनवा सकते हैं। पंजीकरण नजदीकी सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में कराया जा सकता है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ एवं आशा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उप गन्ना आयुक्त ने मिनी हार्वेस्टर के सफल प्रयोग को सराहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** उप गन्ना आयुक्त द्वारा चीनी मिल पीबीएस फूड्स क्षेत्र का दौरा कर बसंतकालीन गन्ना बुवाई की तैयारियों और नवीन कृषि यंत्रों के प्रयोग का स्थलीय सत्यापन किया। उनके साथ जिला गन्ना अधिकार, चीनी मिल के मुख्य प्रबंधक, गन्ना प्रबंधक और सचिव प्रभारी भी उपस्थित रहे।

प्रमुख निरीक्षण एवं सत्यापन बीज आरक्षण (एसजीके पोर्टल) के बारे में उप गन्ना आयुक्त ने एसजी के पोर्टल पर आरक्षित बीज की प्रगति की समीक्षा की। गन्ना विकास परिषद, चांदपुर द्वारा आधार एवं प्राथमिक पौधशालाओं का बीज पहले ही आरक्षित किया जा चुका है और चीनी मिल को भी फीडिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर उन्होंने क्षेत्रीय भ्रमण (ग्राम कुलचाना) रहा जबकि अधिकारीगण ने ग्राम कुलचाना मे भी पहुंचकर प्रगतिशील किसान अनेश कुमार सिंह के खेत पर कोशा 13235 और वीरेंद्र सिंह के खेत पर को. 0118 प्रजाति के आरक्षित बीज का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान आकर्षण का केंद्र मिनी हार्वेस्टर का प्रदर्शन रहा। निरीक्षण के दौरान मिनी हार्वेस्टर द्वारा गन्ने की कटाई का सजीव प्रदर्शन ग्राम कुलचाना मे किया गया, जिसे उपस्थित किसानों और अधिकारियों ने बेहद उपयोगी पाया।

गन्ने की खेती में मिनी हार्वेस्टर के मुख्य लाभ बताते हुए कहा कि इससे श्रम की बचत होगी और मजदूरों की कमी की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

कम समय में अधिक कटाई जिससे प्रति एकड़ खर्च कम होता है। उन्होंने कहा कि सटीक कटाई के लिए यह मशीन गन्ने को जमीन की सतह से काटती है, जिससे पेड़ी (रटून) के फुटाव में सुधार होता है और उपज बढ़ती है।

यह मशीन आधुनिक ट्रेंच विधि से बोए गए गन्ने के लिए अत्यंत प्रभावी है।

# 'गुण एवं अवगुण' विषय पर अतिथि व्याख्यान

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन समिति द्वारा 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : गुण एवं अवगुण' विषय पर एक महत्वपूर्ण अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं प्राध्यापकों को नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों, उसके सकारात्मक पहलुओं तथा संभावित चुनौतियों से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के संमुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को बैज लगाकर उनका कार्यक्रम में स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. रेशु शर्मा, असि. प्रो. शिक्षा विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पृष्ठभूमि, उद्देश्यों और इसकी आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह नीति शिक्षा को अधिक लचीला, बहुविषयक एवं कौशल-आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 5+3+3+4 संरचना, मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा, बहु-विषयक अध्ययन, अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट तथा व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे गुणों पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही उन्होंने नीति के कुछ संभावित अवगुणों एवं चुनौतियों की ओर भी ध्यान आकर्षित किया, जैसे-ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों की कमी, शिक्षकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता, भाषा संबंधी व्यवहारिक कठिनाइयां तथा प्रभावी क्रियान्वयन की चुनौतियां। उन्होंने कहा कि नीति की सफलता उसके सही और समर्पित क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्राओं के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त करती है और महाविद्यालय इसे प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शताक्षी चौधरी द्वारा किया गया। अंत में समिति की समन्वयक डॉ. दयावती के द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम सम्पन्न कराने में समिति के अन्य सदस्य डॉ. मृदुल रानी, कु. शताक्षी शर्मा, डॉ. आबिदा खातून का सहयोग रहा। यह व्याख्यान छात्राओं के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
आकिब यूनुस एड.
युवा भाजपा नेता
बिजनौर



मुकद्दस रमजान की बधाई
मूल निवासी भीम सिंह
जिला प्रभारी पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक।
विधान सभा 22 बिजनौर से संभावित प्रत्याशी।
भगवती केयर सेंटर विदुर कुटी रोड शक्ति पेट्रोल पम्प के सामने सोमिया मार्केट, बिजनौर।
Mob-9389945824, 8868001224



मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद
मकसूद अहमद अंसारी
(ठेकेदार)
संभावित प्रत्याशी
प्रधान पद
राजा का ताजपुर



# यादव जी की लव स्टोरी पर पूणार्त: लगे रोक: अजीत राजू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विवादित फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' के प्रदर्शन/रिलीज पर रोक लगाने की मांग तेज हो गयी है। पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव ने लोगों के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा है कि प्रस्तावित फिल्म में यादव समाज के सम्बन्ध में आपत्तिजनक एवं भ्रामक चित्रण किए जाने की जानकारी पर गहरा रोष प्रकट किया। कहा गया कि फिल्म के कुछ दृश्य एवं संवाद हमारे यादव समाज की भावनाओं को आहत करने वाले प्रतीत होते है, जिससे सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। सभी जनपदवासियों की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपन विरोध दर्ज कराया जा रहा है।,क्योंकि हमारा उद्देश्य किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न करना नही बल्कि यादव समाज के सम्मान एवं सत्य आधारित प्रस्तुति की माँग करना है। इसलिए उक्त फिल्म का पूर्णत: विरोध करते है। जबकि उक्त फिल्म के रिलीज पर रोक लगाकर सम्बंधित अंशो की निष्पक्ष जाँच कराकर जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही करने की मांग की गई। ज्ञापन में उमेश यादव, हरिओम, हरेन्द्र, यादव, मनोज यादव, सुरेश यादव, बीरेश आदि काफी संख्या में यादव समाज के लोग मौजूद रहे।

- पूर्वमंत्री अजीत राजू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

# लाठीचार्ज के विरोध में सड़क पर आए कांग्रेसी

- नई तहसील पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में धरने पर बैठे कांग्रेसी
- लाठीचार्ज करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विधानसभा घेराव करने जा रहे कांग्रेसियों पर किए गए लाठीचार्ज का विरोध तेज हो गया है। बर्बरतापूर्ण कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसी सड़क पर उतर आए। कांग्रेसियों ने लाठीचार्ज का विरोध किया और धरने पर बैठकर योगी मो दी सरकार विरोधी नारेबाजी करने लगे।

एक दिन पूर्व कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश भर के कांग्रेसियों ने मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में विधानसभा घेराव करने का आहवान किया था। प्रदेशाध्यक्ष के आहवान पर प्रदेश भर के कांग्रेसी लखनऊ कूंच करने लगे थे। जबकि सम्भल में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की और अन्य पदाधिकारी व पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शर्मा के घरों पर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया था। जिस पर कांग्रेसियों उन्हे नजरबंद करने का आरोप लगाया था। पुलिस के मौजूद रहने से स्थानीय कांग्रेसी लखनऊ कूंच नहीं कर सके थे लेकिन अन्य जिलों व प्रदेश के अन्य शहरों से बड़ी संख्या में कांग्रेसी पहुंच गए थे। विधानसभा का घेराव करने पहुंचे कांग्रेसियों पर लाठी चार्ज किया गया था। कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश भर के कांग्रेसी अब सड़क पर आ गए है। विरोध में उतरे कांग्रेसी जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की के नेतृत्व में नई तहसील परिसर पहुंचे और धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने बताया कि लखनऊ में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेशाध्यक्ष अजय राय के आहवान पर विस घेरव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे लेकिन पुलिस ने किसान और मजदूरों की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही केन्द्र व प्रदेश की योगी सरकार की पुलिस ने लाठीचाज कर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बर्बतापूर्ण कार्रवाई कर संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाकर रख दी है। जबकि कांग्रेसी मजदूरों के हित वाली मनरेगा को बचाने की मांग को लेकर हो प्रदर्शन करने पहुंचे थे लेकिन प्रदेश की हिटलरशाही सरकार ने कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज कर दिया। उन्होंने लाठी चार्ज करने वाले अधिकारियों, पुलिस कर्मियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर इसकी निष्पक्ष जांच कराकर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर शिव किशोर गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, रईस अहमद मसूदी, आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।



सम्भल। कांग्रेसियों पर लाठीचार्ज के विरोध में तहसील परिसर में धरना देकर नारेबाजी करते कांग्रेसी।



सम्भल- यसदव जी लव स्टोरी के विरोध में डीएम को ज्ञापन देने जाते पूर्व मंत्री अजीत राजू।

# प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने एकत्र किए जल के नमूने

- असमोली विकासखंड के ग्राम रामनगर में डीएमएम से दूषित जल होने की शिकायत

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**असमोली।** जल प्रदूषित होने की डीएम से की गई शिकायत पर पहुंची प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने पानी के नमूने लिए। नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जायेगा।

असमोली विकासखंड के गांव रामनगर में काफी समय से जल प्रदूषण की शिकायतें चली आ रही थी। 22 जनवरी को गांव निवासी गौरव कुमार ने प्रांत उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद मेरठ प्रांत उत्तर प्रदेश में लिखित शिकायत जिला अधिकारी सम्भाग से की। जिलाधिकारी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मुरादाबाद को जल के नमूने लेकर जांच करने के निर्देश दिए। गुरूवार को प्रदूषण विभाग की टीम गांव रामनगर पहुंची और पानी के नमूने लिए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्राधिकारी पीके गुप्ता ने बताया की जल के नमूने ले लिए गए हैं। उनको जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने पर सही जानकारी होगी। शुगर मिल के पीछे राख के डालने से प्रदूषण फैल रहा है। जांच रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी। काला पीलिया के बारे में बताया कि काला पीलिया की बीमारी दूषित जल के कारण ही होती है। रामनगर गांव प्रधान इरशाद ने कहा कि गांव में 70, 80 लोगों की मौतें काला पीलिया से हो गई हैं और पीने का पानी दूषित है। जिसको पीने से ग्रामीणों में काला पीलिया की बीमारी फैल रही है। बहुत बार अधिकारियों से शिकायत की लेकिन जांच टीम आती है और आश्वासन देकर चली जाती हैं अभी तक कोई भी समाधान नहीं हुआ।

# निजी स्वार्थ व दिखावे को समाज सेवा नहीं कहते

- नेकी कर दरिया में डाल

**नादिर रजा ज़ैदी**

**सिरसी।** समाज सेवा का अर्थ है नि:स्वार्थ सेवा भाव से समाज के कल्याण, विकास और लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए किया जाने वाला कार्य। यह किसी भी व्यक्ति द्वारा गरीबों की मदद, शिक्षा का प्रसार स्वास्थ्य सेवाओं में सहायता या सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए भी की जा सकती हैं जो एक सर्वहितकारी प्रक्रिया है।

समाज सेवा शब्द बोलने में तो बहुत हल्का है,लेकिन अगर सही मायनो में किसी नि:स्वार्थ या दिखावे के बिना अगर की जाए तब यह छोटा श शबद बहुत भारी और बड़ा हो जाता है। कमजोर, बीमार, बुजुर्ग व जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और उन्हें आत्म निर्भर बनाना सच्ची समाज सेवा है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य पर्यावरण संरक्षण, महिलाओं व बच्चों का विकास भी शामिल है। कस्बे के कथित समाज सेवकों की बात करें तो ऐसे लोगों की सूची लम्बी है जो अपने रसूख प्रभाव से धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं/संगठनों में भारी भरकम पद हासिल कर लेते हैं,लेकिन देखने में आता है कि ऐसे लोग अपनी ही सेवा करने में सारी ताकत लगा देते हैं। समाज के कथित समाज सेवकों को यह समझना होगा कि गले में समाज सेवा के तमगे डालने या दिखावे से समाज सेवा नहीं होती। किसी भी धार्मिक या सामाजिक संगठन में जोड़-तोड़ से पद हासिल करने से भी समाज सेवा नहीं होगती इसके लिए नीति और नियत दोनों का सही होना ज़रूरी होता है। समाज सेवा का ढोंग , दिखावे से समाज में मान सम्मान नहीं मिलता, हाँ इतना जरुर है कि समाज सेवा के नाम पर संगठनों से मिलने वाले धन का गलत इस्तेमाल कर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की जा सकती है। किसी भी धर्म व समाज के ठेकेदार की चालीस साल पहले की आर्थिक स्थिति की मौजूदा हालात से जब तुलना करता है तब ही सवाल उठता है कि यह सारी दौलत कहाँ से आई? धार्मिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग समाज सेवा के नाम पर अपनी स्थिति मजबूत कर लेते हैं हैं, जबकि ज़रूरतमंद मदद मिलने की उम्मीद ही लगा रहता है। जिसे ना उम्मीदी ही मिलती है। सच बात तो यह है कि समाज सेवा के लिए किसी भी पद ओहदेकी ज़रूरत नहीं होती। किसी संगठन से जुड़े बिना भी समाज सेवा की जा सकती है। जिसे कहते हैं **नेकी कर दरिया में डाल।**

## खाद्य वस्तुओं के दामों में बढ़ोतरी

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**सिरसी।** कल (आज) से रमजान का मुकद्दस महीना शुरू हो गया। जिसे बरकत वाला महीना कहा जाता है,लेकिन खाद्य वस्तुओं के विक्रेताओं ने फलों आदि के दामों में अचानक से बढ़ोत्तरी कर इसे अपने लिए ही बरकत वाला महीना समझ लिया है।

फल, सब्जी व सहरी-इफ्तार में इस्तेमाल होने वाली वस्तुओं के दामों मे अचानक से बढ़ोत्तरी होने से रोजेदारों के माथे पर चिंता की लकीरें पड़ गई है। रमजान माह का चाँद दिखाई देते ही खाद्य वस्तुओं के विक्रेताओं की मनमानी से मध्यम व गरीब वर्ग का घरेलू बजट गड़बड़ा गया है। नगर पंचायत पर भी निगरानी के लिए एक टीम गठित करें जो अधिक मूल्य वसूलने वालों पर निकरानी रखे।

# 14 हज़ार की रिश्वत लेते कानूनगो व मुंशी रंगे हाथ दबौचे

- एंटी करप्शन मुरादाबाद की टीम ने पकड़ा
- किसान से नक्शा दुरुस्तीकरण को एडीएम की आख्या लगवाने के नाम मांगी गई थी रकम

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नक्शा दुरुस्तीकरण के बाद में एडीएम सम्भल को रिपोर्ट/आख्या प्रेषित करने के बदले 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए गुन्नौर तहसील में तैनात कानूनगो व उनके मुंशी को एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को गुन्नौर तहसील से पकड़ने के बाद गुन्नौर थाने में दाखिल कर केस दर्ज किया गया। रिश्वतखोर कानूनगो मूल रूप से मुजफ्फरनगर जिले का रहने वाले है

गुन्नौर तहसील क्षेत्र के गांव ढड्डमरा में रहने वाले बलबीर पुत्र डम्बर ने नक्शा दुरुस्तीकरण को एडीएम को रिपोर्ट/आख्या प्रेषित करने के एवज में रिश्वत मांगी गई। तहसील के चक्कर लगाने के बाद कानूनगो तस्लीम अहमद ने काम कराने के लिए 14 हजार रुपये घूस की मांग की। बाद में सौदा तय हुआ। पीड़ित ने इस पूरे प्रकरण की सूचना एंटी करप्शन टीम को की दी। गुरुवार को पीड़ित बलबीर कानूनगो तस्लीम अहमद व उनके मुंशी महेन्द्र के पास रकम लेकर कार्यालय गुन्नौर तहसील परिसर पर पहुंचा। पीड़ित बलबीर ने जैसे ही कानूनगो और उनके मुंशी को नोट थमाए। वैसे ही पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम दोनों को टीम ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। कानूनगो तस्लीम अहमद मूल रूप से मुजफ्फरनगर जिले के जसवंत नगर,थाना सिविल लाइस के रहने वाले हैं और गुन्नौर तहसील में तैनात थे। जबकि उनका मुंशी महेन्द्र पाल गांव गुन्नौर अब्दुल हई थाना गुन्नौर का रहने वाला है। गिरफ्तारी के बाद दोनो आरोपितों को गुन्नौर थाने लाया गया। यहां एंटी करप्शन मुरादाबाद थाने के प्रभारी निरीक्षक नवल मारवाह ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया। कानूनगो अपने मुंशी के साथ रंगे हाथ रिश्वत लेते पकड़े जाने की सूचना फैलते ही तहसील कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया।



सम्भल- रंगे हाथ रिशवत लेते पकड़े गए रिश्वतखोरों को ले जाती एंटी करप्शन की टीम

# 2027 में अखिलेश को मुख्यमंत्री बनाना लक्ष्य: आदित्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** सांसद आदित्य यादव ने अपने संसदीय क्षेत्र बदायूं के अंतर्गत गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र का व्यापक दौरा किया। दौरे की शुरुआत बबराला स्थित यारा फर्टिलाइजर बबराला परिसर से हुई, जहां उन्होंने समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता से मुलाकात कर स्थानीय मुद्दों पर संवाद किया। इस दौरान क्षेत्रीय विकास, रोजगार के अवसर, औद्योगिक गतिविधियों तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं व नागरिकों ने सांसद के समक्ष अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। इसके पश्चात सांसद सप्तऋषि साधु मढ़ी आश्रम पहुंचे और संतों से आशीर्वाद लिया। आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सामाजिक सद्भाव, आध्यात्मिक मूल्यों और जनकल्याण के महत्व पर विचार-विमर्श हुआ। स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने सांसद का स्वागत करते हुए क्षेत्र की प्रगति व शांति के लिए सकारात्मक पहल की अपेक्षा जताई। इसके उपरांत सांसद ग्राम ईसमपुर डांडा पहुंचे, जहां प्रदीप यादव उर्फ गुड्डू के आवास पर आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान सांसद आदित्य यादव ने लोकतंत्र में मतदाता के अधिकारों की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में हर नागरिक का वोट उसकी आवाज है। हम सबको सतर्क रहना होगा। बीजेपी वाले प्रक्रिया में गड़बड़ी कर हमारा-आपका वोट काटना चाहते हैं। हमें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूक रहना होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची की जांच, बूथ स्तर की तैयारियों और जन-जागरूकता अभियान को मजबूत करने का आहवान किया। इसे साथ-साथ जनसभा में क्षेत्रीय विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं, सड़क, सिंचाई तथा किसानों से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। सांसद ने कहा कि जनता के सहयोग से क्षेत्र के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और जनसमस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। अपने संबोधन में सांसद ने वर्ष 2027 के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय, विकास और समावेशी राजनीति के एजेंडे के साथ समाजवादी पार्टी को सशक्त करना समय की मांग है। समाजवादी सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने विकास कार्यों, समाजवादी पेंशन, लैपटॉप वितरण जैसी योजनाओं को रेखांकित किया। अंत में सांसद ने कहा कि हम सब को मिलकर 2027 में यूपी में पीडीए की सरकार बनाना हैं और अखिलेश यादव जी को पुन: उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है दौरे के अंत में सांसद ने गुन्नौर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर विभिन्न सामाजिक, संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रमों में सहभाग किया। इस अवसर पर असगर अली, राजेश यादव पूर्व विधायक, विमलेश कुमारी, कृष्ण मुरारी शंखधर, पीयूष रंजन, अमित यादव, अनिल यादव, अशोक यादव सहित कई प्रमुख लोग व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फलों की कीमतों ने छुआ आसमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पहले ही रमजान को फलों की कीमतों ने आसमान को छू लिया है। अब तक काफी कम कीमत में मिलने वाले फलों के दाम से आम आदमी के स्वाद से दूर हो गए है।

रमजान से एक दिन पूर्व तक पपीता की कीमत 20 से तीस रुपया तक आवाज लगाकर बेचा जा रहा था। जबकि अमरूद 50 रुपये किलो में आसानी से मिल रहा था। सेब 140 से 150 तक बिक रहा था, जबकि खजूरों के दामों में भी कोई खास बढ़ोतरी नहीं थी। लेकिन रमजान का पाक महीना शुरू होते ही पहले रोजे को ही फलों में दामों ने आंसू निकालकर रख दिए। पपीता जहां 50 से 60 जबकि केला 70 से 80 और सेब 190 से 200,अमरूद 100 से 120 और बढ़िया किस्म को खजूरों के दामों में भी जमकर उछाल मारा।

# खराब प्रगति पर रतूपुरा की एएनएम पर कार्रवाई के निर्देश

- जिला स्वास्थ्य समिति-शासी की बैठक में कम प्रगति पर डीएम नाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक में पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर क्या अनुपालन हुआ उस पर चर्चा की गयी।

कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि सोमवार से रविवार तक आयुष्मान की प्रगति में बढ़ोतरी लाई जाए। उन्होंने कहा कि आशा आंगनबाड़ी एवं पंचायत सहायकों को लगाकर आयुष्मान कार्ड की प्रगति में बढ़ोतरी की जाए।जबकि जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा एफआरयू, तथा एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, सीएचओ द्वारा ई संजीवनी ओपीडी की स्थिति पर विकास खण्ड वार पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव का डेटा एएनएम वार निकाला जाए। बैठक में प्रधनमंत्री जन आरोग्य योजना पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी एमओआईसी को निर्देशित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर इस योजना पर कार्य करें तथा सीएचओ तथा एएनएम को प्रेरित करें। आभा आईडी को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को डिलीवरी प्वांइट को बढ़ाना सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एनटीईपी,ई संजीवनी कोल्ड चेन, पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा की आशाओं को किट वितरण की जाए जिससे वह अपना काम समय से कर सकें आईसीडीएस को प्रगति खराब होने को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा जिन सीडीपीओ की प्रगति खराब पाई गई उनको कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। गुमसानी एवं मछरिया के पीएचसी को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी लेकर कहा कि अगली बैठक में पीएचसी निर्माण एजेंसी को बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि पीएचसी का परीक्षण लोक निर्माण विभाग से कराया जाए। इसके अलावा जिन आशाओं की प्रगति खराब है उनके खिलाफ कार्रवाई संज्ञान में लाई जाने के निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने कहा कि जिन एएनएम एवं सीएचओ की प्रगति खराब है उन्हें स्पष्टीकरण जारी किया जाए एवं 7 दिन बाद स्पष्टीकरण सहित उनके कार्यालय में उपस्थित हों। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की एएनएम असमोली ग्राम रतूपुरा की प्रगति खराब है उसे निकालने के करवाई सुनिश्चित की जाए। विकासखंड जुनावई के ग्राम गणेशपुर होलिकाबाद से आशा की प्रगति खराब होने पर आशा को हटाने की कार्यवाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। जबकि बीएचएसएनडी सत्र को लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने जानकारी ली और संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. पंकज विश्नोई ने शत प्रतिशत टीकाकरण कराने को लेकर संबंधित को निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजेंद्र सैनी, सभी एमओआईसी आदि मौजूद रहे।



सम्भल-जिला स्वास्थ्य समिति-शासी की बैठक लेते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

## स्थानांतरित अपर पुलिस अधीक्षक को दी विदाई

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** गैर जनपद के लिए स्थानांतरित की गई अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी को समारोह पूर्वक विदा किया गया।

बहजोइ के पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने गैर जनपद के लिए स्थानांतरित अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण अनुकृति शर्मा के कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की। जबकि उन्हे स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें कि अपने ईमानदार कार्यकाल के लिए जानी जाने वाली अनुकृति शर्मा के प्रयासों से बीमा माफियों के बड़े रैकेट का खुलासा हुआ और करोड़ों की बीमा रकम हड़पने का भंडाफोड़ होने के साथ माफियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया।

# बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में गुरुवार को आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप से पेट्रोल भरवाने आए ग्रामीण की स्कूटी को बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया। तो चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं युवक नोएडा में मजदूरी करता था।

गुरुवार को थाना बबराला के गांव दादपुर निवासी प्रेमपाल (32)पुत्र गंगा सहाय गांव दादपुर से बबराला आगरा-मुरादाबाद राजमार्ग पर पेट्रोल पंप पर स्कूटी में पेट्रोल डलवाने आया था। तभी तीव्र गति से आ रही एक बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष बबराला सौरभ त्यागी सरकारी गाड़ी से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताते हैं मृतक के एक पुत्र बॉबी है जो अभी 5 साल का है। मृतक की पत्नी ओमवती एवं परिजनों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पर रो रोकर बुरा हाल था। थानाध्यक्ष बबराला सौरभ त्यागी ने बताया कि टक्कर मारने वाली बोलेरो को पकड़ लिया है। जबकि ड्राइवर भाग गया। तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। घायल को वह ही अपनी गाड़ी से सीएससी गुन्नौर लेकर गए।

## गुन्नौर ब्लॉक प्रमुख ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** गुन्नौर ब्लॉक प्रमुख ने यादव-जी की लव स्टोरी फिल्म को रिलीज नहीं होने देने को एसडीएम को ज्ञापन दिया। यादव समुदाय के लोगों ने यादव जी की लव स्टोरी फिल्म के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने फिल्म की रिलीज रोकने की चेतावनी देते हुए गुन्नौर एसडीएम अवधेश कुमार को आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यादव समाज ने कहा कि आगामी फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर पूरे जनपद और समाज में गहरा असंतोष है उन्होंने अपनी प्रमुख चिंताएं व्यक्त करते हुए आरोप लगाया कि फिल्म के शीर्षक में यादव शब्द का प्रयोग केवल व्यावसायिक लाभ और सनसनी फैलाने के उद्देश्य से किया गया है। समुदाय का मानना है कि यह समाज की गरिमा को कम करने का प्रयास है।

## चमन सराय मार्ग पर रोजेदारों को जूझना पड़ रहा है जाम के झाम से

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** रमजान माह में फलों व अन्य सामानों की बिक्री के लिए लगे ठेलों, रेहड़ी और दुकानों से खरीददारी करने आने वाले रोजेदारों को जाम के झाम से जूझना पड़ रहा है। जाम लगा रहे ई रिक्शा कोतवाली मार्ग से आकर लोगों को काफी देर तक फंसे रहने के लिए मजबूर कर रहे है। जबकि ई रिक्शा की भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र पुराना अस्पताल चौराहा से चमन सराय और कोतवाली मार्ग तक आने जाने की मनाही बतायी जा रही है लेकिन ई रिक्शा चालक देर दारीबा और कोतवाली के सामने से होकर चमन सराय मियां मीरन शाह मार्ग पर आने-जाने से काफी देर तक जाम के झाम से रोजेदारों को जूझना पड़ रहा है। जिससे रोजेदारों को खासी परेशानी हो रही है।


## कार्यालय नगर पंचायत सिरसी (सम्भल)

पत्रांक:- 1286/न.प.-सिरसी/2025-26 दिनांक:-18-02-2026

**साप्ताहिक पैंठ बाजार की ठेका नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सिरसी (सम्भल) में वर्ष 2026-27 (01.04.2026 से 31.03.2027 तक) हेतु ठेका साप्ताहिक बाजार की नीलामी खुली बोली के माध्यम से दिनांक-05.03.2026 दिन बृहस्पतिवार को समय अपरान्ह 01:00 बजे कार्यालय नगर पंचायत के सभागार कक्ष में की जायेगी। नीलामी ठेका लेने वाले व्यक्ति को ठेका साप्ताहिक पैंठ बाजार हेतु जमानत धनराशि अंकन-200000/- रूपये प्रकाशन की तिथि से दिनांक 05.03.2026 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे तक जमा करनी होगी। नीलामी में भाग लेने हेतु ठेका साप्ताहिक पैंठ बाजार हेतु 2000 रू. पंजीकरण शुल्क जमा कराना अनिवार्य होगा। किन्तु पंजीकरण धनराशि अंकन 2000.00 रूपये वापस नहीं होगी। नीलामी की बोली धनराशि अंकन-1557600/-रू. से प्रारम्भ की जाएगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड बोलीदाता के 02 फोटो, किसी मुकदमें में पंजीकृत नहीं है व ब्लैक लिस्टिड नहीं होने का शपथ-पत्र, पेन कार्ड व बेंक पासबुक या कैंसल चैक की छाया प्रति जमा करनी होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सिरसी, सम्भल।

अध्यक्ष
नगर पंचायत सिरसी, सम्भल।

# मामूली विवाद के चलते दोस्त ने की थी सुमित की हत्या, थाना मूढापाण्डे पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर किया खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मूढापाण्डे क्षेत्र में हुए सुमित हत्याकांड का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त आला कत्ल स्टील ब्लैड तथा मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद किया है।पुलिस के अनुसार 11 जनवरी की सुबह नव निर्माणाधीन ओवरब्रिज, दलपतपुर मुरादाबाद-रामपुर हाईवे के पास एक युवक का शव बरामद हुआ था। युवक के गले पर धारदार हथियार से वार के निशान पाए गए थे। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारी, थाना पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की पहचान सुमित उर्फ भूरा पुत्र ओमपाल निवासी ग्राम गनेशघाट, थाना मूढापाण्डे, हाल निवासी



मूढापाण्डे के रूप में हुई थी।इस संबंध में मृतक की पत्नी शालिनी उर्फ प्रियंका की तहरीर पर थाना मूढापाण्डे में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और इलेक्ट्रॉनिक व भौतिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया।जांच के दौरान घटना में संलिप्त आकाश पुत्र रामप्रताप निवासी बड़े अंडरपास के सामने, ग्राम व थाना मूढापाण्डे को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह और मृतक पूर्व में एक ही फैक्ट्री में कार्य करते थे और एक-दूसरे को जानते थे। 10 जनवरी की शाम वह सुमित को हनुमान मूर्ति चौराहे के पास मिला और अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर मूढापाण्डे की ओर चल पड़ा। रास्ते में मृतक शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगा और जीरो प्वाइंट हाईवे पर बाइक का संतुलन बिगाड़ दिया।निर्माणाधीन अंडरपास के पास दोनों के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। इसी दौरान गुस्से में आकर आकाश ने बाइक की डिग्गी में रखा स्टील ब्लैड निकाल. कर सुमित की गर्दन पर कई वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

### श्री अशोक कुमार गुप्ता को डिवीजनल वार्डन के पद पर पदोन्नति

**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** अशोक कुमार गुप्ता, स्टाफ



अधिकारी टू डिवीजनल वार्डन, कोतवाली डिवीजन, नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद को डिवीजनल वार्डन (आरक्षित) के पद पर पदोन्नति दी गई है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा यह पदोन्नति उनके आगामी नवीनीकरण तक के लिए की गई है। श्री गुप्ता वर्ष 1989 से नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद से अवैतनिक रूप से जुड़े हुए हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

उन्हें उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए दो बार महामहिम राष्ट्रपति जी के पदक से सम्मानित किया जा चुका है, जो गणतंत्र दिवस 2000 और गणतंत्र दिवस 2006 में दिए गए थे। इसके अलावा, श्री गुप्ता को दो बार महानिदेशक, नागरिक सुरक्षा, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी वर्ष 2008 और 2011 में सम्मानित किया जा चुका है। वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र 2018 से सम्मानित किया गया था। श्री गुप्ता की पदोन्नति पर नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है। उनकी पदोन्नति को नागरिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में विवाहिता ने पति समेत छह पर दर्ज कराया मुकदमा

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना मझोला क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला प्रकाश में आया है। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति सहित छह ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता महसर जहां पत्नी समीर अहमद, निवासी मियां कॉलोनी थाना मझोला ने आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ही ससुराल पक्ष की ओर से बाइक और पांच लाख रुपये की अतिरिक्त दहेज मांग की जा रही थी। मांग पूरी न होने पर उसे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। महिला का कहना है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट, गाली-गलौज की गई और दबाव बनाया गया।

शिकायत में यह भी आरोप है कि पति ने उसे तीन तलाक देने की धमकी दी। देवर, ननद और अन्य परिवारजन पर भी उत्पीड़न और अभद्र व्यवहार के आरोप लगाए गए हैं। पीड़िता ने बताया कि लगातार अत्याचार से परेशान होकर उसने पुलिस की शरण ली।थाना मझोला पुलिस ने संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है, सभी पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में दर्ज कराया मुकदमा

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना पाकबड़ा क्षेत्र में एक व्यक्ति पर पिस्तौल तानकर धमकी देने और मारपीट करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।गुरेठा रोड भूड़ निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 फरवरी को वह पाकबड़ा स्थित एक शादी हॉल के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान क्षेत्र का ही रहने वाला शानू नामक युवक वहां पहुंचा और उन्हें रोक लिया। आरोप है कि बिना किसी कारण गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर मारपीट करने लगा।पीड़ित के अनुसार आरोपी ने गला दबाने के बाद अपनी कमर में लगी पिस्तौल निकालकर उन पर तान दी और जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास मौजूद लोग मौके की ओर दौड़े तो आरोपी फरार हो गया।थाना पाकबड़ा पुलिस ने संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

### टिमिट में फाइनेंस क्लब के अंतर्गत शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन

**मुरादाबाद।** टिमिट में एमबीए प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए फाइनेंस क्लब के अंतर्गत एक ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी शैक्षणिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों को वित्तीय, आर्थिक एवं



व्यावसायिक समाचारों के प्रति जागरूक करना तथा समसामयिक घटनाओं से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को टाइम्स ऑफ इंडिया एवं इकोनॉमिक टाइम्स समाचार पत्रों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। फैकल्टी सदस्यों द्वारा दोनों समाच. ार पत्रों की संरचना, प्रत्येक पृष्ठ की महत्ता, राष्ट्रीय एवं अंत. रराष्ट्रीय समाचार, आर्थिक गति. विधियाँ, शेयर बाजार, कॉरपोरेट जगत तथा वित्तीय विश्लेषण से संबंधित विषयों को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया। इस अवसर पर टिमिट के डीन प्रोफेसर विपिन जैन ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एमबीए छात्रों के लिए नियमित रूप से समाचार पत्र पढ़ना अत्यंत आवश्यक है। इससे न केवल उनका सामान्य ज्ञान बढ़ता है, बल्कि विश्लेषण क्षमता, निर्णय लेने की योग्यता एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण का भी विकास होता है। उन्होंने छात्रों को प्रतिदिन टाइम्स ऑफ इंडिया एवं इकोनॉमिक टाइम्स जैसे प्रतिष्ठित समाचार पत्र पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और इस गति. विधि को अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत लाभकारी बताया। यह आयोजन फाइनेंस क्लब की ओर से छात्रों को व्यवहा. रिक ज्ञान से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय पहल सिद्ध हुआ

# युवक के साथ जमकर मारपीट सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दबंगों द्वारा एक युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। घटना 8 फरवरी की दोपहर करीब 1:30 बजे रहमत नगर गली नंबर-1 में हुई। आरोप है कि मामूली विवाद को लेकर चार युवकों ने मोहम्मद समी नामक युवक को बीच सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मारपीट की पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।पीड़ित के पिता साहिबे आलम ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पड़ोस में रहने वाले साजिद, आजम, शाकिर और साबिर ने रंजिश के चलते उनके बेटे के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से हमला किया। इतना ही नहीं, आरोपियों पर गले से सोने



की चेन, घड़ी और पांच हजार रुपये छीनने का भी आरोप है।

घायल अवस्था में युवक को पुलिस द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक दिन उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद छोड़ दिया और अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं, पीड़ित परिवार ने आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने की भी शिकायत की है। पीड़ित परिवार ने पुलिस प्रशासन से आरो. पियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# आगामी त्योहारों को लेकर सदर कोतवाली में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** रमजान, होली, ईद-उल-फितर और नवरात्र पर्व को लेकर गुरुवार को सदर कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर आपसी सौहार्द, सहयोग और भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीओ सिटी सुनीता दहिया ने कहा कि जनपद में सभी त्योहार वर्षों से गंगा-जमुनी तहजीब के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परंपरा यहां के लोगों की आपसी समझ, सहयोग और भाईचारे का प्रतीक है। आगामी पर्वों को भी इसी भावना के साथ मनाया जाए और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग किया जाए।कोतवाली प्रभारी ने उपस्थित लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह



या भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें। यदि कोई व्यक्ति माहौल खराब करने की कोशिश करता है या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत संदेश फैलाता है, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।बैठक में विशेष रूप से सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी अपुष्ट या भड़काऊ पोस्ट को शेयर न करें और जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। सभी समुदायों के प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।अंत में सभी ने एक स्वर में त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संकल्प लिया, ताकि जिले की आपसी एकता और भाईचारे की परंपरा कायम रहे।

# लखनऊ में हुए लाठीचार्ज के विरोध में महानगर में कांग्रेस का सत्याग्रह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** लखनऊ में मनरेगा बचाओ आंदोलन के दौरान हुए लाठीचार्ज के विरोध में गुरुवार को मुरादाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सत्याग्रह कर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया गया।सत्याग्रह कंपनी बाग स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष आयोजित हुआ, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए लाठीचार्ज की घटना की निंदा की।कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद गुम्बर ने आरोप लगाया कि 17 फरवरी को



विधानसभा घेराव के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने बल प्रयोग किया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई में कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं घायल हुईं। उनका आरोप था कि यह कार्यवाही सरकार के इशारे पर की गई, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।कांग्रेस नेताओं का कहना है कि पार्टी कार्यकर्ता मनरेगा और श्रमिकों से जुड़े मुद्दों को लेकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने विधानसभा पहुंचे थे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन पर लाठीचार्ज लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। घटना के बाद प्रदेशभर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त है और जगह-जगह विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं।जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी बात रखने का अधिकार सभी को है और कांग्रेस जनता की आवाज उठाती रहेगी। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया

# नाबालिग छात्रा को भगा ले जाने का आरोप, दर्ज कराया मुकदमा

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने नामजद युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार कटघर क्षेत्र के भदौड़ा निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री को मोहल्ले का ही एक युवक शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया। परिजनों का आरोप है कि आरोपी ने पहले युवती से संपर्क बढ़ाया और फिर उसे घर से बाहर बुलाकर फरार हो गया।घटना की जानकारी होने पर परिवार ने आसपास तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना पुलिस का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और युवती की बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।साथ ही आरोपी के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और लोकेशन खंगाली जा रही है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही युवती को सकुशल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।


**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पुत्री मुस्कान पुत्री जमील अहमद को उसके गलत चालो चलन व नाफरमानी के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में मुस्कान के द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। जमील अहमद आयु लगभग **50** वर्ष पुत्र श्री अब्दुल वहीद निवासी नई बस्ती, भोजपुर, पीपलसाना थाना भोजपुर, जिला मुरादाबाद।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 2 )
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी0 डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**
**सिविल वाद सं०** 568 सन् 2025
**तारीख पेशी:** 20.03.2026
अनिल कुमार पुत्र स्व. रामचन्द्र निवासी गुलाब कालौनी नजदीक चामुण्डा मंदिर 105 बंगला गांव शहर व जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. निर्झर कुमार पुत्र स्व. रामचन्द्र, 2. श्रीमति रिंकी पत्नी निर्झर कुमार निवासीगण गुलाब कालौनी बंगला गांव मुरादाबाद हाल निवासी ब्रैड फैक्ट्री के पीछे खुशहालपुर शहर व जिला मुरादाबाद।

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 20 माह 03 सन् 2026 को समय प्रात: 10:00 दिन के असालतान या मॉर्फत वकील के जो उमूर अहमद मुताल्लिके मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताइये अपनी जवाब देही के इस्तेमाल करना चाहते हों।

आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूआ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 19 माह 02 सन् 2026 ई० जारी की गई।

**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज**
**( सी०डि० ) जनपद-मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब आर्डर 5, कायदा 1 व 5
**न्यायालय अपर सिविल जज ( जू0डि0 ) कोर्ट नं० 6 महोदय, जिला मुरादाबाद।**
मूलवाद वाद संख्या: 45 सन् 2008
**तारीख पेशी:** 27.02.2026
**श्रीमति आयशा खातून**
**बनाम वाजिद हुसैन**
1. अब्दुल रहमान, 2. अब्दुल हन्नान पुत्रगण श्रीमती शाईस्ता परवीन एवं अथर कामरान निवासीगण मकान नं० बी-103, जिगर कालोनी, निकट झूले वाला पार्क, मुरादाबाद।
हरगाह **वादिनी** ने आपके नाम एक नालिश बाबत घोषणात्मक डिग्री हेतु योजित की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27 माह 02 सन् 2026 को समय प्रात: 10.00 बजे असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से वाकिफ किया गया हो और जो कुल अमूरात अहम मुताल्लिक मुकदमा का जवाब दे सके या, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिस पर आप बताईद अपनी जवाब देही के इस्तदलाल करना चाहते हों। लिहाजा आपको इत्तला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे, तो मुकदमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला होगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित आज दिनाँक को जारी किया गया।

**अहलमद**
**अपर सिविल जज ( जू.डि. )**
**कोर्ट सं0 6, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

हमने अपने पुत्र रवि व पुत्रवधू श्रीमती माही को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद हमारा व हमारे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **शिवकुमार पुत्र राम सरन व श्रीमती सुधा पत्नी शिव कुमार हाल निवासीगण एकता कॉलोनी थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र बृजपाल सैनी व पुत्रवधू श्रीमती शिवानी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **बीरबल सैनी पुत्र सिपाही लाल सैनी निवासी गोविंद नगर थाना कटघर, तहसील व जिला मुरादाबाद।**


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)

पत्रांक: 3819/आंकिक/क्षेत्र पंचायत/2025-26 दिनाँक: 18.02.2026

**::-निविदा सूचना-::**

क्षेत्र पंचायत भगतपुर टाण्डा जिला मुरादाबाद की आयोजित बैठक दिनांक 10.1.2025 एवं 13.10.2025 में परित कार्य योजना के सापेक्ष क्षेत्र पंचायत पंचम राज्य वित्त मे निम्नलिखित कार्य इस विकास खण्ड में जनहित में कराये जाने है इच्छुक ठेकेदार दिनांक 19.02.2020 से 05.03.2026 को अपरान्ह 12. 30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाये अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से क्रय कर दिनांक 05.03.2020 को अपरान्ह 12.30 बजे तक कार्यालय में आवश्यक प्रपत्रो सहित एव जमानत राशि ( बैंक एफ०डी०आर० ) संलग्न कर अपनी-अपनी निविदाएं अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदा प्रपत्र मे एंव शर्ते कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त होगी निविदा स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा विकास खण्ड कार्यालय पर दिनांक 05.03.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्रस्ताव संख्या | लम्बाई ( मी० ) | धनराशि ( लाख में ) | निविदा मूल्य 500+500 स्टेशनरी | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पीपलसाना में मोहम्मद अली के मकान से रहीस के मकान की ओर सी सी टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 40 | 165 | 866543 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 2 | ग्राम गूंगा नगला से निरंकार सिंह के मकान से नरेश वाल्मीकि के मकान की ओर सी सी टाइल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 25 | 32 | 202836 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 3 | ग्राम मिलक सिकमपुर पाण्डे में असगर अली मुल्ला जी के मकान से सोकीन मुखिया की बैठक की और सी सी टाइल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 60 | 71 | 803280 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 4 | ग्राम सरदार नगर में नासिर अली के घर से मुरतुजा के घर की ओर सी सी टाइल्स एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 66 | 80 | 610169 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 5 | ग्राम भगतपुर टांडा में शमशान घाट से राजवीर के खेत की ओर सी सी टाइल्स रोड निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 67 | 90 | 765257 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 6 | ग्राम बराही लालपुर में छोटे के मकान से सूरज के मकान की ओर खड़ंजा निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 55 | 153 | 844995 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 7 | ग्राम जाहिदपुर सीकमपुर में गुलफाम के मकान से फुरकान के मकान की ओर सी सी टाइल्स रोड एवं नाली निर्माण कार्य | पंचम राज्य वित्त | 53 | 64 | 508151 | 1000 | 2% | 3 माह |
| 8 | विकास खंड भगतपुर टांडा कार्यालय में सोलर इवर्टर स्थापना कार्य | पंचम राज्य वित्त | 1 | 0 | 847034 | 1000 | 2% | 3 माह |

**( अमर सिंह )**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।**

## एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव का हुआ शुभारंभ

**मुरादाबाद।** श्रीराम बालाजी धाम स्थित बाबा नींव करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वावधान में बाबा नींव करोरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव का शुभारंभ श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नवग्रह एवं देवी-देवताओं के आह्वान और विधिवत पूजन से हुई। काशी से पधारे आचार्य डॉ. घनश्याम त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अग्नि प्रज्वलित कर पंच कुंडीय महायज्ञ का आरंभ कराया।ट्रस्ट के संस्थापक एवं महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि पांच दिवसीय उत्सव के अंतर्गत सवा लाख आहुतियां अर्पित की जाएंगी। प्रथम दिवस पर 1100 आहुतियां समर्पित की गईं। साथ ही हनुमान जी, श्री राधा-कृष्ण एवं शनि देव महाराज की प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के तहत जलादिवास की रस्म भी संपन्न हुई। संध्या में खाटू श्याम बाबा की भव्य भजन संध्या आयोजित हुई। महानगर के प्रसिद्ध गायक पंडित राज. कुमार गोस्वामी और उनकी टीम ने भक्तिमय प्रस्तुति दी। गणेश वंदना सुमित शर्मा ने प्रस्तुत की। "हारा हूं बाबा मुझे तुझ पर भरोसा है" सहित अन्य भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम में अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## खुदा की बारगाह में झुके सर, लबों पर दुआ रमजान में रोजे रखने के लिए बच्चो में उत्साह

**कुंदरकी।** रमजान का चांद दिखाई देती हीं खुदा की बारगाह में मुस्लिम समाज के सज्जदा करने के लिए सर झुक गए और आँखो में आंसू और लबों पर दुआ के साथ मुल्क की तरक्की के लिए हजारों हाथ उठे।

गुरुवार की शाम रमजान का चांद दिखाई देते हीं अल्लाह की इबादत करने के लिए मस्जिद व पवित्र स्थानो पर ताराबी पढ़ने व नमाज अदा करने के लिए भारी सख्या मे लोगो की भीड़ नजर आई तथा वही घरों मे महिलाओं और बच्चो ने कुरआन की तिलावत करनी शुरु कर दी तथा रोजा रखने के लिए लोगो के साथ बच्चो भी रोजा रखने के लिए काफी उत्साहित नजर आए। नगर के मुहल्ला सादात निवासी मेंहदी नकवी के 9 वर्षीय बेटे रुशद अब्बास नकवी ने पहली बार पहला रोजा रखा जिससे उसके परिवार मे खुशी का महौल कायम रहा। तथा रोजा इफ्तार के लिए बजार मे खरीदारी करने के लिए लोगो की भीड़ उमड़ी।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'फिट इंडिया अभियान' के अंतर्गत "फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज" थीम पर आधारित एक योग सत्र का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय परिसर में शासन के निर्देश के अनुपालन में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा 'फिट इंडिया अभियान' के अंतर्गत "फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज" थीम पर एक 'योग सत्र' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली का आधार है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों को नियमित योगाभ्यास अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए इस प्रकार के लाभदायी कार्यक्रमों की निरंतरता पर बल भी दिया। वहीं एनएसएस इकाई के समन्वयक प्रो. बी. के. सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मन को एकाग्र और सकारात्मक ऊर्जा से भी भरता है। साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा योग करने का संकल्प लेने का आह्वान किया, जिससे स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण हो सके। 'योग सत्र' के दौरान कार्यक्रम के आयोजक व स्कूल ऑफ साइंसेज के शिक्षक डॉ. अशोक कुमार द्वारा विभिन्न योग क्रियाओं जैसे कि योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान आदि का योगाभ्यास कराया गया। साथ ही उन्होंने प्रतिभागियों को योग के माध्यम से तनाव मुक्ति, एकाग्रता वृद्धि तथा समग्र स्वास्थ्य लाभ के महत्व को भी समझाया। अंत में आयोजकों द्वारा सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में श्री दीपक शर्मा, डॉ. समीर चंद्र, डॉ. स्मिता ज्योति, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉ. अंशुल दुबे समेत कई अन्य शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने सक्रिय सहभागिता के माध्यम से कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान 20 विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।




## युवक का अपहरण कर अतरौली क्षेत्र में फेंका, रस्सी से बंधा मिला

**चन्दौसी।** संभल जनपद के बबराला थाना क्षेत्र के गांव कैल निवासी एक युवक का अपहरण कर फिरौती के उद्देश्य से अतरौली क्षेत्र में ले जाने का मामला सामने आया है। अपहृत युवक की पहचान ग्रीश पुत्र झांझन सिंह के रूप में हुई है, जिसके अपहरण की रिपोर्ट परिवार द्वारा पूर्व में दर्ज कराई गई थी। बुधवार को युवक अतरौली तहसील के थाना दादों क्षेत्र अंतर्गत गांव गोपालपुर के बाहर हजारा नहर की पटरी पर रस्सी से बंधा हुआ पड़ा मिला।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है। परिजनों के अनुसार, 10 फरवरी की रात ग्रीश गांव के नलकूप पर सोने गया था। देर रात करीब एक बजे गांव के ही झम्मन, अनमोल, शिवकुमार तथा तीन अज्ञात व्यक्ति कार से पहुंचे, जिन्होंने युवक के साथ मारपीट कर उसका अपहरण कर लिया। घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दी गई थी और मामला दर्ज किया गया था। बुधवार को गोपालपुर निवासी साहब सिंह ने डायल 112 पर सूचना दी कि नहर किनारे एक युवक रस्सी से बंधा पड़ा है, जिसके बाद पुलिस ने उसे बरामद किया। बताया जा रहा है कि हजारा नहर क्षेत्र पहले बीहड़ और आपराधिक गतिविधियों के लिए कुख्यात रहा है, हालांकि लंबे समय से इस प्रकार की घटनाओं में कमी आई थी। लगभग दो दशक बाद इस तरह की घटना सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के निर्देशन में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत गुरुवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय राजपुरा में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा करने में सक्षम बनाना रहा। प्रशिक्षक सुरेश कुमार एवं सृष्टि ने छात्राओं को हैमर किक, फ्रंट जंप किक और नकल पंच जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का अभ्यास कराया तथा शरीर के संवेदनशील वीक पॉइंट्स के बारे में जानकारी दी, जिससे छात्राएं जरूरत पड़ने पर प्रभावी ढंग से आत्मरक्षा कर सकें। प्रशिक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि



छात्राएं उत्साहपूर्वक मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण ले रही हैं और कार्यक्रम में उनकी अच्छी सहभागिता रही। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिले के जूनियर हाई स्कूलों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृत्ति एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सहित महिलाओं और बालिकाओं के हित में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई, ताकि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ मिल सके और बालिकाएं सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकें।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# बरात लेकर चले दूल्हे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### दूसरे समुदाय की युवती से पहले ही कर चुका था कोर्ट मैरिज, पत्नी की शिकायत पर दूल्हा पति गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** युवती की बरात न होने से परिजनो में हड़कंप मच गया। शादी की खुशियों उस समय ग्रहण लगा जब पुलिस ने दूल्हे को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। आरोप है कि युवक ने पहले से दूसरे समुदाय की युवती से कोर्ट मैरिज कर रखा था। कोतवाली क्षेत्र के ठाकुरद्वारा सुरजननगर मार्ग स्थित व्यक्ति की पुत्री की बरात आज (गुरूवार) आनी थी। युवती के परि. जनों ने शादी की सभी तैयारियां पूर्ण कर रखी थी। बरात के लिए खाना भी बना और दहेज का सामान भी सजा हुआ था। दूल्हन के हाथों पर मेहंदी सज गई। दूल्हन ने मन में अपने जीवन साथी के साथ रहने की खुशिया के सपने भी सजा लिये। दूल्हन के पक्ष के लोग करीब 1.00 बजे तक बरात का इंतजार करते रहे। जब बरात आने में देरी हो गई तब, दूल्हन के पिता ने बिचौलियां से फोन कर बरात के आने की जानकारी लेने कहा तो पता चला की दूल्हे से पहले से ही दूसरे समुदाय की युवती से कोर्ट मैरिज कर रखा था। जब युवती को पता चला की बरात जाने वाली है, तभी उसने उत्तराखंड की कोतवाली काशीपुर से शिकायत करते हुए बरात रूकवाए जाने गुहार लगाई। युवती की शिकायत पर उत्तराखंड पुलिस ने दूल्हे सहित उसके परिजनो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। उधर दूल्हन की बरात न आने से सारी खुशियो सपनो पर पानी फिर गया। बरात की आने की सुखिया गम तब्दील हो गई। युवती की बरात न होने से गांव चर्चा का विषय बना है।

## जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा कर दिए कड़े निर्देश

**चन्दौसी।** कलक्ट्रेट सभागार बहजोई जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति-शासी निकाय की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत पूर्व जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के बिन्दुओं पर क्या अनुपालन हुआ उस पर चर्चा की गयी। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति के विषय में जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने कहा कि सोमवार से रविवार तक आयुष्मान की प्रगति में बढ़ोतरी लाई जाए। उन्होंने कहा कि आशा आंगनवाड़ी एवं पंचायत सहायकों को लगाकर आयुष्मान कार्ड की प्रगति में बढ़ोतरी की जाए। जननी सुरक्षा योजना को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा एफआरयू, एचएमआईएस पोर्टल पर एएनसी जांच, प्रसव तथा टीकाकरण, आरसीएच फीडिंग, सीएचओ द्वारा ई-संजीवनी ओपीडी की स्थिति पर विकास खण्ड वार पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव का डेटा एएनएम वार निकाला जाए। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना पर चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त एमओआईसी को निर्देशित करते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर इस योजना पर कार्य करें तथा सीएचओ तथा एएनएम को प्रेरित करें। आभा आईडी को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि डिलीवरी प्वाइंट को बढाना सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एनटीईपी,ई संजीवनी कोल्ड चेन, पर भी चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि आशाओं को किट वितरण की जाए जिससे वह अपना काम समय से कर सकें आईसीडीएस की प्रगति खराब होने को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की तथा जिन सीडीपीओ की प्रगति खराब पाई गई उनको कड़ी चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। गुमसानी एवं मछरिया के पीएचसी को लेकर जिलाधिकारी ने जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में पीएचसी निर्माण एजेंसी को बुलाया जाए और उन्होंने कहा कि पीएचसी का परीक्षण लोक निर्माण विभाग से कराया जाए।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'इंडस्ट्री 4.0 एण्ड स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग' विषय पर आयोजित हुआ वेबिनार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में आईएफटीएम यूनिवर्सिटी एलुमनाई एसोसिएशन (आईयूएए) एवं यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के संयुक्त तत्वावधान में "इंडस्ट्री 4.0 एण्ड स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग" विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने वेबिनार के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। इस वेबिनार में विश्वविद्यालय से डिप्लोमा, मैकेनिकल इंजीनियरिंग (2013-15) बैच के पूर्व छात्र व वर्तमान में रुद्रपुर, उत्तराखण्ड स्थित कम्पनी 'एंडोरेंस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड' में प्रोडक्शन एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत श्री अभिषेक शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में रहे। श्री शर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि लगातार बदलती प्रौद्योगिकी और तकनीक के चलते उत्पादन उद्योग में नई मशीनों का क्रांतिकारी स्तर पर उपयोग हो रहा है, जिससे उत्पादकता बढ़ने के साथ ही गुणवत्ता में भी भारी सुधार हुआ है। इस मौके पर कार्यक्रम के अध्यक्ष व विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति-एकेडमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने कहा कि विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र का अनुभव उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस तरह के आयोजन लगातार होते रहे हैं और आगे भी होते रहेंगे। वहीं वेबिनार की संयोजिका व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की अपर निदेशिका डॉ. नीलू त्रिवेदी ने मुख्य वक्ता व एलुमनस श्री शर्मा को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने यह भी कहा कि आज के इस वेबिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को अधिक से अधिक सीखने को मिला है, साथ ही उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को इस वेबिनार में उपलब्ध कराई गई महत्वपूर्ण जानकारियों को आत्मसात् करने की सलाह भी दी। अतिथियों का स्वागत और वेबिनार का संचालन आयोजन सचिव व यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के एलुमनाई समन्वयक डॉ. संजीव कुमार सिंह ने किया। अंत में डॉ. सिंह ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार प्रकट किया। वेबिनार के सफल आयोजन में एलुमनाई समन्वयक डॉ आशीष नगीला, श्री अंकित अग्रवाल, श्री नीरज कुमार एवं श्री अरविद चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस वेबिनार में यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के विभिन्न विभागों के 80 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।



श्री अभिषेक शर्मा

## मोक्ष धाम से गाय चोरी, दी तहरीर

**ठाकुरद्वारा।** कुड़का नदी के किनारे बने मोक्ष धाम पर पलने वाली गाय को अज्ञात चोर कर ले गए। हिन्दु समाज के लोगो ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात गाय चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए गाय बरामदगी गुहार लगाई। नगर मोहल्ला मुंडो पर कुड़का नदी किनारे बने मोक्ष धाम के मंहत महेश गिरि और नगर निवासी नरेश कुमार, तुषार पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, निर्बल चौहान, मुकेश, सीताराम, अशोक, सुरेशचन्द्र आदि ने गुरूवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मोक्ष धाम पर पिछले वर्ष एक बछड़ा गायव हो गया था। शिकायत भी कोतवाली पुलिस से की गई थी। बीती रात अज्ञात चोर मोक्ष धाम पर पल रही तीन गायो में एक गाय चोरी कर ले गए। काफी तलाश के बाद गाय का कोई पता नही चल सका है। बतादें कि इससे पहले भी मोक्ष धाम से अज्ञाात चोर नल, मोटर, गैस चूल्हा, पंखा, सैल्डर वर्तन आदि चोर कर चुके है। सभी चोरियो की शिकायत पुलिस से की जा चुकी है। लेकिन अभी किसी चोरी का पुलिस खुलासा नही कर पायी है। उन्होने बीती रात गाय चोरी करने वाले अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए गाय बरामदगी की गुहार लगाई है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ठाकुर अजय प्रताप सिंह की मुलाकात, क्षेत्र की विकास परियोजनाओं पर हुई चर्चा

**ठाकुरद्वारा।** लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरूवार को उनके सरकारी आवास पर भाजपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात के दौरान ठाकुर सिंह ने क्षेत्र की अहम समस्याओं को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा और ठाकुरद्वारा में प्रस्तावित महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण दिया। ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि ठाकुरद्वारा में राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की कांस्य अश्वारोही प्रतिमा शीघ्र ही स्थापित की जानी है।



उन्होंने मुख्यमंत्री से इस प्रतिमा के अनावरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पधारने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लिया और कार्यक्रम में शामिल होने का भरोसा दिलाया। साथ ही स दौरान पूर्व प्रत्याशी ने मुख्यमंत्री को ठाकुरद्वारा क्षेत्र की विकासात्मक समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि रोडवेज बस स्टैंड का नियमित संचालन शुरू किए जाने की आवश्यकता। ठाकुरद्वारा-सुर. जननगर मार्ग के चौड़ीकरण की मांग। लालावाला और पीपलसाना के बीच रामगंगा नदी पर पक्के पुल के निर्माण का प्रस्ताव। रामपुर घोघर स्थित साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन की मरम्मत और वहां स्थायी चिकित्सक की तैनाती की मांग।

वंदन योजना के अंतर्गत शिवनगर पत्थरखेड़ा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का प्रस्ताव की मांग रखी है। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ठाकुर अजय प्रताप सिंह की मांगों को गंभीरता से सुना और सभी समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए जाएंगे और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा।

# एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो व मुंशी को रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा



**चन्दौसी।** संभल जनपद की गुन्नौर तहसील क्षेत्र में एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कानूनगो और उसके निजी मुंशी को 14 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कादराबाद क्षेत्र के संपत्ति कानूनगो तस्लीम अहमद पुत्र मुस्तफा अहमद निवासी जुलेपुरा, गुन्नौर तथा उसका निजी मुंशी महेंद्र पाल पुत्र रमेशचंद्र निवासी अब्दुलहई शामिल हैं। दोनों किसान से नक्शा दुरुस्तीकरण वाद में रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत की मांग कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार ढंडूमरा निवासी बलवीर पुत्र डंबर ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि एडीएम कोर्ट संभल में विचाराधीन नक्शा दुरुस्तीकरण मामले में अनुकूल रिपोर्ट देने के लिए उससे 14 हजार रुपये की मांग की जा रही है। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया और गुरुवार को दोनों आरो. पियों को रिश्वत लेते समय रंगे हाथ पकड़ लिया। टीम ने मौके से रिश्वत की रकम बरामद कर नोटों पर लगे केमिकल के साक्ष्य भी सुरक्षित किए।

गिरफ्तारी के बाद एंटी करप्शन टीम दोनों आरोपियों को गुन्नौर थाने ले गई, जहां उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। कार्रवाई का नेतृत्व एंटी करप्शन टीम के निरीक्षक नवल मारवाह ने किया। इस कार्रवाई के बाद तहसील सहित अन्य सरकारी विभागों में हड़कंप मच गया है।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूढापाण्डें, (मुरादाबाद)**

पत्रांक: 5265 /आंकिक/क्षे.पं.पत्रां/2025-26 दिनांक: 19.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां केन्द्रीय वित्तआयोग / पंचमराज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित विवरणानुसार निर्माण कार्य करायें जाने हेतु पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 20 फरवरी, 2026 से दिनांक 06 मार्च 2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक नीचे दर्शाये गये कार्यो की पृथक-पृथक सीलबंद निविदायें (तकनीकी बिड एव वित्तीय बिड पृथक-पृथक लिफाफों में) प्रतिशतदर के आधार पर आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 06 मार्च 2026 को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थिति निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति द्वारा कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मूढापाण्डे में खोली जायेंगी। कार्य से सम्बन्धित विवरण, निविदा एवं नियम-शर्ते कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से निर्धारित निविदा प्रपत्र मूल्य जमाकर दिनांक 06 मार्च, 2026 की अपरान्ह 11.00 बजे तक प्राप्त की जा सकती है। कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर निर्गत किये जायेंगे। किसी भी निविदा अथवा सम्पूर्ण निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य पूर्ण करने की अवधि 03 माह है। सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत लम्बाई मीटर में | अनुमानित लागत कर सहित (लाख रू. में) | धरोहर राशि (रू० में) | निविदा प्रपत्र मूल्य (रू. में) 500+500 stationery etc |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम-सलेमपुर में देवी मन्दिर से बदन सिंह के घर की ओर नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य | 100 | 4.79 | 9000.00 | 1000/- |
| 2 | ग्राम-मुनीमपुर में शान्ति देवी बाल्मीकि के घर से मुनेश के घर तक सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) एवं नाली निर्माण कार्य | 80 | 2.04 | 4000.00 | 1000/- |
| 3 | ग्राम-सिरसखेडा में जनरैल बाला मझरा में प्रा० स्कूल से लखपत के घर की ओर सीसी टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 150 | 9.99 | 20000.00 | 1000/- |
| 4 | ग्राम-नाजरपुर पूर्वी में सियाराम की दुकान से राजपाल सिंह के घर तक सीसी टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) व नाली निर्माण कार्य | 60 | 3.30 | 6000.00 | 1000/- |
| 5 | ग्राम-नरखेडा में मुख्य मार्ग / मुस्लिम के घर से कब्रिस्तान की ओर नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य | 109 | 9.99 | 20000.00 | 1000/- |
| 6 | ग्राम-हृदयपुर (खरगपुर बाजे) में प्रा० स्कूल से भरत सैनी के घर की ओर नाली व सी०सी० टाईल्स मार्ग (इंटरलॉकिंग) कार्य | 100 | 9.99 | 20000.00 | 1000/- |
| 7 | ग्राम-वूजपुरमान में अन्त्येष्ठि स्थल निर्माण कार्य | 01 | 6.50 | 13000.00 | 1000/- |
| 8 | ग्राम-अक्का पाण्डे भोजपुर में जय सिंह के घर से सामुदायिक शौचालय के पास नाला निर्माण कार्य फिल्टर चैम्बर सहित। | 70 | 4.17 | 8000.00 | 1000/- |
| 9 | ग्राम-बूजपुर मान में मोती महल के पास से तालाब की ओर नाला निर्माण कार्य फिल्टर चैम्बर सहित। | 170 | 9.99 | 20000.00 | 1000/- |
| 10 | ग्राम-सिरसखेड़ा में जनरैल वाला मझरा में रोहन के घर से रोहन के खेत की ओर नाला निर्माण कार्य फिल्टर चैम्बर सहित। | 120 | 6.74 | 13500.00 | 1000/- |
| 11 | ग्राम-अक्का पाण्डे भोजपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र से पुलिया तक नाला निर्माण कार्य फिल्टर चैम्बर सहित। | 60 | 6.86 | 13500.00 | 1000/- |
| 12 | ग्राम-महेशपुर भीला में बलजीत के खेत से महेशपाल के खेत तक नाला निर्माण कार्य फिल्टर चैम्बर सहित। | 100 | 8.28 | 16500.00 | 1000/- |
| 13 | ग्राम-सिरसखेड़ा में जनरैल वाला मझरा में तालाब से रोहन के खेत की ओर नाला निर्माण कार्य फिल्टर चैम्बर सहित। | 120 | 5.65 | 11000.00 | 1000/- |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**वि०ख०मूढ़ापांडे (मुरादाबाद)।**

**प्रमुख**
**वि०ख०मूढ़ापांडे (मुरादाबाद)।**

## एक नजर

### गोकुलदास कॉलेज में महिला सुरक्षा व आत्मरक्षा पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**मुरादाबाद।** मुगलपुरा क्षेत्र स्थित गोकुल दास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में पांचवें दिवस पर "महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा" विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना रहा।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं को कानूनी प्रावधानों, हेल्पलाइन नंबरों और आत्मरक्षा के तरीकों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। छात्राओं को विभिन्न आपात स्थितियों में खुद को सुरक्षित रखने के व्यावहारिक उपाय बताए गए। साथ ही आत्मविश्वास बढ़ाने और मानसिक रूप से सशक्त बनने पर जोर दिया गया।एनएसएस इकाई की ओर से छात्राओं को समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने और महिला सशक्तिकरण के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में महिला सुरक्षा के प्रति सजग रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया गया।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक पर कुल्हाड़ी से हमले का आरोपी गिरफ्तार

**भगतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर बराही में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरा. पी हरप्रीत सिंह उर्फ हेप्पी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने देवेंद्र सिंह के पिता ओमपाल सिंह पर कुल्हाड़ी से हमला किया था, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। इस मामले में देवेंद्र सिंह की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

### बिलारी पुलिस की कार्रवाई: चरस व अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**बिलारी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ और अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पहली कार्रवाई में पुलिस ने कस्बे के अंसारियान इलाके में फूल वाले कब्रिस्तान के पीछे से अकरम पुत्र अब्दुल सलाम निवासी बीच की बगिया, मोहल्ला अंसारियान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से करीब 1 किलो 128 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं दूसरी कार्रवाई में धनिया खेड़ा मोड़ के पास से सिन्टु पुत्र हरि सिंह निवासी हरौरा को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 15 पाउच अवैध देशी शराब बरामद हुई। इस मामले में भी आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### रजत यादव बने भाकियू संघर्ष (अराजनैतिक) के प्रदेश उपाध्यक्ष

**चन्दौसी।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष (अराजनैतिक) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत सिंह गुर्जर ने चन्दौसी निवासी रजत यादव को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पद पर एक वर्ष की अवधि के लिए मनोनीत किया है। इस मनोनयन के साथ ही उनसे अपेक्षा की गई है कि वह संगठन की नीतियों एवं उद्देश्यों के अनुरूप पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। रजत यादव के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने से क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है तथा संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के अंतर्गत गुरुवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिक. ाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों तथा समस्याओं के समाधान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त बनाते हुए उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करना रहा। इसके साथ ही मिशन शक्ति-5.0 अभियान के अंतर्गत जनपद की एंटी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं तथा महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के संबंध में जानकारी दी। साथ ही मोबाइल में इमरजेंसी कॉल एवं पैनिक बटन के उपयोग का डेमो भी दिया गया और पंपलेट वितरित कर आमजन को जागरूक किया गया।



### यातायात नियमों के उल्लंघन पर पुलिस की सख्ती, ई-रिक्शाओं की जोनवार कोडिंग शुरू

**चन्दौसी।** जनपद में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन में यातायात प्रभारी के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत विधिक कार्रवाई की गई। इसके साथ ही जनपद के प्रमुख चौराहों एवं बाजार क्षेत्रों में संचा. लित ई-रिक्शाओं की जोनवार कोडिंग करते हुए उनकी नंबरिंग की गई, जिससे यातायात व्यवस्था को बेहतर और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। इस दौरान ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश भी दिए गए। जनपद पुलिस ने आमजन से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर सुरक्षित एवं सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत महमूदपुर तिगरी**
**विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: मीमो /मनरेगा/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 19.02.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत महमूदपुर तिगरी विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2025 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष मनरेगा योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 06.03.2026 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 06.03.2026 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत (रू. लाख में) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मंदिर से पक्की सड़क तक नाली व टाईल्स निर्माण कार्य। | 100 मी0 | 290222/- | 1000 | 2% | 3 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत महमूदपुर तिगरी**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

# जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को भी दी पटखनी

## जबरदस्त प्रदर्शन जारी, टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी में शीर्ष पर टीम



**कोलंबो, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया को हराने वाले जिम्बाब्वे ने अपना जबरदस्त प्रदर्शन जारी रखते हुए आज श्रीलंका का भी शिकार कर लिया और टी-20 विश्वकप के ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंच गया। ब्लेसिंग मुजारबानी, ब्रैड एवंस और ग्रीम क्रेमर (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद ब्रायन बेनेट ( नाबाद 63 ) कप्तान सिकंदर रजा (45 ) की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत जिम्बाब्वे ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप 38वें मुकाबले में श्रीलंका को तीन गेंदे शेष रहते छह विकेट से मात दे दी। जिम्बाब्वे के इस जीत के बाद सात अंक हो गये है और वह ग्रुप बी में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। श्रीलंका छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों ने सुपर आठ में जगह बना ली है। 179 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और तडिवनाशे मारुमानी की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 69 रन जोड़े। नौवें ओवर में दुनित वेल्लालगे ने तडिवनाशे मारुमानी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। तडिवनाशे मारुमानी ने 26 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 34 रन बनाए। 12वें ओवर में दसून शानका ने रायन बर्ल 12 गेंदों में 23 रन को आउट कर श्रीलंका को दूसरी सफलता दिलाई। जिम्बाब्वे का तीसरा विकेट सिकंदर रजा के रूप में 19वें ओवर में गिरा। सिकंदर रजा ने 26 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 45 रनों की पारी खेली। इसी ओवर में दुशान हेमंता ने तालशगा मुसेकिवा (एक) को आउट कर अपना दूसरा विकेट झटका। लेकिन टोनी मुनयोंगा ने 20वें ओवर की पहली गेंद पर छक्का और ब्रायन ने तीसरी गेंद पर चौका मारकर टूर्नामेंट का एक और बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने 19-3 ओवरों में चार विकेट पर 182 रन बनाए। ब्रायन बेनेट ने 48 गेंदों पर नाबाद 63 रन में आठ चौके लगाये। सिकंदर रजा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला। इससे पहले आज यहां श्रीलंका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 178 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। पथुम निसंका और कुसल परेरा की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़े। पांचवें ओवर में ब्लेसिंग मुजारबानी ने कुसल परेरा को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। कुसल परेरा ने 14 गेंदों में 22 रन बनाए। इसके बाद कुसल मेंडिस ने पथुम निसंका के साथ दूसरे विकेट लिए 46 रन जोड़े। 13वें ओवर में रायन बर्ल ने कुसल मेंडिस (14) को आउट कर श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। अगले ही ओवर में ग्रीम क्रेमर ने पथुम निसंका का शिकार कर लिया। पथुम निसंका ने 41 गेंदों में आठ चौकों की मदद से 62 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 25 गेंदों में तीन चौके व दो छक्के लगाए।

# भारत से मुद्दा जल्द सुलझाना चाहते हैं बांग्लादेश के नए खेल मंत्री

● **अमीनुल हक बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते ठीक करने को लेकर उत्सुक**

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के नए खेल मंत्री अमीनुल हक, बीसीसीआई और भारत के साथ रिश्ते ठीक करने को लेकर उत्सुक हैं, उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को जल्दी सुलझाना चाहते हैं, यह बात उन्होंने मौजूदा पुरुषों के टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश के हिस्सा न लेने का जिक्र करते हुए कही।

आम चुनावों के बाद बांग्लादेश की नई कैबिनेट के शपथ लेने के बाद अमीनुल ने कहा कि आज शपथ लेने के बाद, मैं पार्लियामेंट बिल्डिंग में भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मिला। मैंने उनके साथ टी-20 वर्ल्ड कप पर बात की। ष्यह एक अच्छी बातचीत थी। मैंने उनसे कहा कि हम इस मुद्दे को बातचीत से जल्दी सुलझाना चाहते हैं क्योंकि हम अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ दोस्ताना रिश्ते बनाए रखना चाहते हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जा रहे टी-20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड ने ले ली, क्योंकि उनकी पिछली सरकार ने जियोपॉलिटिकल तनाव के कारण टीम को भारत नहीं भेजने का फैसला किया था कि वे इसके बजाय श्रीलंका में खेलना चाहते थे। घटनाओं का सिलसिला तब शुरू हुआ जब भारत सरकार ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से आईपीएल 2026 में एकमात्र बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को अपनी टीम से हटाने के लिए कहा, और आईसीसी द्वारा टीम को इस बड़े टूर्नामेंट से बाहर करने के साथ खत्म हुआ।

## संक्षिप्त खेल समाचार


### तीन मैच पॉइंट बचा कर गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**दुबई, वार्ता।** कोको गॉफ ने बुधवार रात को तीन मैच पॉइंट बचाए और एलिस मर्टेंस को 2-6, 7-6 (9), 6-3 से हराकर दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। 2 घंटे और 18 मिनट में मिली इस जीत ने 2021 के बाद पहली बार यह दिखाया कि गॉफ ने टूर-लेवल की जीत में मैच पॉइंट बचाए और बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया। गॉफ ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा कि पूरा मैच ऐसा लगा जैसे मेरे हिसाब से नहीं जा रहा है। यह सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन मैंने बस इसमें बने रहने की कोशिश की, और मैंने हर पॉइंट के लिए लड़ाई की। मुझे खुशी है कि मैं आज रिजल्ट ला पाई। गॉफ 2001 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में चार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं।

### निराशाजनक अभियान का अच्छा अंत करना चाहेगी अफगानिस्तान

**चेन्नई, वार्ता।** डेड रबर मुक़ाबले अब अफ़ग़ानिस्तान के लिए नहीं रह गए हैं। उन्होंने 2023 वनडे विश्व कप में इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और नीदरलैंड्स को हराया था और ऑस्ट्रेलिया को हराने के बेहद करीब थे। न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराते हुए उन्होंने 2024 टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई थी। इस टी-20 विश्व कप में ग्रुप ऑफ डेथ का हिस्सा बनाए जाने पर उनके आगे जाने की पूरी उम्मीद थी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डबल सुपर ओवर वाले मैच में दिल तोड़ने वाली हार ने उनके अभियान को अधर में लटका दिया था। कनाडा के खिलाफ उनका मैच अब केवल एक मैच ही है।

# खाचानोव से भिड़ेंगे अल्काराज



● **नंबर 1 खिलाड़ी ने वैलेंटिन रॉयर को 6-2, 7-5 से हराया**

**दोहा, वार्ता।** बुधवार को दोहा में कतर एक्सॉनमोबिल ओपन में कार्लोस अल्काराज ने शानदार फर्निश करते हुए सीधे सेटों में जीत हासिल की। एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने वैलेंटिन रॉयर को 6-2, 7-5 से हराकर हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 में क्वार्टर-फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

अल्काराज ने दूसरे सेट में 2-5 से लगातार पांच गेम जीते, और अपने लेवल को हमेशा की तरह शानदार तरीके से ऊपर उठाते हुए 96 मिनट में दूसरे राउंड में जीत हासिल की। जब अल्काराज से पूछा गया कि क्या उन्हें कभी शक हुआ कि वह जीत हासिल कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि जाहिर है मुझे हर चीज के लिए तैयार रहना था।कुछ पल ऐसे थे जब मैंने तीसरे सेट के बारे में सोचा, मैं झूठ नहीं बोलूंगा, लेकिन जाहिर है यह मेरे दिमाग में एक छोटी सी जगह थी जो ऐसा सोच रही थी। बाकी सब कुछ सॉल्यूशन खोजने, फिर से सही रास्ता खोजने पर काम कर रहा था। ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने के बाद अब लगातार नौ मैच जीतने वाले अल्काराज गुरुवार को आखिरी चार में जगह बनाने के लिए कैरेन खाचानोव से भिड़ेंगे। सातवें सीड वाले खाचानोव, जिन्होंने बुधवार को मार्टन फुकसोविक्स को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया था, कतर की राजधानी में 2024 के चैंपियन थे। अल्काराज अब आउटडोर हार्ड कोर्ट पर लगातार 27 मैच जीतने वाले हैं, जो पिछले अगस्त में सिनसिनाटी ओपन में उनके टाइटल जीतने के बाद से है। 22 साल के अल्काराज दोहा में अपनी पहली ट्रॉफी जीतने की कोशिश कर रहे हैं, जहां एक साल पहले इवेंट में डेब्यू करते समय वह क्वार्टर-फाइनल स्टेज में जिरी लेहेका से हार गए थे। अल्काराज कतर में खाचानोव के खिलाफ अपने परफेक्ट रिकॉर्ड को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। वह जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 5-0 से आगे हैं, जिसमें 2024 में बीजिग में उनकी एकमात्र हार्ड-कोर्ट मीटिग में सीधे सेटों में जीत शामिल है। अल्काराज के ड्रॉ के हाफ में दूसरे क्वार्टर-फाइनल में पांचवीं सीड व डिफेंडिग चैंपियन आंद्रेई रुब्लेव का मुकाबला स्टेफानोस सितसिपास से होगा।

# वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रनों से हराया

● **166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके**



**कोलकाता, वार्ता।** शाई होप (75) की आतिशी अर्द्धशतकीय पारी के बाद शमार जोसेफ (चार विकेट) और मैथ्यू फोर्ड (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत वेस्टइंडीज ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 37वें मुक. ाबले में इटली को 42 रनों से शिकस्त दी।

166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली के बल्लेबाज वेस्टइंडीज गेंदबाजी आक्रमण के आगे खुलकर नहीं खेल सके और अंतराल पर विकेट गंवाते रहे। इटली की पूरी टीम 18 ओवर में 123 रन ही बना सकी और 42 रनों से मुकाबला हार गई। बेंजमिन मनेंटी ने इटली के लिए सर्वाधिक 26 रन बनाए। उनके अलावा जे जे स्मट्स (24), एंथनी मोस्का (19) और ग्रांट स्टुअर्ट 12 रन बनाकर आउट हुए। इटली के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। वेस्टइंडीज के लिए शमार जोसेफ ने चार विकेट लिए। मैथ्यू फोर्ड को तीन और गुडाकेश मोती को दो विकेट मिले। अकील हुसैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले इटली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की आतिशी अर्धशकीय पारी की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और उसने 31 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए। ब्रैंडन किग (चार), शिमरॉन हेटमायर (एक) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रॉस्टन चेज ने शाई होप के साथ पारी को संभाला।

दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 64 रनों की साझेदारी हुई। 13वें ओवर में बेंजा. मिन मनेंटी ने रॉस्टन चेज 24 को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। रोवमन पॉवेल (नौ) को 15वें ओवर में मनेंटी ने अपना शिकार बनाया। अगले ही ओवर में कृषण कालूगामगे ने शाई होप को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। शाई होप ने 46 गेंदों में छह चौके और चार छक्के लगाते हुए 75 रनों की पारी खेली। जेसन होल्डर नौ रन बनाकर आउट हुए।

# सम्मान बचाने की आखिरी लड़ाई लड़ेंगे कंगारू

● **यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं**

**पल्लेकेले, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया और ओमान टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के 40वें मैच में पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेंगे। यह एक ऐसा मुकाबला है जिसमें रोमांच की उम्मीद है, भले ही दोनों टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गई हैं।



ऑस्ट्रेलिया अपने वर्ल्ड कप कैंपेन को शानदार तरीके से खत्म करना चाहता है और ओमान लगभग नामुमकिन उलटफेर की कोशिश में है, ऐसे में दबदबा गर्व, वापसी और अपनी बड़ाई करने का है। ऑस्ट्रेलिया इस मैच में निराशा से निकलने और पक्के इरादे के साथ उतरेगा। आयरलैंड के खिलाफ अच्छी शुरुआत के बाद, जिम्बाब्वे और श्रीलंका से लगातार हार ने टूर्नामेंट में उनकी उम्मीदें खत्म कर दीं। धीमी, मुश्किल पिचों पर बैटिंग करना मुश्किल रहा है, लेकिन ट्रैविस हेड और मिशेल मार्श जैसे खिलाड़ियों ने फॉर्म में होने पर हावी होने की काबिलियत दिखाई है। पल्लेकेले में श्रीलंका के खिलाफ पिछले मैच में, हेड और मार्श ने मिलकर सिर्फ 8.4 ओवर में 104 रन बनाए, जिससे पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया की धमाकेदार काबिलियत का पता चलता है। मिडिल ऑर्डर में टिम डेविड, मार्कस स्टोइनिस, कैमरन ग्रीन और जोश इंगलिस हैं, और उनके पास बाद के ओवरों में तेजी से रन बनाने की ताकत है। जोश हेजलवुड और पैट कमिस के चोटिल होने की वजह से बॉलिंग चिंता का विषय रही है, लेकिन नाथन एलिस, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली और स्टोइनिस से ओमान की बैटिंग को झकझोरने की उम्मीद है।

बीच के ओवरों में एडम जम्पा की स्पिन गेम को कंट्रोल करने के लिए जरूरी होगी। ओमान का टूर्नामेंट मुश्किल रहा है, ज्यादातर मैचों में उसे भारी हार मिली है और वह ग्रुप बी में चौथे स्थान पर रहा है। उनकी बैटिंग काफी हद तक कप्तान जतिदर सिंह और आमिर कलीम पर निर्भर करती है, जो एक अलग तरह के लाइनअप में शानदार परफॉर्मर रहे हैं। हम्माद मिर्जा और विनायक शुक्ला जरूरी रन बना सकते हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पेस और स्पिन अटैक के सामने टीम को मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। ओमान की बॉलिंग पूरे समय संघर्ष करती रही है, ज्यादातर बॉलरों ने प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिए हैं।

शकील अहमद सबसे असरदार रहे हैं, उन्होंने 8-25 की इकॉनमी से तीन विकेट लिए हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को चुनौती देने के लिए टीम को शानदार प्रदर्शन की जरूरत होगी। पल्लेकेले की पिच एक बैलेंस्ड सतह है जिसमें शुरुआत में बल्लेबाजों को थोड़ा फायदा मिलता है। पहली पारी में 180-200 के आस-पास के बड़े स्कोर को मुश्किल माना जाता है, और स्पिनर आमतौर पर बीच के ओवरों में खेल में आते हैं।

# शीर्ष रैंक्ड एयर राइफल निशानेबाज एक मंच पर आएंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारत के शीर्ष 20 रैंक्ड 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज 16वें आरआर लक्ष्य कप में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह टूर्नामेंट आरआर ग्लोबल द्वारा संचालित है और लक्ष्य शूटिंग क्लब, करनाला स्पोर्ट्स अकादमी, पनवेल, नवी मुंबई में आयोजित होगा। केवल आमंत्रण आधारित यह प्रतियोगिता 21 और 22 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसमें जूनियर और सीनियर वर्ग के प्रमुख खिलाड़ी एक पेशेवर ढंग से संचालित, अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पोडियम अवसर होंगे, साथ ही शीर्ष स्थान पाने वालों के लिए नकद पुरस्कार और उपकरण पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सीनियर चैंपियन को 1-5 लाख रुपये और रोटेटिंग सिल्वर ट्रॉफी दी जाएगी, जो फिलहाल नेवी के किरण जाधव के पास है। जूनियर चैंपियन को 75,000 दिए जाएंगे।

# रणजी : कर्नाटक फाइनल में खिताबी मुकाबले में जम्मू-कशमीर से भिड़ेगा

● **देवदत्त, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया मैच ड्रॉ घोषित**



**लखनऊ, वार्ता।** देवदत्त पड़िक्कल, केएल राहुल, आर स्मरण के शानदार शतकों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत कर्नाटक का उत्तराखंड के खिलाफ खेला गया रणजी ट्रॉफी 2026 का 15 फरवरी को शुरु हुआ पहला सेमीफाइनल मैच गुरुवार को ड्रा घोषित हुआ।

दिन को खेल समाप्त होने किए जाने के समय उत्तराखंड ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 260 रन बना लिए थे। कर्नाटक अब खिताबी मुकाबले में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंची जम्मू-कश्मीर से भिड़ेगा। देवदत्त पड़िक्कल को दोहरे शतक के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। कर्नाटक ने कल के छह विकेट पर 299 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में उत्तराखंड के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करे हुए कर्नाटक की दूसरी पर को 323 के स्कोर पर समेट दिया। इसके बाद उत्तराखंड को मैच जीतने के लिए 827 रनों लक्ष्य मिला। उत्तराखंड के लिए मयंक मिश्रा ने चार विकेट लिए। अभय नेगी को दो विकेट मिले। जगदीश सुचित और अविनाश सुधा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तराखंड के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी एक बार फिर लड़खडाते नजर आए और लगातार विकेट गंवाते गए। मैच ड्रा किए जाने के समय उत्तराखंड ने 260 रनों पर छह विकेट गंवा दिए थे। सौरभ रावत (नाबाद 53) और अभय नेगी (नाबाद 57) क्रीज पर डटे हुए थे। इसके अलावा अवनीश सुधा ने (66), कप्तान कुणाल चंदेला (20), जगदीश सुचित (19) और भूपेन लालवानी (15) रन बनाकर आउट हुए।

# टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो रियो ओपन से बाहर



**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** टॉप सीड फ्रांसिस्को सेरुंडोलो बुधवार को पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण रियो ओपन से रिटायर हो गए, जिससे उनका पहला एटीपी 500 टाइटल जीतने का सपना टूट गया। दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी जॉकी क्लब ब्रासीलीरो में अपने राउंड-16 मैच में अर्जेंटीना के थियागो अगस्टिन तिरांटे से 6-2, 3-1 से पीछे चल रहे थे, जब उन्होंने फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज कराने के लिए खेल रोक दिया और फिर फैसला किया कि वह आगे नहीं खेल सकते। ऑफिशियल मेडिकल रिपोर्ट तुरंत उपलब्ध नहीं थी। तिरांटे ने कहा कि इस तरह जीतना अच्छा नहीं है, खासकर फैन के साथ, जो मेरे दोस्तों में से एक है। ष्मुझे पता था कि वह पिछले हफ्ते से बहुत थका हुआ था, इसलिए मुझे कोर्ट पर खुद को बेहतर बनाना था और खुद पर फोकस करना था। अगले राउंड में टिरांटे का मुकाबला फ्रांसेस्को पासारो या एलेजांद्रो टेबिलो से होगा। सेरुंडोलो पिछले हफ्ते अर्जेंटीना ओपन बिना कोई सेट गंवाए जीतने के बाद जबरदस्त फॉर्म में रियो पहुंचे थे, और उन्होंने मंगलवार को पहले राउंड में अपने ही देश के मारियानो नवोन को 6-3, 6-4 से हराया था। उनके हटने से ब्राजील के पसंदीदा और तीसरे सीड जोआओ फोंसेका, जो दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी हैं, के लिए ड्रॉ खुल गया है, जो गुरुवार को राउंड ऑफ 16 में पेरू के इग्नासियो बुसे का सामना करेंगे।

# ग्लेन मैक्सवेल का करियर खत्म हो गया है : रिकी पोंटिंग

**दुबई, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि आलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का करियर खत्म हो गया है और मौजूदा टी 20 विश्व कप उनका आखिरी आईसीसी इवेंट था। पोंटिंग के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के खराब टी-20 वर्ल्ड कप में बहुत सारी फॉर्म और फिटनेस की दिक्कतें एक साथ आईं, उनका यह भी मानना है कि ग्लेन मैक्सवेल ने अपना आखिरी ग्लोबल इवेंट खेला है। ऑस्ट्रेलिया ग्रुप स्टेज में एक गेम बाकी रहते - शुक्रवार को ओमान के खिलाफ - जिम्बाब्वे और श्रीलंका से भारी हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया। हालांकि टीम ने 2025 में ज्यादातर समय बाइलेटरल क्रिकेट में दबदबा बनाए रखा था, लेकिन वे वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान से लगातार पांच मैच हारकर आए थे और टीम में चोट की समस्या भी थी। पैट कमिस और जोश हेजलवुड श्रीलंका नहीं जा पाए।

# अभिषेक शर्मा की शून्य हैट्रिक, भारत की चिंता बढ़ी

## भारत के असिस्टेंट कोच, रयान टेन डेशकाटे ने फिलहाल इस छोटी सी चिंता को नजर अंदाज कर दिया है



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने टी-20 विश्व कप में अपने चारों ग्रुप मैच जीत लिए हैं लेकिन सुपर आठ में जाने से पहले ओप. नर अभिषेक शर्मा का फॉर्म भारत की सबसे बड़ी चिंता होगी। भारत ने मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप के इतने ही मैचों में चार जीत हासिल की हैं और फिर भी, इस फॉर्मेट में नंबर 1 बैटर के बल्ले से एक भी रन की जरूरत नहीं पड़ी। लगातार तीन डक के बाद, अभिषेक ने यह पक्का कर दिया है कि कॉम्पिटिशन की सबसे खतरनाक बैटिंग लाइन-अप भी अपने सबसे अच्छे रूप में नहीं है। भारत के असिस्टेंट कोच, रयान टेन डेशकाटे ने फिलहाल इस छोटी सी चिंता को नजरअंदाज कर दिया है, कम से कम सबके सामने तो जरूर। बुधवार को नीदरलैंड्स पर भारत की 17 रन की जीत के बाद टेन डेशकाटे ने कहा कि उसने कल रात नेट्स में बहुत अच्छी बैटिंग की, उसने 90 मिनट बैटिंग की। आपको उसे थोड़ी जगह भी देनी होगी। वह ग्रुप फेज में बहुत अच्छा महसूस नहीं कर रहा था, उसने कुछ दिन हॉस्पिटल में बिताए और (नामीबिया के खिलाफ) गेम मिस कर दिया। यह उसके लिए अब तक बहुत निराशाजनक टूर्नामेंट रहा है। लेकिन मैंने कल रात उसकी बॉल स्ट्राइकिंग में कुछ बहुत अच्छे संकेत देखे। इसलिए उसके बारे में कोई चिंता नहीं है, जब दूसरा फेज आएगा तो वह ठीक हो जाएगा। यह समझा जा सकता है कि अभिषेक का इस कॉम्पिटिशन में एक भी रन न खरीद पाना चिंता की बात क्यों नहीं है। पहली बात, वह डेढ़ साल के शानदार प्रदर्शन के दम पर टूर्नामेंट में आया है, जिसने उसे दुनिया की रैंकिग लिस्ट में टॉप पर पहुंचाया है। दूसरी बात, उसके आउट होने का कोई खास पैटर्न नहीं है, जबकि अमेरिका और पाकिस्तान दोनों ने माना है कि उन्होंने बाएं हाथ के इस खिलाड़ी के आउट होने की प्लानिग में काफी समय बिताया था। उन्होंने संजय कृष्णमूर्ति की गेंद पर डीप कवर में कैच दे डाला, सलमान आगा की गेंद पर मिड ऑन पर पुल करने में चूक गए, और आर्यन दत्त की गेंद पर पुल करने से चूक गए। असल में कोई पैटर्न नहीं है। यह देखते हुए कि बाकी बैट्समैन ने अलग-अलग मौकों पर अच्छा खेला है, अभिषेक की मुश्किलों ने अभी तक टीम को परेशान नहीं किया है, ठीक वैसे ही जैसे ज्यादातर दिनों में होता है जब अभिषेक रन नहीं बना पाए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ ईशान किशन की धमाकेदार बल्लेबाजी ने यह पक्का कर दिया कि अभिषेक का जल्दी आउट होना चिंता की बात नहीं है। इससे पहले, इसी तरह के दुर्लभ शुरुआती आउट में, संजू सैमसन ने बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरी लगाई थीं, जब अभिषेक क्लिक नहीं कर पाए थे। टी-20 में भारत का दबदबा ओपनर्स द्वारा शुरुआती कंट्रोल हासिल करने की वजह से आया है। ऊपर से देखें तो, पिछले वर्ल्ड कप के बाद से ओपनिग स्लॉट पर कब्जा करने वाले सभी खिलाड़ियों ने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है, इतना कि रोहित शर्मा और विराट कोहली की जगह भरना मुश्किल नहीं था, और पुरानी यादों के लिए भी, उनकी कमी महसूस नहीं हुई। लेकिन थोड़ा हटकर देखें, तो आपको जितना अंदाजा होगा, उससे कहीं ज्यादा बातें छिपी हुई हैं। ओपनर्स - अभिषेक, संजू सैमसन, शुभमन गिल, ईशान किशन और यशस्वी जायसवाल - की अपनी-अपनी काबिलियत ने इस सच्चाई को छिपा दिया है कि भारत को इस दबदबे के दौर में अच्छी ओपनिग पार्टनरशिप नहीं मिल रही है, जहां उन्होंने अपने लगभग 80 प्रतिशत मैच जीते हैं। उस कंट्रोल का ज्यादातर दबाव नंबर 3 - ईशान किशन, तिलक वर्मा और उनके जैसे खिलाड़ियों पर पड़ा है, खासकर उस समय जब सूर्यकुमार यादव भी संघर्ष कर रहे थे। डेशकाटे इस बात की पुष्टि करते हैं कि हालांकि यह ध्यान देने वाली बात है, लेकिन बहुत सारे खिलाड़ी हैं जो अलग-अलग समय पर योगदान दे रहे हैं।

# मझोला थाना क्षेत्र में घायल हालत में पड़े मिले दो भाई, एक की मौत, एक अस्पताल में भर्ती



**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना पुल के नीचे श्मशान घाट के पास की है, जहां दो सगे भाई गंभीर घायल हालत में पड़े मिले। परिजन दोनों को तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने शिव कुमार उर्फ जय सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि पवन का उपचार जारी है।मझोला थाना क्षेत्र के लाइन पार प्रकाश नगर गली नंबर 3 के रहने वाले परिवार के अनुसार उनके भाई विपिन को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसे देखने के लिए पवन और शिव कुमार अस्पताल गए थे, लेकिन देर रात तक घर वापस नहीं लौटे। सुबह तक कोई संपर्क न होने पर परिजन चिंतित हो उठे। इसी बीच मोहल्ले के एक व्यक्ति ने सूचना दी कि पुल के नीचे दो युवक घायल अवस्था में पड़े हैं। सूचना मिलते ही परिवार मौके पर पहुंचा और दोनों को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने शिव कुमार को देखते ही मृत घोषित कर दिया।घटना की जानक. ारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जिला अस्पताल की मोर्चरी पर एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ सिविल लाइन कुलदीप गुप्ता पुलिस बल के साथ पहुंचे तथा परिजनों से पूछताछ की।मृतक के परिजनों ने बताया कि परिवार में तीन भाई और एक बहन हैं। बहन की शादी हो चुकी है, जबकि तीनों भाइयों की शादी नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# सात वर्षीय अदीबा अरकान ने रखा माहे रमजान का पहला रोजा



**कुन्दरकी।** माहे रमजान की रूहानी फिजाओं के बीच कुन्दरकी की सात वर्षीय अदीबा अरकान ने अपना पहला रोजा रखकर परिवार और आसपास के लोगों के दिलों में खुशी और गर्व का एहसास जगा दिया। छोटी सी उम्र में इबादत के प्रति लगन और उत्साह दिखाते हुए अदीबा ने पूरे दिन सब्र और अनुशासन के साथ रोजा रखा। इस खास मौके पर अदीबा ने अपनी मां तबस्सुम फातिमा और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ नमाज अदा की और अल्लाह से दुआ की कि मुल्क में अम्न-ओ-अमान कायम रहे, हर घर में खुशहाली आए और लोगों की जिंदगी में तरक्की और बरकत हो। रोजा इफ्तार के समय परिवार में खुशी का माहौल रहा और सभी ने अदीबा की हौसला-अफजाई करते हुए उसे ढेरों दुआएं दीं। परिवार. जनों ने बताया कि अदीबा बचपन से ही दीन की बातों में रुचि रखती है और रोजा रखने की इच्छा काफी समय से जता रही थी। उसके इस पहले रोजे को लेकर घर में खास तैयारी की गई और इफ्तार भी विशेष तौर पर रखा गया। रिश्तेदारों और पड़ोसियों ने भी अदीबा को मुबा. रकबाद देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य और अच्छी सेहत की कामना की। अदीबा का यह कदम न सिर्फ उसके परिवार के लिए खुशी का कारण बना, बल्कि यह बच्चों में धार्मिक मूल्यों, अनुशासन और इंसा. नियत की भावना को मजबूत करने की एक प्रेरणादायक मिसाल भी है।

## एक नजर

### भैंसली जमालपुर गांव की सड़क निर्माण शुरू होने से खुशी का माहौल




**कांठ( शाह टाइम्स )**शेरपुर रुस्तमपुर और भैंसली जमालपुर के बीच 1.4 किलोमीटर की सड़क बरसाती पानी उतरने से छतिग्रस्त हो गई थी । लोक निर्माण विभाग द्वारा इसे पास कर दिया गया। आज मरम्मत कार्य शुरू हुआ तो ग्रामीणों में खुशी छा गई। बताया गया कि भैंसली जमालपुर गांव के लिए कांठ तहसील आने के लिए यही सीधा और मुख्य मार्ग है । जिसके टूट जाने पर बरसात में पूरी तरह से आवागमन अवरुद्ध हो गया था।

मार्ग का मरम्मत कार्य पास होने पर ग्रामीणों सत्यवान सिंह राजपूत जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ओमप्रकाश सिंह, केशव शर्मा, नरेंद्र सिंह, जितेंद्र चौहान ,वीरेंद्र सिंह ,जयवीर सिंह एडवोकेट, रामअवतार सैनी आदि ने खुशी व्यक्त की है।

### रमजान शुरू होते ही बाजारों में खजला खजूर और फलों की बिक्री बढ़ी



**कांठ ( शाह टाइम्स )** बुधवार की देर शाम रमजान का चांद दिखाई देते ही रोजेदारों ने गुरुवार को पहला रोजा रखा मुस्लिम मोहल्लों में चहल-पहल बढ़ गई। बाजारों में खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। फैनी, खजला और फलों की जमकर बिक्री हुई फलों के दाम बढ़ गए हैं । सब्जी की दुकानों पर भी भीड़ नजर आई।बुधवार की शाम रमजान का चांद दिखने पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक दूसरे को चांद की मुबारकबाद दी हिंदू भाइयों ने भी मुसलमान भाइयों को मुबारकबाद दी स व्हाट्सऐप, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर रमजान की मुबारकबाद दी जाने लगी। मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ भी बढ़ गई, मस्जिद खचाखच भरी नजर आने लगी। पाक मुकद्दस रमजान माह में मुस्लिम समाज के लोग रोजा नमाज पाबंदी से अदा करते हैं। इस महीने में लोग खजूर, फल, खजला फैनी आदि खरीद कर रोजा रखते हैं और खुदा का शुक्र अदा करते हैं। मस्जिदों के साथ-साथ घरों में भी इबादत का विशेष सिलसिला भी शुरू हो गया हैस मस्जिदों के बाहर भी फलों की बिक्री हो रही हैस नगर के मीना मार्केट में महिलाओं के श्रृंगार की दुकान गुलजार हो गई हैं

### हाई वोल्टेज लाइन से खंबा टकराने पर फॉल्ट, बाल बाल बच्चे मजदूर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** हाई वोल्टेज लाइन से खंबा टकराने पर फाल्ट हो गया जिससे मजदूर बाल बाल बच गए लेकिन कोई नुकसान नहीं हो पाया



बतादे की नगर की विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए नगर पंचायत की ओर से मोडी हजरतपुर रोड पर झूमर एवं अन्य लाइट लगाई जा रही है।

कल भी इसी तरह से आरा मशीन के पास मजदूर झूमर लगाने के लिए खंबा खड़ा कर रहे थे लेकिन खंबा अचानक ऊपर गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन से छू गया जिसमें जोरदार धमाका हुआ मगर गनीमत रही के किसी मजदूर को करंट नहीं लग पाया इससे किसी को कोई नुकसान भी नहीं हुआ तेज आवाज में हुए फाल्ट से मजदूर घबरा गए और काम वहीं पर रोक कर चले गए।जिसने देखा भगवान का धन्यवाद जताया।

### सत्यापन की सुस्त चाल पर बीडीओ को नोटिस

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन जिले में साठ फीसदी हो सका है। मुरादाबाद ब्लाक का काम सबसे फिसड्डी है। यहां सिर्फ 9 फीसदी सत्यापन कार्य हुआ 91 फीसदी अवशेष है। एडीएम प्रशासन ने बीडीओ मुरादाबाद को नोटिस देकर स्पष्टीकरण तलब किया है। पंचायत चुनाव की वोटर लिस्ट में मुरादाबाद जिले में 4.66 लाख मतदाताओं को डुप्लीकेट के रूप में चिन्हित कर प्रदेश स्तर से सूची भेजी गई। इस सूची का सत्यापन स्थानीय जिला प्रशासन ने शुरू करवाया। इसमें मुरादाबाद ब्लाक में सबसे कम काम हुआ है। मुरादाबाद में 91 प्रतिशत काम पेंडिंग है इसके चलते एडीएम प्रशासन उप जिला निर्वाचन अधिकारी संगीता गौतम ने बीडीओ मुरादाबाद स्वाति सिंह को नोटिस देकर जवाब मांगा है। एडीएम प्रशासन ने बताया कि बिलारी ब्लाक में सत्यापन का कार्य 91 फीसदी पूरा हो चुका है। डिलारी में 33 फीसदी, ठाकुरद्वारा ब्लाक में 39 फीसदी सत्यापन का कार्य शेष है। अभी तक ओवर आल जिले के नौ ब्लाकों में 2.80 लाख डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन किया जा चुका है। अब तक साठ फीसदी सत्यापन हो चुका है।

### दूसरे दिन की परीक्षा में 16 अनुपस्थित

**कांठ( शाह टाइम्स )** क्षेत्र में बने विभिन्न परीक्षा केदो पर गुरुवार को सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पारी में हाई स्कूल कंप्यूटर की परीक्षा थी इसमें 172 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जो सभी उपस्थित रहेस दूसरी पारी में इंटरमीडिएट नागरिक शास्त्र की परीक्षा थी जिसमें 296 परीक्षार्थी पंजीकृत थे इनमें 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहेस स कांठ तहसील में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैंसस नगर के ध्यान सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज को उप संकलन केंद्र बनाया गया है उप संकलन केंद्र प्रभारी राम सागर ने बताया कि दूसरी पारी में 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# बिलारी का प्राकृतिक गुड़ ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना




**बिलारी।** नगर की बड़ी उपलब्धि, -यहां फैमिली फार्मर सरकड़ा बिलारी में उत्पादित प्राकृतिक गुड़ का स्वाद ऑस्ट्रेलिया में धूम मचाएगा। पहली बार में 1650 किलो गुड़ की खेप एसडीएम विनय कुमार सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना की जो एक्सपोर्ट एंब्रेस फूड एंड हॉस्पिटैलिटी दिल्ली के माध्यम से पानी के जहाज द्वारा ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगी। एसडीएम ने इसे बिलारी के लिए गौरवपूर्ण बताया और फैमिली फार्मर सदस्यों का मार्गदर्शन भी किया। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन, गन्ना समिति सचिव आरके पाठक, मुरादाबाद समिति के सचिव राजेश कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक पादप सुरक्षा डॉ विश्वेंद्र, रामनगर गंगपुर सहकारी समिति के सभापति धर्मवीर सिंह, एडीओ कृषि मोहित कुमार, ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक आशीष कुमार, शिखर बड़गोती, कुंवर पाल सिंह, रविंद्र सिंह, राजवीर सिंह, पंकज सिंह, प्रेमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# टीएमयू हॉस्पिटल की जटिल सर्जरी में बड़ी कामयाबी, 5.4 किग्रा की निकाली रसौली

**मुरादाबाद।** डॉक्टर को यूं ही भगवान का दर्जा नहीं मिला है। संभल के सरायतरीन की पूनम देवी और उनके परिजनों से पूछें तो वे बेहिचक स्वीकारेंगे, हां सचमुच डॉक्टर ईश्वर की मानिंद होता है। टीएमयू हॉस्पिटल में ऐसा ही दुर्लभतम केस आया और महिला रोग विभाग के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने इसमें बड़ी कामयाबी हासिल की। डॉक्टरों की इस टीम ने न केवल पहली बार संतान पाने के सुख का सपना संजोए इस महिला की सेफ डिलीवरी कराई, बल्कि 05 किलो 390 ग्राम की रसौली को भी ऑपरेट करके जच्चा की झोली खुशियों से भर दी है। टीएमयू हॉस्पिटल के गायनेकोलॉजी डिपार्टमेंट ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। दरअसल स्त्री रोग विशेषज्ञों की टीम के सामने इस केस में बच्चेदानी और अंडेदानी को सुरक्षित बचाना भी बडी चुनौती रहा। डॉक्टर्स ने पेशेंट के पेट में बच्चे संग तेजी से बढ़ रही रसौली को डिलीवरी के बाद ऑपरेट करने का अहम फैसला लिया। इसी बीच डिलीवरी का भी समय हो गया। ऑपरेशन के जरिए पेशेंट पूनम ने 2.3 किलो के मेल बेबी को जन्म तो दिया, लेकिन डॉक्टरों की टीम जच्चा-बच्चा और रसौली पर नजर रही। लेकिन यह देखकर डॉक्टरों की टीम चिंतित हो गई कि पूनम की बच्चादानी सिकुड रही है। रसौली अब शरीर के दूसरे अंगों से पोषित हो रही थी। इसे भी डॉक्टर्स ने खतरे की घंटी माना। रसौली को बाहर नहीं निकाला गया तो पेशेंट के शरीर में इन्फेक्शन बढ़ने से जान भी जा सकती है। इस टीम ने रसौली को ऑपरेट करने का फैसला लिया। ऐसे में डॉक्टर्स ने करीब तीन घंटे चले ऑपरेशन के बाद 5.4 किलो की रसौली को सुरक्षित बाहर निकाला। अब पेशेंट पूरी तरह स्वस्थ है। संभल के सरायतरीन



निवासी 29 वर्षीय गर्भवती श्रीमती पूनम देवी के सात माह बाद पेट में दर्द रहने लगा और पेट का साइज भी असामान्य हो गया। जब दर्द अधिक बड़ा तो परिवार वाले पूनम को टीएमयू हॉस्पिटल में लेकर आए। टीएमयू में जब डॉक्टर्स ने पूनम का अल्ट्रासाउंड किया तो पता चला पूनम के पेट में बच्चे के संग-संग करीब 25 सेमी×30 सेमी की रसौली भी पल रही थी। रसौली के कारण ही पेशेंट के पेट में दर्द और साइज बढ़ रहा था। बच्चे को भी पूरा पोषण नहीं मिल रहा था। ऐसे में डॉक्टर्स ने परिवारवालों को सलाह दी कि आप समय-समय पर पेशेंट का चेकअप कराते रहें। डॉक्टर्स ने तय किया कि पहले बच्चे को जन्म देंगे। इसके बाद रसौली का ऑपरेशन किया जाएगा। ऑपरेशन करने वाली टीम में महिला रोग विभाग की (प्रो.) डॉ. आस्था लालवानी, डॉ. गरिमा वाजपेयी, डॉ. नेहा शरद, जनरल सर्जन डॉ. आर के कौल, एनस्थिसिया विभाग की डॉ. नदीम पल्ली नव्या एंड टीम, रेडियोलॉजी विभाग से (प्रो.) डॉ. श्रुति चंदक एंड टीम, ओटी टेक्निशियन फय्यूम अली, योगेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे। उल्लेखनीय है, यह ऑपरेशन कैंप के तहत निशुल्क किया गया है। महिला रोग विभाग की एचओडी प्रो. मनप्रीत कौर ने ऑपरेशन करने वाली टीम को हार्दिक बधाई देते हुए कहा, टीएमयू हॉस्पिटल के महिला रोग विभाग की यह अद्वितीय उपलब्धि है।

# रमजान के महीने में रोजा खोलने और शहरी की घोषणा को लेकर लाउडस्पीकर की मांगी छूट

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** क्षेत्रीय विधायक कमाल अख्तर ने विधानसभा में बोलते हुए कहा कि भारत देश में विभिन्न धर्मो के अनेक त्यौहार आते हैं और सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि सभी धर्म के त्यौहार शांतिपूर्वक और सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा कि पवित्र रमजान का महीना शुरू हो चुका है और धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर उतारे जाने के बाद अब लोगों को रोजा खोलने और सुबह शहरी शुरू होने की जानकारी देने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह सदियों पुरानी परंपरा है अगर सरकार चाहे तो रमजान के महीने में लाउडस्पीकर का



इस्तेमाल किए जाने की इजाजत दे सकती है यह कोई सुचारू रूप से चलने वाली व्यवस्था नहीं है लेकिन लाउडस्पीकर का इस्तेमाल केवल शाम को रोजा खोलने और सुबह को शहरी की घोषणा करने मात्र तक सीमित है। उन्होंने कहा कि सभी धर्म की आस्थाओं और परंपराओं का सम्मान करना लो. कतंत्र और गंगा जमुनी तहजीब की पहचान है। अत: सरकार को समान भाव से सभी समुदाय की धार्मिक व्यवस्थाओं को सुचारू रखने की दिशा में सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

# दुल्लापुर गांव में पांच दिन से तेंदुआ सक्रिय वन विभाग की कार्रवाई में देरी से ग्रामीण नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजननगर।** सुरजन नगर के निकटवर्ती गांव दुल्लापुर की मंडियों और रिहायशी इलाकों में पिछले पांच दिनों से एक तेंदुआ सक्रिय है। तेंदुए की लगातार दस्तक से ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग को सूचना देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।ग्राम प्रधान वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि तेंदुआ उनके घर की मुख्य दीवार पर भी आकर बैठ जाता है। उन्होंने बताया कि बिजली के तारों के कारण तेंदुआ अब तक घर के भीतर दाखिल नहीं हो पाया। प्रधान के अनुसार, बीती रात करीब दो बजे भी तेंदुआ देखा गया था।



ग्रामीणों ने इस संबंध में वन विभाग को सूचित किया था। वन अधिकारी रवि कुमार गंगवार ने आश्वासन दिया कि सूचना रिकॉर्ड में दर्ज कर ली गई है और पिंजरा उपलब्ध होते ही गांव भेजा जाएगा। हालांकि, इस टालमटोल वाले रवैये से नाराज होकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि वन विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।प्रदर्शन के दौरान अंकित कुमार, रवि कुमार, नितिन कुमार, कृष, सतीश, हिमांशु, अखिलेश और देवेंद्र कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन से तत्काल पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

## मानवता के सच्चे रक्षक थे छत्रपति शिवाजी: राघव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** हमारे भारत में समय-समय पर अनेकों वीर योद्धाओं और महापुरुषों ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक थे छत्रपति शिवाजी जिन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता की रक्षा और देश में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने में समर्पित कर दिया था । उक्त विचार प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने छत्रपति शिवाजी की जयंती पर व्यक्त किए । गुरुवार को प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल बहोरनपुर नरौली में छत्रपति शिवाजी की जयंती पर बोलते हुए प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी एक ऐसे योद्धा थे, जिन्होंने भारतीय जनता को मुगल शासकों के अत्याचार से मुक्त कराया और मुगलों से साहस पूर्वक सामना कर मराठा साम्राज्य की स्थापना की । भारत भूमि शिवाजी जैसे महान योद्धाओं के जन्म से गौरवान्वित हुई है। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी दुर्ग में हुआ था । उनके पिता शहाजीराजे भोसले एक शक्तिशाली सामंत राजा थे। उनकी माता का नाम जीजाबाई था । जो जाधवराव कुल में उत्पन्न एक असाधारण प्रतिभाशाली महिला थी। उन्हीं के मार्गदर्शन में शिवाजी ने मराठा साम्राज्य और हिंदू स्वराज्य की स्थापना की थी। शिवाजी बचपन से ही काफी तेज, प्रखर और विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। बचपन से ही तलवारबाजी, अस्त्र -शस्त्र चलाना और घुडसवारी करना उनका शौक था। इसी से वह युद्ध कला में बचपन में ही निपुण हो गए थे। अपने आध्यात्मिक गुरु समर्थ श्री रामदास के संपर्क में आने से वह राष्ट्र प्रेमी, कर्तव्य परायण, वीर योद्धा बन गए थे। गोष्ठी में मुख्य रूप से आदित्य राघव,अनिल चौहान, मनोज कुमार, आबिद हुसैन सजल राघव आकांक्षा अनीता विनीता आदि स्टाफ सहित छात्र मौजूद रहे।

# मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने की यूरोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत

**मुरादाबाद।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज ने आज मैक्स मेडसेंटर, मुरादाबाद में समर्पित यूरोलॉजी, रोबोटिक सर्जरी और किडनी ट्रांसप्लांट ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इन सेवाओं का शुभारंभ मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज के यूरोलॉजी, रोबोटिक एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर - डॉ. पवन केसरवानी की उपस्थिति में किया गया। डॉ. पवन केसरवानी प्रत्येक माह के तीसरे गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मैक्स मेडसेंटर, मुरादाबाद में प्राथमिक परामर्श और फॉलो-अप के लिए उपलब्ध रहेंगे।

मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनके साथ डेडिकेटेड ऑनलाइन कंसल्टेशन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिससे दूर-दराज के मरीज भी विशेषज्ञ सलाह ले सकें। इस अवसर पर मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज के




यूरोलॉजी, रोबोटिक एवं किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के प्रिंसिपल डायरेक्टर - डॉ. पवन केसरवानी, ने बताया, "पुरुषों में सामान्य यूरोलॉजिकल समस्याएं मूत्र मार्ग और प्रजनन तंत्र को प्रभावित करती हैं।

इनमें बेनाइन प्रोस्टेटिक हाइपरप्लासिया (BPH), इरेक्टाइल डिसफंक्शन (ED), किडनी स्टोन, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन (UTI), प्रोस्टेट से जुड़ी समस्याएं जैसे प्रोस्टेटाइटिस और प्रोस्टेट कैंसर प्रमुख हैं।

नियमित यूरोलॉजिकल जांच और समय पर इंटरवेंशन पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है। इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत से अब यूरोलॉजिकल समस्याओं या किडनी ट्रांसप्लांट के बाद फॉलो-अप के लिए मरीजों को मेट्रो शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।" डॉ. पवन, ने आगे बताया, "पिछले कुछ वर्षों में रीनल रिप्लेसमेंट और ऑर्गन सपोर्ट के क्षेत्र में टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के कारण उल्लेखनीय प्रगति हुई है। रोबोट-असिस्टेड रीनल ट्रांसप्लांटेशन अब अत्यंत प्रभावी साबित हो रहा है, जिससे मरीजों को कम दर्द, छोटा चीरा, तेज रिकवरी और जल्दी हीलिंग का लाभ मिलता है।"

मुरादाबाद में इन ओपीडी सेवाओं की शुरुआत क्षेत्र के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सुपर-स्पेशलिटी हेल्थकेयर से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे मुरादाबाद और आसपास के जिलों के मरीजों को विशेषज्ञ परामर्श, एडवांस ट्रीटमेंट गाइडेंस और नियमित फॉलो-अप की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगी। यह पहल मैक्स हेल्थकेयर की उस प्रतिबद्धता को मजबूत करती है, जिसके तहत वह सुपर-स्पेशलिटी चिकित्सा सेवाओं को अधिक सुलभ, सुविधाजनक और पेशेंट-सेंट्रिक बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है।



Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# समिट में बदइंतजामी

दिल्ली में होने वाली एआई समिट में जिस तरह की बदइंतजामी देखने में आई, उसकी कल्पना शायद ही किसी भारतीय ने की हो। 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडप और सुषमा स्वराज भवन में होने वाले इंडिया एआई इंपेक्ट समिट 2026 जहां एआई तकनीक को लेकर चर्चाओं के लिए जाना जाता है, वहां यह अपनी बदइंतजामी के लिए याद किया जाएगा। कांग्रेस ने तो हमला भी बोल दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने साफ किया कि पीएम मोदी की प्रचार पाने की भूख इस एआई समिट पर अपने निशान छोड़ गई है और देश-विदेश में जग हंसाई का कारण बनी। देशी मीडिया में भी इस समिट की चर्चा कई वजहों से हो रही है। सम्मेलन के पहले ही दिन बदइंतजाम की खबरें मीडिया में चलने लगी। कितनी अजीब बात है कि वहां इंटरनेट नेटवर्क ही उपलब्ध नहीं था। एआई में सबसे बड़ी चीज यही थी। यही सम्मेलन की कमी बन गई। कहा तो यह भी जा रहा है कि पीएम मोदी की सम्मेलन में मौजूदगी ने भी वहां की व्यवस्था बिगाड़ने में भूमिका निभाई। पीएम मोदी वहां उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस दौरान हॉल खाली कराया गया, जिसमें एक स्टॉल से सामान चोरी होने का मामला भी सामने आया। उस समय तो हद ही हो गई, जब गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने चीन का एक रोबोट खरीदकर उसको अपना निर्माण बता दिया। जब चीन ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी और उसके दावे को गलत बताया, तब विवादों का बवंडर उठ गया और देश में शर्मिन्दगी का सबब बन गया। हालांकि बाद में यूनिवर्सिटी मुकर गई और कहा कि उसने कभी इस तरह का दावा नहीं किया। दुनिया की सबसे उन्नत तकनीक पर होने वाले सम्मेलन में भगदड़ और वहां बोला गया झूठ तकनीकी विकास के दावे आदि जितनी भी शर्मनाक लगे, लेकिन यह हमारे देश की ठोस सच्चाई है। जाहिर है, सम्मेलन में जिस तरह की अफरातफरी मची, उसने भारत की छवि को तो धक्का लगाया ही, साथ ही इससे यह संदेश भी गया कि हम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन नहीं करा सकते। एआई समिट के लिए सरकार ने अपनी तरफ से इसको सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी और जमकर प्रचार किया जा रहा है। जोकि स्वाभाविक भी है, क्योंकि इस तरह के सम्मेलन वैश्विक स्तर पर भी किसी देश का मान बढ़ाने वाले होते हैं और मेजबान देश को यह अवसर प्रदान करते हैं कि वह बड़े सम्मेलन कराने में पूरी तरह सक्षम हैं। जाहिर है इस तरह के सम्मेलनों पर पूरे विश्व की नजर होती है। इस लिहाज से अगर देखें, तो यह समिट भारत के लिए कोई विशेष उपलब्धि लेकर नहीं आया, बल्कि इसके उलट हंसी का कारण बनता दिखाई दे रहा है। पीएम मोदी पर यह आरोप विपक्ष बार-बार लगाता रहा है कि वह अपने आपको प्रचार के केंद्र में रखने का कोई मौका नहीं गंवाते। विपक्ष के ये आरोप पूरी तरह गलत भी नहीं कहे जा सकते।

## गोवंश की स्थिति पर योगी मौन



गाय को राज्य माता घोषित करने और गो-मांस निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध की उनकी मुख्य मांगों पर 20 दिन बीत जाने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया नहीं दी है, इन मांगों को लेकर दिया गया 40 दिनों का अल्टीमेटम आधा बीत चुका है, लेकिन सरकार की ओर से ठोस पहल दिखाई नहीं दी, गोवंश की स्थिति पर सरकार की ओर से अपेक्षित संवेदनशीलता नहीं दिखाई गई है, मुख्यमंत्री की गोरक्षा के मुद्दे पर चुप्पी और अन्य विषयों पर मुखरता को लेकर संत समाज में सवाल उठ रहे हैं, 40 दिनों की समय सीमा के 21वें दिन से आंदोलन एक नए चरण में प्रवेश कर चुका है, एक मार्च को लखनऊ कूच के संबंध में विस्तृत कार्यक्रम सार्वजनिक किया जाएगा।

**-अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, शंकराचार्य, ज्योतिर्मठ**

# कोई पीछे न छूटे: असमानताओं के दौर में सामाजिक न्याय की पुकार



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 20 फरवरी को सामाजिक न्याय का विश्व दिवस मनाया जाता है ताकि समाजों में समानता, समावेशन और न्याय की तत्काल आवश्यकता की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित किया जा सके। यह दिवस केवल एक औपचारिक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन नहीं है बल्कि मानव सभ्यता की उस मूल चेतना का स्मरण है, जिसके बिना न तो शांति संभव है और न ही टिकाऊ विकास। सामा. जिक न्याय का विचार इस विश्वास पर आधारित है कि किसी भी समाज की प्रगति का वास्तविक मूल्यांकन उसकी आर्थिक वृद्धि से नहीं बल्कि इस बात से किया जाना चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर, वंचित और हाशिए पर खड़े नागरिकों को कितना सुरक्षित, सम्मानजनक और समान अवसरों से युक्त जीवन प्रदान करता है।

इस दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी ताकि गरीबी, बेरोजगारी, सामाजिक बहिष्कार, असमानता और भेदभाव जैसी जटिल समस्याओं के समाधान के लिए वैश्विक स्तर पर साझा प्रतिबद्धता को मजबूती दी जा सके। संयुक्त राष्ट्र का यह स्पष्ट मानना रहा है कि जब तक समाज में सामाजिक और आर्थिक न्याय स्थापित नहीं होता, तब तक लोकतंत्र, मानवाधिकार और विकास अधूरे ही रहेंगे। इसी दृष्टि से सामाजिक न्याय का विश्व दिवस एक चेतावनी भी है और एक अवसर भी। चेतावनी इसलिए कि बढ़ती असमानताएं समाज को भीतर से खोखला कर रही हैं और अवसर इसलिए कि समय रहते ठोस नीतियों व सामूहिक प्रयासों से इस प्रवृत्ति को बदला जा सकता है।

वर्ष 2026 का सामाजिक न्याय का विश्व दिवस विशेष महत्व रखता है क्योंकि आज की दुनिया एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रही है, जहां वैश्वीकरण, तकनीकी प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक तनावों ने आर्थिक व सामाजिक संरचनाओं को तेजी से बदल दिया है। इन परिवर्तनों का लाभ जहां कुछ वर्गों को मिला है, वहीं बड़ी आबादी, विशेषकर गरीब, असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, महिलाएं, प्रवासी, दिव्यांगजन और अल्पसंख्यक समुदाय और अधिक असुरक्षित होते जा रहे है। ऐसे में सामाजिक न्याय का प्रश्न केवल नैतिक आदर्श नहीं बल्कि नीतिगत प्राथमिकता बन चुका है।

सामाजिक न्याय के विश्व दिवस 2026 का विषय समावेश को सशक्त बनाना सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना इसी यथार्थ को प्रतिबिंबित करता है। यह विषय इस बात पर जोर देता है कि असमानताओं को कम करने के लिए



केवल आर्थिक विकास पर्याप्त नहीं है बल्कि यह आवश्यक है कि विकास की प्रक्रिया में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित हो। समावेशन का अर्थ केवल योजनाओं का लाभ देना नहीं बल्कि निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया में हाशिए पर खड़े समुदायों की आवाज को स्थान देना है। जब तक नीतियां केवल केंद्रों में बैठकर बनाई जाएंगी और उनका प्रभाव जमीनी स्तर तक नहीं पहुंचेगा, तब तक सामाजिक न्याय एक अधूरा सपना ही बना रहेगा।

सामाजिक न्याय की अवधारणा मूल रूप से अवसरों, संसाधनों और अधिकारों के निष्पक्ष वितरण से जुड़ी हुई है। इसका अर्थ यह नहीं कि सभी को समान परिणाम मिलें बल्कि यह है कि सभी को समान अवसर प्राप्त हों। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास और कानूनी सुरक्षा तक समान पहुंच सामाजिक न्याय की बुनियाद है। जब किसी व्यक्ति का भविष्य उसकी जाति, लिंग, धर्म, जन्मस्थान या आर्थिक स्थिति से निर्धारित होने लगे, तब यह स्पष्ट हो जाता है कि समाज में न्याय का संतुलन बिगड़ चुका है। आज के वैश्विक परिदृश्य में असमानताओं की खाई लगातार चौड़ी हो रही है। एक ओर अत्यधिक संपन्न वर्ग है, जिसके पास संसाधनों और अवसरों की भरमार है, वहीं दूसरी ओर करोड़ों लोग ऐसे हैं, जो बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। बेरोजगारी, असुरक्षित रोजगार और कम वेतन ने विशेष रूप से युवाओं के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी कर दी हैं।

इसी संदर्भ में 'सम्मानजनक कार्य' की अवधारणा सामने आती है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन' द्वारा लगातार बढ़ावा दिया गया है। सम्मानजनक कार्य का अर्थ केवल नौकरी होना नहीं बल्कि ऐसी नौकरी होना है, जो सुरक्षित हो, उचित वेतन दे और मानवीय गरिमा को बनाए रखे। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस यह भी रेखांकित करता है कि सामाजिक सुरक्षा तंत्र किसी भी समाज की रीढ़ होते हैं। आर्थिक संकट, महामारी या प्राकृतिक आपदा के समय वही समाज अधिक टिकाऊ सिद्ध होते हैं, जिनके पास मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणालियां होती हैं। पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोजगारी सहायता और खाद्य सुरक्षा जैसी व्यवस्थाएं केवल कल्याणकारी योजनाएं नहीं बल्कि सामाजिक स्थिरता के आवश्यक उपकरण हैं। 2026 के संदर्भ में, जब दुनिया जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न जोखिमों से भी जूझ रही है, सामाजिक सुरक्षा का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारत के संदर्भ में सामाजिक न्याय का विचार केवल अंतर्राष्ट्रीय दायित्व नहीं बल्कि संवैधानिक मूल्य भी है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना सामाजिक, आर्थिक और राजनी. तिक न्याय की गारंटी देती है और यह स्पष्ट करती है कि स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी है, जब वह समानता और बंधुत्व के साथ जुड़ी हो। मौलिक अधिकार नागरिकों को भेदभाव और शोषण से सुरक्षा प्रदान करते हैं जबकि राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत सरकार को असमानताओं को कम करने और कल्याणकारी राज्य की दिशा में कार्य करने का मार्गदर्शन देते हैं। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने सामाजिक न्याय की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, चाहे वह आरक्षण नीति हो, सामाजिक कल्याण योजनाएं हों, शिक्षा और स्वास्थ्य में सार्वजनिक निवेश हो या हाल के वर्षों में कौशल विकास और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम। इन पहलों से करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है लेकिन यह भी सत्य है कि चुनौतियां अभी समाप्त नहीं हुई हैं। क्षेत्रीय असमानताएं, शहरी-ग्रामीण विभाजन, डिजिटल डिवाइड और लैंगिक असमानता आज भी गंभीर प्रश्न बने हुए हैं। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि क्या हम वास्तव में 'सबका साथ, सबका विकास' के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं? क्या हमारी विकास नीतियां अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंच पा रही हैं? क्या शिक्षा प्रणाली सभी बच्चों को समान अवसर दे रही है? क्या रोजगार के अवसर केवल कुछ शहरों और क्षेत्रों तक सीमित हैं या पूरे देश में संतुलित रूप से फैल रहे हैं? यह प्रश्न केवल सरकारों के लिए नहीं बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए आत्ममंथन का विषय हैं। इस दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना भी है। वैश्विक समस्याओं का समाधान किसी एक देश के प्रयासों से संभव नहीं है। गरीबी, प्रवासन, जलवायु परिवर्तन और श्रम असुरक्षा जैसी चुनौतियां सीमाओं से परे हैं। ऐसे में देशों के बीच नीति-साझाकरण, संसाधनों का सहयोग और अनुभवों का आदान-प्रदान सामा. जिक न्याय को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सामाजिक न्याय का विश्व दिवस 2026 इस सत्य को दोहराता है कि सच्ची प्रगति तभी संभव है, जब कोई भी पीछे न छूटे। 'समावेश को सशक्त बनानारू सामाजिक न्याय के लिए अंतर को पाटना' केवल एक नारा नहीं बल्कि सरकारों, संस्थानों, निजी क्षेत्र और नागरिक समाज के लिए एक नैतिक आह्वान है। सामाजिक न्याय कोई अमूर्त विचार नहीं रोजमर्रा के निर्णयों, नीतियों और व्यवहारों में प्रकट होने वाली जिम्मेदारी है। जब समाज यह स्वीकार करता है कि हर व्यक्ति समान गरिमा का अधिकारी है और जब शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य व सुरक्षा तक समान पहुंच सुनिश्चित की जाती है, तभी न्याय केवल कानून की किताबों में नहीं बल्कि लोगों के जीवन में उतरता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# तो क्या मशरूम भी करते हैं आपस में संवाद

**एक संभावना यह भी हो सकती है कि फफूंद कुछ भी न कहते हों बल्कि यह हो सकता है कि कवकजाल के सिरे विद्युत आवेशित होते हैं, इसलिए जब आवेशित सिरे इलेक्ट्रोड्स से संपर्क में आते होंगे तो विभवांतर में तीक्ष्ण वृद्धि हो जाती होगी। बहरहाल इन विद्युत संकेतों का कुछ भी मतलब हो, लेकिन ये बेतरतीब या रैंडम नहीं लगते। फिर भी इन संकेतों को भाषा के रूप में स्वीकार करने के लिए और अधिक प्रमाणों की जरूरत है।**

यहां-वहां उग रहे कुकुरमुत्तों (मशरूम) को देखकर ऐसा लगता है कि वे भी कहीं आपस में बात करते होंगे। लेकिन एक नए अध्ययन से पता चलता है कि वे बातूनी हो सकते हैं। मशरूम दरअसल एक प्रकार की फफूंद हैं। इनके द्वारा एक-दूसरे को भेजे जाने वाले विद्युत संकेतों के गणितीय विश्लेषण में ऐसे पैटर्न पहचाने गए हैं जो मानव भाषा से आश्चर्यजनक संरचनात्मक समानता दर्शाते हैं। पूर्व अध्ययनों में देखा गया था कि फफूंद अपनी लंबी, भूमिगत तंतुनुमा रचनाओं या हाइफे के माध्यम से विद्युत संकेतों का संचालन करते हैं। ठीक वैसे ही जैसे मनुष्यों में तंत्रिका कोशिकाएं सूचना प्रसारित करती हैं। यहां तक देखा गया है कि जब लकड़ी पचाने वाली फफूंद के कवकतंतु किसी लकड़ी के टुकड़े के संपर्क में आते हैं, तो इन संकेतों के प्रेषण की दर बढ़ जाती है।


इससे लगता है कि फफूंद इस विद्युत भाषा का उपयोग भोजन उपलब्ध होने या क्षति पहुंचने की जानकारी अपने अन्य हिस्सों के साथ या कवक तंतुओं के माध्यम से जुड़ी वनस्पतियों के साथ साझा करने के लिए करती हैं, लेकिन क्या ये विद्युत गतिविधियां मानव भाषा से कुछ समानता रखती हैं? यह जानने के लिए यूनिवर्सिटी ऑफ दी वेस्ट ऑफ इंग्लैंड के प्रोफेसर एंड्रयू एडमात्जकी ने फफूंद की चार प्रजातियों-एनोकी, स्प्लिट गिल, घोस्ट और कैटरपिलर फफूंद द्वारा बहुत कम समय के लिए उत्पन्न विद्युत आवेगों के पैटर्न का विश्लेषण किया।



रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में प्रकाशित नतीजों के अनुसार ये विद्युत आवेग अक्सर समूहों में होते हैं और ऐसा लगता है कि 50 शब्दों का ककहरा हो और इन कवक शब्दों की लंबाई मानव भाषा से काफी मेल खाती है। सड़ती-गलती लकड़ी पर पनपने वाली फफूंद स्प्लिट गिल उपरोक्त चार में से सबसे जटिल वाक्य बनाती हैं। इन विद्युत गतिविधियों का सबसे संभावित कारण फफूंद द्वारा अपने समूह को जोड़े रखना लगता है जैसे भेड़िए करते हैं। या यह भी हो सकता है कि इनकी भूमिका कवकजाल के अन्य हिस्सों को भोजन या खतरों के बारे में आगाह करने की है।

**( स्रोत फीचर्स )**

# एआई : जीवनसाथी या रचनात्मकता का शत्रु



रजनीश कपूर

आजकल कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। स्मार्टफोन से लेकर स्मार्ट होम तक, हर जगह एआई की छाप दिखाई देती है। इस सप्ताह नई दिल्ली में शुरू हुए अंतर्राष्ट्रीय एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन में विश्व के नेता और विशेषज्ञ इसी पर चर्चा कर रहे हैं। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एआई के वैश्विक प्रभावों को समझना और नीतियां बनाना है, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या हम एआई को अपनाते हुए अपनी स्वतंत्रता और रचनात्मकता को खो नहीं रहे? एआई ने सुविधाएं तो दी हैं, लेकिन साथ ही हमें इतना आश्रित बना दिया है कि बिना इसके सोचना भी मुश्किल हो गया है। सोचने वाली बात यह भी है कि कैसे एआई जीवन को सरल बना रहा है, लेकिन रचनात्मकता को नष्ट कर रहा है। एआई की निर्भरता अब दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई है। कल्पना कीजिए, सुबह उठते ही गूगल असिस्टेंट या सिरी आपको मौसम, ट्रैफिक और समाचार बता देता है। कार्यालय में ईमेल लिखने से लेकर डेटा विश्लेषण तक, चैटजीपीटी जैसे टूल्स सब कुछ तुरंत कर देते हैं। भारत में, जहां डिजिटल इंडिया अभियान ने 80 करोड़ से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता पैदा किए हैं, एआई आधारित ऐप्स जैसे उबर, जोमैटो, ब्लिंकिट आदि ने जीवन को अभूतपूर्व सरलता प्रदान की है। दिल्ली में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में अमेरिकी विशेषज्ञों ने बताया कि एआई ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में 15 ट्रिलियन डॉलर का योगदान दिया है, लेकिन यह निर्भरता खतरनाक साबित हो रही है।



एक सर्वे के अनुसार, 70 प्रतिशत युवा बिना एआई टूल्स के रिसर्च नहीं कर पाते। समस्या तब गंभीर हो जाती है जब बिजली चली जाए या इंटरनेट कनेक्टिविटी बाधित हो जाए तो लोग हतप्रभ रह जाते हैं। यह निर्भरता शिक्षा क्षेत्र में सबसे अधिक दिखाई दे रही है। छात्र अब निबंध लिखने के बजाय एआई से कॉपी-पेस्ट कर लेते हैं। कोटा के कोचिंग संस्थानों से लेकर आईआईटी तक, एआई टूल्स ने होमवर्क को आसान बना दिया, लेकिन समझ की गहराई कम कर दी। शिखर सम्मेलन के एक सत्र में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि एआई जनित सामग्री से छात्रों की आलोचनात्मक सोच 30 प्रतिशत घटी है। भारत में एनसीईआरटी ने एआई उपयोग पर दिशानिर्देश जारी किए हैं, लेकिन फिलहाल इसका अमल कमजोर है। परिणामस्वरूप, आने वाली पीढ़ी समस्या-समाधान के बजाय 'प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग' सीख रही है, यानी एआई को सही सवाल कैसे पूछें। यह निर्भरता मानसिक आलस्य को जन्म दे रही है, जहां स्वयं सोचने की क्षमता क्षीण हो रही है। एआई का सबसे घातक प्रभाव रचनात्मकता पर पड़ रहा है। पहले कलाकार, लेखक और संगीतकार अपनी कल्पना से कृतियां रचते थे। अब मिडजर्नी या डैल-ई जैसे टूल्स प्रॉम्प्ट पर चित्र बना देते हैं, वो भी सुंदरता भरे। लेकिन क्या यह रचनात्मकता है? शिखर सम्मेलन में भारतीय कलाकारों ने प्रदर्शन किया कि एआई जनित कला में आत्मा का अभाव है। यह डेटा पर आधारित नकल मात्र है। उदाहरणस्वरूप, बॉलीवुड में एआई स्क्रिप्ट राइटर आ रहे हैं, जो पुरानी फिल्मों के पैटर्न दोहराते हैं। नतीजा? नवीनता का लोप। एक अध्ययन बताता है कि एआई सहायता से बनी कहानियां 40 प्रतिशत कम मूल होती हैं। लेखन में भी यही समस्यादिखाई दी जाती है। एआई से उत्पन्न संपादकीय या कविताएं सतही लगती हैं, क्योंकि उनमें व्यक्तिगत अनुभव का पुट नहीं। रचनात्मकता नष्ट होने का एक कारण एआई की 'परफेक्शन' है। यह त्रुटिरहित उत्तर देता है, जिससे मानव प्रयास कमजोर लगने लगते हैं। कल्पना कीजिए एक चित्रकार को, वह घंटों ब्रश चलाता है, गलतियां सुधारता है और यही प्रक्रिया रचनात्मकता को परिपक्व बनाती है। परंतु एआई में यह संघर्ष नहीं होता। शिखर सम्मेलन के दौरान रिलीज हुई एक रिपोर्ट में कहा गया कि एआई ने वैश्विक पेटेंट आवेदनों में 25 प्रतिशत वृद्धि की, लेकिन अधिकांश 'इंक्रीमेंटल' हैं, यानी नई खोजें कम हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां स्टार्टअप संस्कृति फल-फूल रही है, एआई निर्भरता नवाचार को कुचल सकती है। उदाहरण के तौर पर, फिनटेक क्षेत्र में एआई एल्गोरिदम ऋण स्वीकृति करते हैं, लेकिन सृजनात्मक समाधान गायब हैं। इसके अलावा, एआई नैतिक दुविधाओं को भी जन्म दे रहा है। डीपफेक वीडियो से राजनीतिक हेरफेर भी हो रहे हैं। 2024 के अमेरिकी चुनावों में एआई ने काफी अफवाहें फैलाईं। इसे देखते हुए भारत में भी आगामी चुनावों से पहले सतर्कता बरतना सार्थक बन जाता है। शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने एआई के 'जिम्मेदार उपयोग' पर जोर दिया, लेकिन निर्भरता रोकने के उपाय कम चर्चित हुए। क्या हम एआई को मास्टर बना लेंगे? एआई की निर्भरता का एक नमूना आज हर घर में दिखाई देता है। बच्चे आजकल हर जरूरत का सामान ऑनलाइन मंगवा लेते हैं। दुकान पर जाए बिना, किसी वस्तु की गुणवत्ता व मोल-भाव का युग अब बहुत कम दिखाई देता है। मुझे याद है हमारे बचपन में हमें बाजार भेजा जाता था और किसी भी वस्तु को खरीदने के बाद सही हिसाब से बच्चे हुए पैसे वापिस लेने में जो संतोष मिलता था उसका अपना ही आनंद था। परंतु आजकल के बच्चों में यह दिखाई नहीं देता। ऐसे में इसका समाधान क्या है? सबसे पहले, शिक्षा में एआई को सहायक न मानकर चुनौती बनाएं। स्कूलों में 'एआई-मुक्त' घंटे रखें, जहां बच्चे स्वयं रचें। दूसरा, नीतियां बनाएंय जैसे यूरोप का जीडीपीआर, जो एआई पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। भारत को शिखर सम्मेलन से प्रेरणा लेनी चाहिए और 'एआई साक्षरता' अभियान चलाना चाहिए। तीसरा, रचनाकारों को प्रोत्साहित करें, उन्हें सरकारी अनुदान दें जो एआई-रहित कला को बढ़ावा दें। व्यक्तिगत स्तर पर, हमें 'डिजिटल डिटॉक्स' को भी अपनाना होगा। एआई जीवन का हिस्सा बने रहना चाहिए, लेकिन इस पर निर्भरता और रचनात्मक विनाश को रोकना होगा। रचनात्मकता मानव का मूल गुण है, इसे बचाना हमारा कर्तव्य है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# गाजा में अपना कंट्रोल बढ़ा रहा हमास

**पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं: दियाब**

**गाजा।** अक्टूबर में अमेरिका की पहल पर लागू हुए सीजफायर के बाद गाजा में हमास ने अंदरूनी मोर्चे पर अपनी पकड़ फिर मजबूत कर ली है। बीबीसी की रिपोर्ट के मुता. बिक, गाजा के एक कार्यकर्ता मोहम्मद दियाब ने कहा कि हमास ने उन क्षेत्रों के 90 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां वह मौजूद है। दियाब ने कहा कि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सड़कों पर लौट आई हैं।

वे अपराध रोकने और जिन लोगों को सहयोगी या विरोधी मानते हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का 'बोर्ड ऑफ पीस' गुरुवार को वाशिंगटन में अपनी पहली बैठक करेगा। इसमें करीब 60 देशों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में गाजा पटी के लिए ट्रम्प की शांति योजना पर रिपोर्ट पेश की जाएगी। हालांकि, टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक, पीस बोर्ड के शुरुआती दस्तावेज में गाजा का ही स्पष्ट जिक्र नहीं है। ट्रम्प ने कहा कि बोर्ड का मिशन गाजा से कहीं आगे, पूरी दुनिया में शांति लाना है। कई यूरा. 'पीय देशों ने इसे ट्रम्प का पर्सनल प्रोजेक्ट बताया और इसमें शामिल होने से इन्कार कर दिया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 22 जनवरी को स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के दौरान बोर्ड ऑफ पीस चार्टर की घोषणा करते हुए। चार्टर के अनुसार, डोनाल्ड ट्रम्प को इनागुरल चेयरमैन (प्रथम अध्यक्ष) नामित किया गया है, और यह पद लाइफटाइम उनके द्वारा चुने गए उत्तराधिकारी तक रह सकता है।

# मैक्रों का एआई को जिम्मेदार बनाने पर बल

## वैश्विक नियम-कायदे बनाने पर जोर, फ्रांस के राष्ट्रपति ने भारत के साथ सहयोग के विस्तार की इच्छा जताई



**एआई को इंसानी तरक्की के लिए एक बदलाव लाने वाली ताकत के तौर पर लिया जाना चाहिए: मैक्रों**

**नई दिल्ली।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को वैश्विक कृत्रिम बुद्धिमत्ता दौड़ में डिजिटल सार्वजनिक मूलभूत ढांचों पर आधारित पहचान-पत्रा, जनधन खातों, स्वास्थ्य कार्ड और यूपीआई जैसी सुलभ डिजिटल भुगतान सुविधाओं का संदर्भ देते हुए प्रौद्योगिकी को जन-जन के लिए सुलभ बनाने के क्षेत्रा में भारत की तारीफ की तथा एआई जैसी प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक नियम-कायदे बनाने पर जोर दिया।

मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में गुरुवार को यहां भारत एआई इम्पैक्ट समिट एवं प्रदर्शनी-2026 में हिस्सा लेते हुए कहा कि एआई को नवाचार और रफ्तार के साथ साथ जिम्मेदार बनाने के लिए फ्रांस, यूरोप और भारत को मिल कर चलना चाहिए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में आयोजित एआई सम्मेलन में एआई को विश्व समाज को मजबूत करने का माध्यम बनाने के लिए भारत और फ्रांस की साझा पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि एक साल में ही इसका असर दिखा है। उन्होंने फ्रांस में 15 साल तक के बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखने की अपनी सरकार की पहल को 'सभ्यता से जुड़ा विषय' बताया। उन्होंने एआई को नागरिकों पर केंद्रित बनाने के लिए सरकारों और कंपनियों के बीच मजबूत भागीदारी पर बल दिया। मुंबई से हो कर दिल्ली पहुंच फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने अपने भाषण की शुरुआत मुंबई के रेहड़ी-पटरीवाले की कहानी से शुरू की जो दस साल पहले बैंक खाता नहीं खोल पा रहा था क्योंकि उसके पास कोई पहचान या औपचारिक पता नहीं था। आज उसका खाता है और वह बैंक खाते के जरिए देश भार के अपने ग्राहकों से निश्चित रूप से डिजिटल भुगतान प्राप्त करता है। इसके माध्यम से उन्होंने भारत में 1-4 अरब लोगों की डिजिटल पहचान प्रणाली खड़ी करने और उससे नागरिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उत्पन्न सुविधाओं के विस्तार का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे लोगों का दैनिक जीवन बदल गया है। उन्होंने भारत को एक 'सभ्यतागत शक्ति' बताते हुए कहा कि भविष्य उन देशों का होगा जो 'नवाचार को जम्मिेदारी के साथ, प्रौद्योगिकी को इंसानियत के साथ' जोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 1.4 अरब लोगों को डिजिटल अर्थव्यवस्था में जोड़कर कर वह कर दिखाया है जिसे दुनिया कभी नामुमकिन कहती थी। उन्होंने कहा कि भारत अब भुगतान की एक ऐसी बुनियादी सुविधा का संचालन करता है जो 'हर महीने 20 अरब लेन-देन' का काम संभाती है और देश में '50 करोड़ डिजिटल हेल्थ कार्ड' जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि इसे इंडिया स्टैक-ओपन इंटरऑपरेबल सॉवरेन (सार्वजनिक अवसंरचनात्क प्रणाली) कहते हैं और इंडिया एआई इम्पैक्ट सम्मेलन इसी बारे में है। फ्रांसिसी राष्ट्रपति ने कहा कि एआई को इंसानी तरक्की के लिए एक बदलाव लाने वाली ताकत के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने पिछले साल पेरिस में भारत और फ्रांस के सहयोग से आयोजित एआई एक्शन समिट का जिक्र करते हुए उस सम्मेलन को प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक नियम तय करने में एक अहम मोड़ बताया। उन्होंने कहा कि पेरिस एआई सम्मेलन में हमने उन टेक्नोलॉजी के लिए एक वैश्विक मार्गदर्शक सिद्धांत तय किया था जो हमारे समाज और हमारी अर्थव्यवस्था को बदल देंगें।

# अमेरिका से समझौता करने में ही है ईरान की भलाई: कैरोलिन

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का किसी भी देश के साथ समझौता करने के लिए पहला विकल्प कूटनीति होता, इसलिए ईरान को अमेरिका के साथ नए समझौते पर बातचीत करना चाहिए। यह बात व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने गुरुवार (भारतीय समय के अनुसार) कही। उन्होंने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ट्रम्प हमेशा बहुत स्पष्ट रहे हैं। ईरान या दुनिया के किसी भी देश के मामले में कूटनीति हमेशा उनका पहला विकल्प होता है और ईरान के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प और इस प्रशासन (अमेरिकी प्रशासन) के साथ समझौता करना बहुत समझदारी भरा कदम होगा। सुलेविट ने यह टिप्पणी ऐसे में की है, जब जब जिनेवा में अमेरिका-ईरान के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता फिर से शुरू हुई है।

# ईरान पर इसी हफ्ते हमला करेगा अमेरिका!

## रिपोर्ट में दावा: 2003 के बाद सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात, कई हफ्ते चलेगा मिलिट्री ऑपरेशन



**ईरान-रूस ने ओमान और उत्तरी हिंद महासागर में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास करने का ऐलान किया**

**वाशिंगटन/तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बहुत तेजी से बढ़ रहा है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक इस हफ्ते अमेरिका ईरान पर हमला कर सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इसे अंतिम मंजूरी मिलना बाकी है। मिडिल ईस्ट में अमेरिका ने 2003 के इराक युद्ध के बाद अपनी सबसे बड़ी एयर फोर्स तैनात की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 जैसे एडवांस्ड फाइटर जेट्स की कई स्क्वाड्रन तैनात की हैं। बड़े पैमाने पर एयर ऑपरेशन के लिए जरूरी कमांड एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट भी भेजे जा रहे हैं। हाल के हफ्तों में एयर डिफेंस सिस्टम भी इलाके में लगाए गए हैं अमेरिकी न्यूज एजेंसी एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक, अगर अमेरिका सैन्य कार्रवाई करता है तो यह कई हफ्तों तक चलने वाला बड़ा ऑपरेशन होगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ऑपरेशन पिछले महीने वेनेजुएला में हुई सीमित कार्रवाई से कहीं बड़ा होगा और संभव है कि इसे इजरायल के साथ मिलकर अंजाम दिया जाए। इसका निशाना ईरान का परमाणु और मिसाइल ढांचा हो सकता है। इजरायल की सैन्य खुफिया एजेंसी के पूर्व अधिकारी आमोस यादलिन ने कहा कि टकराव अब पहले से कहीं ज्यादा करीब है। हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं, लेकिन एक महाशक्ति कुछ ही दिनों में युद्ध शुरू नहीं करती। कूटनीतिक रास्ता अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। यादलिन ने यह भी कहा कि कई लोग हमले के खिलाफ हैं और पेंटागन भी पूरी तरह साफ नहीं है कि वह इस कार्रवाई से क्या हासिल करना चाहता है, लेकिन राष्ट्रपति काफी दृढ़ नजर आ रहे हैं। ट्रम्प का 'सभी आप्शन खुले हैं' वाला बयान असली सैन्य तैयारी के बारे में बताता है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने और टकराव टालने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। मंगलवार को ट्रम्प के सलाहकार जेरेड कुशनर और स्टीव विटकाफ ने जिनेवा में ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से करीब तीन घंटे तक बातचीत की। दोनों पक्षों ने कहा कि बातचीत में कुछ डेवलपमेंट हुआ है, लेकिन अमेरिकी अधिकारी अब भी कुछ बड़े मुद्दों पर सहमति बनने को लेकर डाउट में हैं। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि कुछ मामलों में बातचीत अच्छी रही, लेकिन कई मुद्दों पर राष्ट्रपति ने जो रेड लाइन तय की हैं, उन्हें ईरान मानने को तैयार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति समझौता चाहते हैं, लेकिन यह भी संभव है कि कूटनीति अपनी अंतिम सीमा तक पहुंच चुकी हो। रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य-पूर्व में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी काफी बड़ी हो चुकी है। दो एयरक्राफ्ट कैरियर, करीब एक दर्जन युद्धपोत, सैकड़ों फाइटर जेट और कई एयर डिफेंस सिस्टम तैनात किए गए हैं और और भी सैन्य उपकरण भेजे जा रहे हैं। ओपन-सोर्स ट्रैकिंग के मुताबिक 150 से ज्यादा कार्गो उड़ानें हथियार और गोला-बारूद लेकर क्षेत्र में पहुंची हैं। साथ ही 50 से ज्यादा फाइटर जेट, जिनमें एफ-35, एफ-22, एफ-15 और एफ-16 शामिल हैं, मिडिल ईस्ट की ओर भेजे गए हैं। ट्रम्प के एक एक एडवाइजर ने कहा कि कुछ लोग राष्ट्रपति को ईरान से युद्ध न करने की सलाह दे रहे हैं, लेकिन उन्हें लगता है कि आने वाले कुछ हफ्तों में सैन्य कार्रवाई की संभावना 90 प्रतिशत है। इजरायल के दो अधिकारियों ने भी कहा कि देश 'कुछ ही दिनों में' युद्ध की स्थिति के लिए तैयारी कर रहा है और ऐसी कार्रवाई की वकालत कर रहा है जो ईरान की सत्ता को चुनौती दे सके। रिपोर्ट में याद दिलाया गया कि जून 2025 में ईरानी मिसाइलों से 32 लोगों की मौत हुई थी और 3000 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। लिकुड पार्टी के सांसद बोआज बिस्मुथ ने कहा कि इजरायल का कोई भी नागरिक ऐसा नहीं है जो दिन में कई बार यह न सोचता हो कि ईरान के साथ संघर्ष कब होगा।


### ईरानी अधिकारियों समेत उद्योग जगत के दिग्गजों पर लगाया वीजा प्रतिबंध

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को नए वीजा प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसमें उन ईरानी अधिकारियों और नेताओं को निशाना बनाया गया है जिन पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान ईरानी लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाने का आरोप है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह कार्रवाई दिसम्बर 2025 और जनवरी 2026 में व्यापक विरोध प्रदर्शनों पर ईरानी शासन की हिंसक कार्रवाई के जवाब में की गई है। अमे. रिकी अधिकारियों ने कहा कि ईरानी अधिकारियों ने हजारों शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ बल प्रयोग किया और लगभग पूरे देश में इंटरनेट को बंद कर दिया। इससे स्वतंत्र रिपोर्टिंग सीमित हो गई और नागरिक बाहरी दुनिया से अलग-थलग पड़ गए। 'इमिग्रेशन एंड नेशनलिटी एक्ट' की धारा 212 के तहत लगाए गए वीजा प्रतिबंध आदेश पर अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने हस्ताक्षर किए। ये उपाय ईरानी शासन के 18 अधिकारियों और दूरसंचार उद्योग के दिग्गजों के साथ-साथ उनके परिवार के करीबी सदस्यों पर लागू हैं।

# धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता एआई का भविष्य: गुटेरेस

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गुरुवार को कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर सबका अधिकार होना चाहिए और इसका भविष्य कुछ गिनती के देशों या धनाढ्यों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता है। गुटेरेस ने यहां भारत मंडपम में इंडिया एआई समिट 2026 के चौथे दिन विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों, प्रौद्योगिकी कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों, विशेषज्ञों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और अन्य अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक दक्षिण में एआई शिखर सम्मेलन का पहली बार आयोजन विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि एआई का भविष्य कुछ गिने-चुने देशों द्वारा तय नहीं किया जा सकता, और न ही इसे कुछ अरबपतियों की इच्छाओं पर छोड़ा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 'एआई का लाभ सभी को मिलना चाहिए' और यदि इसे सही ढंग से किया जाए तो यह सतत विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में सहायक हो सकता है, अन्यथा यह असमानता को और बढ़ा सकता है। एक तरफ यह चिकित्सा में महत्वपूर्ण प्रगति को तेज कर सकता है, शिक्षा के अवसरों का विस्तार कर सकता है, खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ कर सकता है, जलवायु कार्रवाई और आपदा तैयारी को मजबूत कर सकता है।

# इमरान की रिहाई के लिए यूथ फोर्स बनी



**खैबर में अटक ब्रिज पर समर्थकों ने कब्जा किया पाक के आर्मी चीफ ने पांच हजार फौजी भेजे**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पाकिस्तान में हालात बेकाबू हो रहे हैं। इमरान की पार्टी पाक तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के हजारों समर्थकों ने खैबर सूबे में सामरिक और रणनी. तिक रूप से अहम अटक ब्रिज पर बुधवार को कब्जा जमा लिया है।

ब्रिज के दोनों ओर इमरान समर्थकों के जमावड़े के कारण वाहन अटके हुए हैं। पीटीआई के तेवरों को देखते हुए पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने इस्लामाबाद, पेशावर व रावलपिंडी कैंट से लगभग 5 हजार फौजी रवाना किए हैं। उधर, खैबर के मुख्यमंत्री सुहैल अफरीदी ने रिहाई के लिए युवाओं की इमरान रिलीज फोर्स बनाने का ऐलान किया है। इमरान के समर्थन में तहाफुज पार्टी (टीटीपी) ने भी इस्लामाबाद कूच का ऐलान किया है। इमरान समर्थकों के अटक ब्रिज पर कब्जे से खैबर सूबा से पाक से कट गया है। इससे पाकिस्तान में अफरा-तफरी मच गई है। आनन फानन में आर्मी चीफ को फौज भेजने का फैसला लेना पड़ा। पूर्व पीएम इमरान खान अगस्त, 2023 से इस्लामाबाद की अडियाला जेल में बंद हैं। अभी वे तोशाखाना भ्रष्टाचार केस में 14 साल की जेल काट रहे हैं। इमरान की पत्नी बुशरा बीबी भी अडियाला जेल में सजा काट रही है। इमरान के खिलाफ लगभग एक सौ से अधिक मामले दर्ज हैं। इसमें से लगभग एक दर्जन मामले लोअर-हाईकोर्ट में कोर्ट में चल रहे हैं। इमरान को जेल में रखने में आर्मी चीफ मुनीर की बड़ी भूमिका है। पीएम रहते हुए इमरान ने मुनीर को खुफिया एजेंसी आईएसआई चीफ के पद से हटाया था। जानकारों के अनुसार इमरान की जेल पर भले ही मुनीर का ताला हो, पर इसकी चाबी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पास है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फ्री इमरान मूवमेंट के बाद भी ट्रम्प मुनीर पर रिहाई का दबाव डालने के मूड में नहीं हैं।



नई दिल्ली। एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान भारत मंडपम के पास इंद्रप्रस्थ रोड पर जाम में फंसे वाहन।

### ईडी ने फेमा उल्लंघन के तहत 590 करोड़ रुपये के अकाउंट व डिपॉजिट जब्त किए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 की धारा 37ए के तहत विजो प्राइवेट लिमिटेड और उसकी सहायक कंपनियों के 590 करोड़ रुपये के बैंक खाते, फिक्स्ड डिपॉजिट, म्यूचुअल फंड और बॉड जब्त कर लिए हैं। यह कार्रवाई विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून (फेमा) की धारा 4 के उल्लंघन के मद्देनजर की गई है। ईडी के बेंगलुरु कार्यालय ने कहा कि विजो रियल मनी गेम्स (आरएमजी)/ऑनलाइन जुआ के कारोबार में लगी हुई है।

# रिजिजू ने निगरानी एप का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रधानमंत्री विकास योजना (पीएमजेवीके) के तहत निगरानी ऐप का शुभारंभ किया जो देश भर में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में योगदान देता है। रिजिजू ने बिहार के राजगीर स्थित नालंदा विश्व. विद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय 'चिंतन शिविर' में आज पीएमजेवीके योजना के तहत निगरानी ऐप का शुभारंभ किया, जो भारत भर में बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने में योगदान देता है। उन्होंने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के हज रिस्ट बैंड और एआई चैटबॉट का भी शुभारंभ किया। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय में चितन शिविर के आयोजन के लिए मंत्रालय की टीम की सराहना की।

# तारिक रहमान पर चुनाव में गड़बड़ी का आरोप

## विपक्ष बोला: वो इलेक्शन में हेरफेर करने वाले इंजीनियर, बीएनपी ने 20 साल बाद चुनाव जीता



**कई लोगों ने एआई से बनी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें तारिक रहमान को इंजीनियर का हेलमेट पहने दिखाया गया**

**ढाका।** बांग्लादेश में विपक्षी दलों ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान पर चुनाव में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि तारिक रहमान चुनाव नतीजों में हेरफेर करने वाले इंजीनियर हैं। विपक्ष का आरोप है कि चुनाव में 'इंजीनियरिंग' यानी हेरफेर की गई और इसी वजह से बीएनपी को 200 से ज्यादा सीटें मिलीं।

बांग्लादेश में करीब 20 साल बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने आम चुनाव में बड़ी जीत हासिल की। जमात ए इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन और उसकी सहयोगी पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) ने आरोप लगाया है कि कई सीटों पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई। एनसीपी नेता नसीरुद्दीन पटवारी ने सबसे पहले फेसबुक पर तारिक रहमान को 'इंजीनियर' कहा। उनका पोस्ट लाखों लोगों तक पहुंचा और इसके बाद सोशल मीडिया पर मीम्स और मजाक की बाढ़ आ गई। कई लोगों ने एआई से बनी तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें तारिक रहमान को इंजी. नियर की हेलमेट पहने दिखाया गया। कुछ लोगों ने तंज कसते हुए लिखा कि 'लंदन से इंजीनियर पास', क्योंकि तारिक रहमान 17 साल तक लंदन में निर्वासन में रहे थे। एक अन्य पोस्ट में लिखा गया कि शबिना पढ़ाई के इंजीनियर बन गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अपने हलफनामे में तारिक रहमान ने अपनी शैक्षणिक योग्यता 'हायर सेकेंडरी' यानी 12वीं तक बताई है। तारिक रहमान ने 17 फरवरी को पीएम पद की शपथ ली। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बना। एनसीपी नेता आसिफ महमूद ने दावा किया कि उनके पास नतीजों से छेड़छाड़ के सबूत हैं। उनका कहना था कि कुछ जगहों पर वोटों की गिनती पूरी होने से पहले ही विजेता घोषित कर दिए गए और आंकड़ों में बदलाव किया गया। जमात प्रमुख शफीकुर रहमान ने भी कहा कि वोटिंग तो ठीक हुई, लेकिन गिनती के दौरान गड़बड़ी हुई। उन्होंने 32 सीटों को लेकर चुनाव आयोग में औपचारिक शिकायत भी दर्ज कराई है। 14 फरवरी को प्रेस कान्फ्रेंस में जब तारिक रहमान से पूछा गया कि क्या उन्होंने चुनाव जीतने के लिए 'इंजीनियरिंग' की, तो उन्होंने शांत लहजे में जवाब दिया कि उनकी शइंजीनियरिंगश सिर्फ इतनी थी कि उन्होंने लोगों को अपने पक्ष में वोट देने के लिए मनाया।

# अमेरिकी होटल चेन हयात के चेयरमैन का इस्तीफा

## एपस्टीन फाइल्स: 2008 से यौन अपराधी के संपर्क में थे, अब तक 10 देशों में लोगों ने पद छोड़े



**2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था**

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के साथ संबंधों का खुलासा होने के बाद दुनियाभर में इस्तीफों का दौर जारी है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी होटल चेन हयात होटल्स के कार्यकारी अध्यक्ष अरबपति थामस प्रित्जकर का है। वे इस पद पर 1999 से थे।

अमेरिकी न्याय विभाग की फाइल से पता चला है कि 2008 से एपस्टीन और प्रित्जकर लगातार संपर्क में थे। 2018 में एपस्टीन ने प्रित्जकर से अपनी प्रेमिका की दक्षिण-पूर्व एशिया यात्रा की व्यवस्था में मदद का अनुरोध किया था। 2015 का एक अन्य ईमेल बताता है कि एपस्टीन ने दुबई में निवेश बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड के सीईओ बिन सुलेयम और प्रित्जकर को जोड़ने की कोशिश की थी। उसने सुलेयम और जेस स्टेली के बीच कारोबारी संबंध बढ़ाने की भी को. शिश की, जो उस समय जेपी मारर्गन चेस एंड कंपनी में वरिष्ठ कार्यकारी थे। थामस जे. प्रित्जकर, परिवार के 13 अरबपति होटल उत्तराधिकारियों में दूसरे सबसे धनी हैं। संपत्ति 6.2 अरब डालर है। 1999 से हयात के अध्यक्ष और 1999 से 2006 तक सीईओ रहे। जेफ्री एपस्टीन न्यूयार्क का करोड़पति फाइनेंसर था। उसकी बड़े नेताओं और सेलिब्रिटीज से दोस्ती थी। उस पर 2005 में नाबालिग लड़की के साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगा। 2008 में उसे नाबालिग से सेक्स की मांग करने का दोषी ठहराया गया। उसे 13 महीने की जेल हुई। 2019 में जेफ्री को सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार किया गया। लेकिन मुकदमे से पहले ही उसने जेल में आत्महत्या कर ली। उसकी पार्टनर घिसलीन मैक्सवेल को 2021 में उसकी मदद करने के आरोपों में दोषी करार दिया गया। वह 20 साल की सजा काट रही है। इसकी शुरुआत 2005 में तब हुई जब फ्लोरिडा में एक 14 साल की लड़की की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसमें कहा गया कि एपस्टीन के आलीशान घर में उसकी बेटी को 'मसाज' के बहाने बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद उस पर सेक्स का दबाव डाला गया।

# फिल्टर बंद होते ही चीनी कंटेंट क्रिएटर की असलियत सामने आई

**घटना के बाद उनके करीब 1.4 लाख फालोअर्स कम हो गए**

**बीजिंग।** चीन की एक कंटेंट क्रिएटर का लाइव सेशन उस समय चर्चा में आ गया, जब उनके चेहरे पर लगा ब्यूटी फिल्टर अचानक बंद हो गया। कुछ सेकंड के लिए दर्शकों को उनका बिना फिल्टर वाला चेहरा दिखाई दिया। इस घटना के क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं। इसके बाद डिजिटल ब्यूटी स्टैंडर्ड और आनलाइन परफार्मेंस के दबाव को लेकर बहस तेज हो गई है।

वीडियो में दिखता है कि क्रिएटर सामान्य तरीके से लाइव सेशन होस्ट कर रही थीं। तभी अचानक फिल्टर हट गया। पहले जो चेहरा स्मूद, पोरिर्सलेन जैसा और हल्के रंग का दिख रहा था, वह प्राख्रतिक टेक्सचर और सामान्य रंगत के साथ नजर आया। फिल्टर हटते ही उनकी आंखें छोटी और जालाइन कम शार्प दिखी। चेहरा पहले दिख रहे डाल जैसे लुक की बजाय आम लोगों जैसा नजर आने लगा। हालांकि यह बदलाव कुछ सेकंड का ही था। कुछ ही क्षण बाद फिल्टर फिर से एक्टिव हो गया। आंखें फिर बड़ी दिखने लगीं, चेहरे की शेप ज्यादा शार्प हो गई और त्वचा पहले जैसी साफ और चमकदार दिखने लगी। इस दौरान क्रिएटर ने कोई घबराहट नहीं दिखाई। उन्होंने बाल ठीक किए, कैमरे की ओर मुस्कुराई और ऐसे ही लाइव जारी रखा, जैसे कुछ हुआ ही न हो। सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल पोस्ट्स में दावा किया जा रहा है कि इस घटना के बाद उनके करीब 1.4 लाख फालोअर्स कम हो गए। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है, जब चीन में लाइव स्ट्रीमिंग इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है। कई क्रिएटर डायिन जैसे प्लेटफार्म पर घंटों तक लाइव रहते हैं।

